हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • सोमवार • 23.02.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 209 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## 'मन की बात' : प्रधानमंत्री ने अंगदान करने वाली 10 माह की बच्ची आलिन को सराहा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में केरल की 10 महीने की बच्ची आलिन शेरिन अब्राहम के अंगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इतने छोटे जीवन के बाद भी उसने अनेक लोगों को जीवन देने का मार्ग दिखाया है। आलिन के माता पिता अरुण अब्राहम और शेरिन ने अपनी बेटी के अंगदान का फैसला लेकर पूरे देश को प्रेरित किया है। आलिन अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उसका नाम देश के सबसे कम उम्र के अंगदाताओं में शामिल हो गया है। अंगदान से अनेक लोगों को नया जीवन मिल रहा है और इससे चिकित्सा अनुसंधान को भी नई दिशा मिल रही है। प्रधानमंत्री ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 131वें प्रसारण में कहा कि देश अब गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलकर अपने महान व्यक्तित्वों को उचित सम्मान दे रहा है। उन्होंने कहा कि 23 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में राजाजी उत्सव मनाया जाएगा और इस अवसर पर स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। उन्होंने कहा



कि पहले राष्ट्रपति भवन में ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा लगी थी, लेकिन अब उसकी जगह राजगोपालाचारी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। राजगोपालाचारी ने सत्ता को सेवा का माध्यम माना और उनका जीवन आज भी देशवासियों को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यह कदम देश की विरासत को सम्मान देने का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान और होली के त्योहारों का उल्लेख करते हुए देशवासियों से स्वदेशी अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब आप खुशी के ये त्योहार मनाएं तो स्थानीय वस्तुओं को अपनाने का मंत्र जरूर याद रखें। उन्होंने कहा कि आज हमारे त्योहारों में अनेक विदेशी वस्तुएं शामिल हो गई हैं, जिन्हें त्योहारों से दूर रखना चाहिए। स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात देश और देशवासियों की उपलब्धियों को सामने लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन पर कहा कि इसमें विश्व के अनेक देशों के नेता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, नवाचार से जुड़े विशेषज्ञ और नव उद्यमी शामिल हुए। यह सम्मेलन दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के भविष्य को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण आयोजन साबित हुआ है।

## निकाय चुनाव आज, हर बूथ पर पांच सदस्यीय टीम तैनात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में 23 फरवरी को होने वाले निकाय चुनाव को लेकर हर बूथ पर व्यवस्थाएं तय कर दी गई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक पीठासीन पदाधिकारी के साथ चार मतदान अधिकारी तैनात रहेंगे। सभी की जिम्मेदारियां अलग-अलग निर्धारित की गई हैं। बूथ में प्रवेश करते ही सबसे पहले मतदाता प्रथम मतदान अधिकारी के पास जाएगा। यह अधिकारी मतदाता सूची की चिह्नित प्रति का प्रभारी होगा और पहचान की पुष्टि करेगा। यदि किसी मतदाता की उंगली पर पहले से अमिट स्याही लगी पाई गई या स्याही मिटाने की कोशिश दिखी, तो उसे मतदान की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके



बाद द्वितीय मतदान अधिकारी मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी की जांच करेगा। संतुष्ट होने पर नाखून के ऊपर अमिट स्याही इस तरह लगाई जाएगी कि उसका स्पष्ट निशान रहे। स्याही सूखने तक इंतजार कराया जाएगा। अमिट स्याही लगने के बाद मतदाता तृतीय मतदान अधिकारी के पास जाएगा। यह अधिकारी वार्ड पार्षद चुनाव के बैलेट पेपर का प्रभारी होगा। वह मतदाता का हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लेकर बैलेट जारी करेगा और क्रमांक दर्ज करेगा। इसके बाद मतदाता गुलाबी पर्ची के साथ चतुर्थ मतदान अधिकारी के पास जाएगा। यह अधिकारी महापौर या अध्यक्ष पद के लिए बैलेट पेपर देगा। यहां भी हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लिया जाएगा। पूरी प्रक्रिया की निगरानी पीठासीन पदाधिकारी करेंगे। वे मतदान केंद्र के समग्र प्रभारी होंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदान शांतिपूर्ण और नियमों के अनुसार संपन्न हो। राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक चरण में पारदर्शिता और नियमों का सख्ती से पालन किया जाएगा, ताकि निकाय चुनाव निष्पक्ष ढंग से पूरे हो सकें। नगर निगम चुनाव को लेकर रांची जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसी क्रम में रविवार को मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम स्थित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों को उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। इससे पहले जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने डिस्पैच सेंटर पहुंचकर संपूर्ण व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन सामग्री वितरण काउंटर, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन प्रबंधन, सहायता केंद्र, चिकित्सा सहायता काउंटर तथा नियंत्रण कक्ष का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु से लश्कर के आठ संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश में पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की बड़ी साजिश को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नाकाम कर दिया है। करीब 9 दिन गुपचुप तरीके से चले ऑपरेशन के बाद स्पेशल सेल ने लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े बड़े मॉड्यूल का खुलासा करने का दावा किया है। टीम ने कोलकाता और तमिलनाडु में छापेमारी कर 7 बांग्लादेशी समेत कुल 8 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया। तमिलनाडु में गिरफ्तार संदिग्ध आतंकियों को लेकर पुलिस टीम दिल्ली के लिए रवाना हो गई है जिसके सोमवार को पहुंचने की उम्मीद है। दावा किया गया है कि बांग्लादेश में बैठे लश्कर-ए-तैयबा के हैंडलर शब्बीर अहमद लोन के निर्देश पर यह मॉड्यूल भारत में बड़े आतंकी हमले की योजना बना रहा था। इसके लिए कई राज्यों में भीड़भाड़ वाले स्थानों की रेकी की गई थी। आरोपितों के पास से बरामद मोबाइल फोन में इसके वीडियो मिले हैं। समय रहते मॉड्यूल के खुलासे से बड़ा आतंकी हमला टल गया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी उमर फारूक, बांग्लादेशी नागरिक रबि-उल-इस्लाम, मो. लिटन, मो. मिजानुर रहमान, मो. उज्जाल, मो. जहीदुल इस्लाम, उमर और सैफायत होसेन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 12 मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए हैं। इनसे पूछताछ कर मामले की छानबीन की जा रही है। स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा ने रविवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि मॉड्यूल का खुलासा 7 फरवरी को दिल्ली में लगे देश विरोधी पोस्टर से हुआ। कुछ लोगों ने कश्मीरी गेट बस अड्डा और मेट्रो स्टेशन के पास देश-विरोधी पोस्टर लगा दिए। सीआईएसएफ के जवानों ने इन्हें देखकर मेट्रो पुलिस को खबर दी। मेट्रो पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। जांच के दौरान पोस्टर लगाने वाले आरोपितों के आने-जाने के रूट का मेट्रो पुलिस ने पता लगा लिया।

## टॉप नक्सल कमांडर 25 लाख के इनामी देवजी ने 16 साथियों के साथ किया समर्पण

एजेंसी

**जगदलपुर :** नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और केंद्रीय समिति के सदस्य 25 लाख के इनामी देवजी ने अपने 16 नक्सली साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुष्टि करते हुए कहा कि बाकी बचे सभी नक्सलियों का भी जल्द ही आत्मसमर्पण करवाया जाएगा। नक्सली देवजी मूल रूप से करीमनगर जिले का निवासी है और लंबे समय से नक्सली संगठन की केंद्रीय गतिविधियों में सक्रिय था। करीब आठ महीने पहले ही उसे संगठन का महासचिव बनाया



गया था। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कैडरों को अगले एक-दो दिनों में अधिकारिक रूप से पेश किया जाएगा। राज्य सरकार प्रदेश में 31 मार्च तक नक्सलवाद को खत्म करने के लिए सुरक्षाबल के साथ बाकी बचे नक्सली कैडरों की घेराबंदी कर रही है। लगातार मुठभेड़ों और प्रमुख नेताओं के आत्मसमर्पण से नक्सलवाद अब अंतिम चरण में पहुंचता दिख रहा है। नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और केंद्रीय समिति के वरिष्ठ सदस्य नक्सली कमांडर देवजी के आत्मसमर्पण पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बसव राजू के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद देवजी बड़ा नक्सली कैडर था, जिसने तेलंगाना में आत्मसमर्पण कर दिया है। कुछ नाम और शेष हैं, जो निष्क्रिय है, लेकिन उन्हें भी जल्द ही आत्मसमर्पण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाकी बचे सभी नक्सलियों को मुख्य धारा से जोड़ने के संबंध में काम किया जा रहा है।

## टी-20 वर्ल्ड कप 2026 : दक्षिण अफ्रीका ने भारत को दिया 188 रनों का विशाल लक्ष्य

एजेंसी

**नई दिल्ली :** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की लाइव कवरेज में आपका स्वागत है। आज सुपर-8 का तीसरा मुकाबला भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। मार्करम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर निर्धारित 20 ओवर की समाप्ति पर 187 रन बनाए हैं और भारत के सामने 188 रनों का लक्ष्य रखा है। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेविड मिलर ने 63 रनों की धमाकेदार पारी खेली। ब्रेबिस ने भी 45 रन बनाए। अंत में ट्रिस्टन स्टब्स ने शानदार फिनिशिंग टच देते हुए 24 गेंदों में 44 रन बनाए। भारत की और से अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए क्रमशः 2 और तीन विकेट लिए। दुबे ने भी एक विकेट चटकाए। वरुण चक्रवर्ती को भी एक विकेट मिला लेकिन काफी महंगे साबित हुए। हार्दिक पांड्या इस मैच में काफी महंगे साबित हुए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। वाशिंगटन सुंदर भी विकेटलेस गए। दक्षिण अफ्रीका ने खोया तीसरा विकेट। जसप्रीत बुमराह ने रिकल्टन को पवेलियन भेज दिया है। अफ्रीका पारी एकदम से लड़खड़ा गई है। भारतीय टीम ने अपने प्रीमियर फॉस्ट बॉलर्स के साथ शुरूआत की है। पहले चार ओवर जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने डाले हैं। बुमराह ने दो अपने शुरूआती दो ओवर में दो विकेट झटके हैं वहीं अर्शदीप सिंह ने भी कप्तान के रूप में बड़े विकेट को शिकार बनाया है। भारत अगर 188 रनों का टारगेट अचीव कर लेता है तो यह टी-20 विश्व कप में भारत का सबसे बड़ा रन चेज होगा। भारत के पास इतिहास रचने का मौका है। केशव महाराज, लुंगी एनिगीडी, डेविड मिलर और मार्को यान्सेन वापस आए हैं। भारत ने कोई बदलाव नहीं किया। ऐसे में उपकप्तान अक्षर पटेल को बाहर ही बैठना होगा। इस टूनार्मेंट में भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही टीमें शानदार फॉर्म में हैं और ग्रुप स्टेज के अपने सभी मुकाबले जीतकर सुपर-8 में पहुंची हैं। भारत ने पहले चरण जहां पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम को 61 रनों से करारी शिकस्त दी थी, वहीं दक्षिण अफ्रीका ने भी न्यूजीलैंड सहित ग्रुप स्टेज की सभी टीमों को बुरी तरह से रौंदा था। भारत का टी20 विश्व कप में अब तक का रिकॉर्ड शानदार रहा है, जहां उन्होंने पिछले 12 मैचों में कोई हार नहीं झेली है। दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका के लिए यह 2024 के फाइनल का बदला लेने जैसा है, क्योंकि पिछले 13 मैचों में उनकी एकमात्र हार उसी खिताबी मुकाबले में भारत के हाथों हुई थी। आज सबकी नजरें भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर टिकी होंगी, जो इस विश्व कप में अब तक उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और तीन बार शून्य पर आउट हो चुके हैं।

### प्रधानमंत्री ने मेरठ में मेट्रो रेल और दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का किया उद्घाटन

## कांग्रेस ने एआई समिट को अपनी नंगी और गंदी राजनीति का अखाड़ा बना दिया : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी

**मेरठ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस जहरीली और देश विरोधी राजनीति कर रही है। कांग्रेस अब देश पर बोझ बन चुकी है। नई दिल्ली में एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कपड़े उतार कर प्रदर्शन करने की घटना को शर्मनाक बताते हुए मोदी ने कहा कि मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं कि देश तो जानता है कि आप पहले से ही नंगे हो, फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्या पड़ी। रविवार को मेरठ में मेट्रो रेल और दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के उद्घाटन समारोह में



प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर जमकर प्रहार किये। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक तरफ देशवासी भारत को विकसित बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, लेकिन देश में ही कुछ राजनीतिक दल भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने दिल्ली में आयोजित एआई समिट की चर्चा करते हुए कहा कि दुनिया के इस सबसे बडे. समिट में 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और लाखों लोग आए। प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा में मेरठ के लोगों से पूछा कि एआई समिट से गर्व हुआ है या नहीं, सीना चौड़ा हुआ है, युवाओं का भाग्य बदलने के लिए यह आयोजन हुआ है। इस पर सभा में मोदी -मोदी के नारे लगने लगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस आयोजन से पूरा देश गर्व से भर गया लेकिन कांग्रेस ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी नंगी और गंदी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। समारोह स्थल पर विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतार कर पहुंच गए। मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं कि देश तो जानता है कि आप पहले से ही नंगे हो, फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्या पड़ी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने नेताओं ने समिट में जो कुछ किया वह दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कितनी दिवालिया और कितनी दरिद्र हो गई है। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गांव में शादी होती है तो पूरा गांव जुटा जाता है लेकिन कांग्रेस को अपने देश को ही बदनाम करने में जुटी है। यह देश के लोगों का कार्यक्रम था, लेकिन कांग्रेस ने सारी मयार्दाएं तोड़ी और अब देशभर में कांग्रेस की थू थू हो रही है।

## बार काउंसिल ऑफ दिल्ली के चुनाव के दूसरे दिन 79 उम्मीदवार निलंबित

एजेंसी

**नई दिल्ली :** बार काउंसिल ऑफ दिल्ली (बीसीडी) के चुनाव के दूसरे दिन रविवार को आचार संहिता के उल्लंघन में कुल 79 उम्मीदवारों को निलंबित कर दिया गया है। निर्वाचन अधिकारी जस्टिस तलवंत सिंह ने इन उम्मीदवारों को चुनाव से बाहर करने का आदेश दिया। बीसीडी के लिए मतदान रविवार को ट्रैफिक जाम की वजह से एक घंटे देरी से 10 बजे शुरू हुआ। इस जस्टिस तलवंत सिंह पूरे परिसर में घूम कर आचार संहिता के उल्लंघन का मुआयना कर रहे थे। उम्मीदवारों के बैनर और पोस्टर मतदान स्थल पर पाए गए, जिनकी वीडियोग्राफी की गई। जिन उम्मीदवारों के समर्थक पर्चे उड़ा रहे थे, उनकी भी वीडियोग्राफी कराई गई। जिन 79 उम्मीदवारों को चुनाव से निलंबित किया गया है, उन्हें 12 घंटे के अंदर अपील करने का मौका दिया गया है। निर्वाचन अधिकारी की ओर से मतदान के लिए जारी किए गए दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ गई और शेरशाह मार्ग को दोनों तरफ की सड़कों पर पर्चों का सैलाब दिखाई दिया। उम्मीदवारों के समर्थक पर्चा उड़ाते हुए दिखे। मतदान 23 फरवरी को भी जारी रहेगा। मतदान दिल्ली उच्च न्यायालय में चल रहा है। मतदान का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक का है। इस मतदान के जरिये 25 सदस्यीय बीसीडी के 23 सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। इस चुनाव में कुल 221 उम्मीदवार मैदान में हैं। इस चुनाव में पहली बार उच्चतम न्यायालय के आदेश पर महिला उम्मीदवारों को 30 फीसदी आरक्षण मिला है।

## एक नजर

### किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी ढेर

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक दूरदराज के इलाके में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में पाकिस्तानी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े दो आतंकवादी मारे गए। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि चटरू बेल्ट में पासरकुट के सामान्य क्षेत्र में 'ट्रैशी-आई' ऑपरेशन के दौरान दोनों आतंकवादी मारे गए और उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया, जिसमें दो एके -47 राइफलें शामिल थीं। सेना ने कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर काउंटर इंटेलिजेंस फोर्स (सीआईएफ) डेल्टा के जवानों ने पुलिस और सीआरपीएफ के साथ करीबी समन्वय में आज सुबह लगभग 11 बजे चुनौतीपूर्ण इलाके में आतंकवादियों को घेर लिया। सेना ने कहा कि सामरिक सटीकता, सहज तालमेल और दृढ़ आक्रामकता का प्रदर्शन करते हुए सैनिक मुठभेड़ स्थल पर हावी हो गए, जिसमें दो आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया गया।

### भारत-ब्राजील के बीच डाक क्षेत्र में समझौता


**नई दिल्ली :** भारत और ब्राजील ने डाक क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। संचार मंत्रालय ने इसे दोनों देशों के बीच डाक सेवाओं, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी सेवा वितरण में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और ब्राजील के संचार मंत्री फ्रेडरिको डी सिकेरा फिल्हो ने ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया। समझौता ज्ञापन में सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान, डिजिटल परिवर्तन, सार्वभौमिक सेवा, क्षमता निर्माण, संयुक्त परियोजनाएं, वैश्विक समन्वय और दक्षिण-दक्षिण सहयोग करने का प्रावधान शामिल है। यह समझौता प्रारंभ में पांच वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगा। इसमें स्वतः नवीनीकरण का प्रावधान होगा और इसे दोनों देशों के कानूनों तथा विनियमों के अनुसार कार्यान्वित किया जाएगा।

### नीतीश कुमार ने वैभव सूर्यवंशी को दिया 50 लाख रुपये का पुरस्कार

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प सभागार में आयोजित समारोह में अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप-2026 की विजेता भारतीय टीम के सदस्य वैभव सूर्यवंशी को 50 लाख रुपये का चेक और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने वैभव सूर्यवंशी को बधाई देते हुए कहा कि अंडर-19 वर्ल्ड कप-2026 में भारत की जीत में बिहार के इस युवा क्रिकेटर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि वैभव अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर भारतीय क्रिकेट की नई उम्मीद बनकर उभरे हैं। मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे भविष्य में भारतीय टीम के लिए नए कीर्तिमान स्थापित करें और देश का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है कि बिहार के बेटे ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने वैभव को बिहार के युवाओं के लिए प्रेरणा बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**एक नजर**

### समाजसेवी कोलेश्वर साव की हृदय गति रुकने से निधन, शोक व्यक्त



**बड़कागांव :** झारखंड मुख्य सचिव कार्यालय में पदस्थापित सिपाही बड़कागांव हेठगढ़ा निवासी मृदुलभाषी समाजसेवी 56 वर्षीय कोलेश्वर साव हमारे बीच नहीं रहे। शनिवार देर रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। हजारीबाग आरोग्यं हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कोलेश्वर साहू की निधन से पूरा प्रखंड स्तब्ध हो गया। रांची में शव को सलामी देने के पश्चात बड़कागांव लाया गया ,चौक चौराहे पर शव यात्रा निकाली गई। हेटगढ़ा श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए एवं लोग कोलेश्वर साव अमर रहे का नारा लगाते रहे। इस दौरान लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया। वे अपने पीछे पत्नी समेत दो पुत्र दो पुत्री व भरा पूरा परिवार छोड़ गए। कोलेश्वर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों मे बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। बेटी की शादी, मरीज की सेवा हो एवं अन्य जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते थे। निधन पर विधायक रोशन लाल चौधरी ,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, अंबा प्रसाद, जगत नंदन गुप्ता, कैलाश साव, कुंज बिहारी साव, राजकुमार साहू कजरू साव, संदीप कुशवाहा, अनिरुद्ध कुमार ,जानकी साहू, अरविन्द कुमार, राजीव रंजन, अरुण सिन्हा, सुधीर जायसवाल , असेस्वर राम, बेचन साव, उमेश साव, पंकज कुमार, के अलावा सैकड़ो लोगों ने शोक व्यक्त किया।

### जवाहर घाट पुल पर अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा, चालक घायल



**बरही :** तिलैया रोड में तिलैया डैम पर बने पुल पर जमशेदपुर से पटना जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। घायल ट्रक चालक का निजी अस्पताल में इलाज किया गया। पुल के बीच टाटा का सिग्ना ट्रक पलटने से कुछ समय के लिए रांची पटना रोड जाम रहा। पुलिस के आने और ट्रक को सड़क से हटाने के बाद वाहन चालन व्यवस्थित हुआ।

# खनन और उद्योगों का गढ़, पर तकनीकी शिक्षा से महरूम है क्षेत्र : रोशन लाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बड़कागांव :** विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव, केरेडारी और पतरातू ये सिर्फ तीन प्रखंडों के नाम नहीं हैं, बल्कि झारखंड के राजस्व और औद्योगिक प्रगति के मजबूत स्तंभ हैं। जहां एक दर्जन से अधिक विशाल खनन परियोजनाएं और दर्जनों छोटे-बड़े उद्योग चौबीसों घंटे धुआं उगलते हुए राज्य की तिजोरी भर रहे हैं उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन में कही है। आगे कहा इसी धरती के नौजवान आज भी 'तकनीकी बेरोजगारी' का दंश झेलने को मजबूर हैं। संसाधन हमारे, पर अवसर बाहरी क्यों विडंबना देखिए, जिस मिट्टी से कोयला और खनिज निकालकर देश रोशन हो रहा है, वहां के युवाओं के पास तकनीकी कौशल हासिल करने का कोई सरकारी जरिया नहीं है। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने स्पष्ट किया है कि पूरे क्षेत्र में आज तक एक भी सरकारी आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज या स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित नहीं किया गया है। इसका सीधा परिणाम यह हो रहा है कि प्रशिक्षण का अभाव है स्थानीय युवाओं के पास प्रतिभा है, लेकिन उनके पास डिग्री या तकनीकी प्रमाण पत्र नहीं है। बाहरी लोगों को वरीयता, उद्योग प्रबंधन 'प्रशिक्षित मैनपावर' के नाम पर बाहर के युवाओं को नियुक्त करता है, जबकि स्थानीय युवा अपनी ही जमीन पर मजदूरी करने को विवश हैं। पलायन और हताशा, उच्च तकनीकी शिक्षा के लिए गरीब परिवारों के बच्चे बाहर जाने का खर्च नहीं उठा पाते, जिससे उनमें कुंठा बढ़ रही है। विकास का पहिया तभी घूमेगा, जब हाथ में हुनर होगा सिर्फ कारखाने लगा देने से क्षेत्रीय विकास की परिभाषा पूरी नहीं होती। वास्तविक विकास तब है जब उन कारखानों में चलने वाली मशीनों को चलाने वाले हाथ स्थानीय हों। यदि बड़कागांव, केरेडारी और पतरातू में अविलंब तकनीकी संस्थानों की स्थापना की जाती है, तो स्थानीय युवाओं को रोजगार के सीधे अवसर मिलेंगे। युवा आत्मनिर्भर बनेंगे और क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। औद्योगिक शांति बनी रहेगी, क्योंकि स्थानीय भागीदारी बढ़ने से असंतोष कम होगा। आगे विधायक रोशन लाल चौधरी ने झारखंड विधानसभा के माध्यम से सरकार से पुरजोर मांग की है कि इन क्षेत्रों की संवेदनशीलता और इनके योगदान को देखते हुए यहाँ तकनीकी शिक्षा के केंद्र खोले जाएं। यह केवल एक मांग नहीं, बल्कि इस क्षेत्र के हजारों युवाओं के भविष्य का सवाल है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ श्रीदास महोत्सव का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** बरही के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस महोत्सव हर्षोल्लास के साथ शनिवार संध्या को सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने विद्यालय का 13वें स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जहां बच्चों ने अपनी प्रतिभा का निखार कर दर्शकों का मन मोहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पदमा स्थित जैप के एसपी अविनाश कुमार द्वारा विद्यालय के प्रेरणास्त्रोत स्व दशरथ सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित करते विधिवत किया गया। इस अवसर पर जिला के कई शिक्षाविद, समाजिक कार्यकर्ता मौजूद हुए। इस इस कार्यक्रम को चार-चांद लगाने के बच्चों के अभिभावकों से कार्यक्रम स्थल भरा रहा जहां अभिभावकों ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम को उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जो शिक्षाप्रद रहा और दर्शकों ने काफी सराहा। बच्चों ने विशेष रूप से रामायण कांड पर आधारित 'सीताहरण' की नाट्य प्रस्तुति ने सभी का हृदय स्पर्श किया। बच्चों ने भगवान राम, रावण एवं अन्य पात्रों की भूमिकाओं को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से निभाया। राम-रावण युद्ध और सीताहरण के दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

## सीएसआर द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के कोनार डैम स्थित विश्वास स्टेडियम में सीएसआर द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनामेंट का समापन 21 फरवरी को धूमधाम से हुआ। बताया गया कि कोनार डैम ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के बीच खेल को बढ़ावा देने के लिए सीएसआर द्वारा 15 फरवरी से फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया था।जिसमें कुल आठ टीमों ने भाग लिया। जिसमें लहरियाडीह, जमानीजरा, दूधमो, डीवीसी कोनार, नवाटांड़, बांदीसिमर, तिलैया और डुमरडीहा की टीमों ने भाग लिया। जिसमें सेमी फाइनल में ग्रुप ए की टीम डुमरडीहा और नावांटांड़ के बीच खेला गया। जिसमें पेनल्टी शूटआउट में नावाटांड ने 4 और डुमरडीहा ने 5 गोल देकर विजयी हुआ। इसके साथ दूसरी ग्रुप बी टीम तिलैया और बांदीसिमर के बीच में खेला गया। जिसमें बाड़ीसीमर की टीम विजयी रही। इसके साथ फाइनल मैच 21 फरवरी को डुमरडीहा और बाड़ीसिमर के बीच खेला गया। जिसमें बाड़ीसिमर की टीम विजयी हुई। जिसमें विजेता और उपविजेता टीम को असैनिक विभाग के प्रबंधक गोपाल महतो, डॉ.बी एन मंडल और विद्युत विभाग के चंदन कुमार द्वारा ट्रॉफी,जर्सी,मेडल और फुटबॉल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ सेमी फाइनल में शामिल टीमों को भी फुटबॉल उपलब्ध कराया गए।ग्रामीणों ने फुटबॉल टूनामेंट का खूब आनंद उठाया और कहा कि डीवीसी सीएसआर द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों से क्षेत्र के युवाओं में एक उत्साह का संचार होता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाएं बाहर निकल कर आती है। ग्रामीणों ने इस तरह का खेल आयोजनों को लेकर सीएसआर का आभार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य अतिथि कोनार परियोजना प्रधान राणा रंजीत सिंह, बिरजा कुमार सहित काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

## 15 वर्षों से बिना वेतन भूदान कर्मी, भूख-बीमारी और मौत के साए में गुजर रही जिंदगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग के सिंदूर करकरी स्थित जिला भूदान यज्ञ कार्यालय में कार्यरत कर्मियों की स्थिति झारखंड में सरकारी उदासीनता की भयावह तस्वीर पेश कर रही है। बीते 15 वर्षों से बिना वेतन काम कर रहे ये कर्मी आज भुखमरी, बीमारी और मौत के साए में जीवन जीने को मजबूर हैं। कर्मियों का आरोप है कि वर्ष 2010-11 के बाद से अब तक उन्हें एक रुपये का भी वेतन नहीं मिला, जबकि वे नियमित रूप से कार्यालयीन दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। वेतन के अभाव में इलाज नहीं हो पाने के कारण अब तक पांच भूदान कर्मियों की मौत हो चुकी है। हरिश्चंद्र लाल और फौजी चौधरी गंभीर बीमारी से जूझते हुए जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं कई कर्मी सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं, लेकिन उन्हें भी आज तक बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। भूदान कर्मी नंदकिशोर सिंह और कृष्णा कुमार ठाकुर ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। कई बार घर में चूल्हा जलाना भी चुनौती बन जाता है। बच्चों की पढ़ाई, इलाज और दैनिक जरूरतों के लिए कर्ज लेना उनकी मजबूरी बन चुकी है। स्थिति को और गंभीर बनाता है कि झारखंड भूदान यज्ञ कमिटी में राज्य स्तरीय चेयरमैन का पद लंबे समय से रिक्त है। पूर्व में नियुक्त चेयरमैन फिलिप टोप्पो के त्यागपत्र के बाद अब तक सरकार द्वारा नए चेयरमैन की नियुक्ति नहीं की गई है। इसका सीधा असर न केवल कर्मियों पर पड़ रहा है, बल्कि भूदान किसानों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में जिला भूदान कार्यालय में कुल छह कर्मी कार्यरत हैं, जिनमें नंदकिशोर सिंह , कृष्णा कुमार ठाकुर , फूलचंद सा , सतीश कुमार सिंह, मुरलीधर सिंह और मोतीराम शामिल हैं।

## 1 मार्च को बड़कागांव से सैकड़ों कुर्मी जाति के लोग रांची में हो रहे महारैली में लेंगे भाग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** रविवार को ग्राम मिजार्पुर में कुड़मी/कुर्मी अधिकार महारैली को लेकर बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता तुलसी महतो एवं संचालन रामचरण महतो ने किया। जिसमें आगामी 1 मार्च को रांची स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित कुड़मी/कुर्मी अधिकार महारैली को कैसे सफल बनाया जाए इसपर गहन विचार - विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में कुर्मी विकास मोर्चा के केंद्रीय महासचिव कपिल देव महतो ने बताया कि हम अपनी लड़ाई तब तक लड़ते रहेंगे, जब तक हमें हमारी पहचान कुर्मी/कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध ना करें दिया जाएगा। इस महारैली को सफल बनाने के लिए बड़कागांव से बाबूलाल कुमार, शीतल महतो, विकास कुमार, रीतलाल कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो महिला पुरुष भाग लेंगे।

## कलश यात्रा का भव्य आयोजन सुनीता देवी ने किया शरबत वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड की पाण्डेयबारा पंचायत में एकादशी उद्यापन एवं गृह प्रवेश के पावन अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा गांव भक्तिरस में डूबा नजर आया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया। यह कलश यात्रा नरैना निवासी दिनेश यादव के नवनिर्मित आवास के गृह प्रवेश एवं अरुण पाण्डेय के यहां आयोजित एकादशी उद्यापन अनुष्ठान के उपलक्ष्य में निकाली गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों को पूर्व मुखिया प्रत्याशी सुनीता देवी ने शरबत पिलाकर सेवा भाव के साथ स्वागत किया। उनके इस सराहनीय कार्य की ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। कलश यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए निर्धारित पूजा स्थल पर पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। वातावरण जयघोष, भजन-कीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चारण से गुंजायमान रहा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। मौके पर पूर्व मुखिया अनिल पाण्डेय, छोटी यादव, अजय यादव, डॉ. बीके यादव, बहादुर सिंह, छात्रधारी यादव, अशोक सिंह, वीरेंद्र यादव, विशाल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, श्रद्धा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# गरीब, लाचार और बेसहारा बेटियों की शादी पर राजनीति करना ठीक नहीं : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** हजारीबाग के विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित सांसद सेवा कार्यालय में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि वह समाजसेवी नहीं, जनता का सेवक हैं। वह क्षेत्र की जनता को कुछ दे या दिला रहे हैं, तो बदले में उनसे वोट, आशीर्वाद और जरूरतमंदों के हितार्थ सहयोग भी लेते हैं। ऐसे में वह गरीब, लाचार और बेसहारा बेटियों की शादी करा रहे हैं, तो कोई गुनाह नहीं कर रहे हैं। यह उनका ही नहीं, सभी का सामाजिक और नैतिक दायित्व बनता है। यह बात उन्होंने रविवार को एक प्रेस-कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि अगर इन बेटियों की शादी के लिए विभिन्न स्त्रोतों से खर्च जुटा रहे हैं, तो क्या गलत कर रहे हैं। हर जनप्रतिनिधि का दायित्व और कर्तव्य है कि कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी और सोशल रेसपोंसिबिलिटी इनिशिएटिव के लिए कंपनियों से पहल करें। उन्होंने भी यही किया। रामगढ़ में पिछले दिनों 101 बेसहारा, लाचार और गरीब बेटियों की शादी कराई, तो उन्होंने कंपनियों से उन्हीं सीएसआर मद से सहयोग मांगा। उनकी पहल पर कई लोगों ने व्यक्तिगत आगे बढ़कर स्वेच्छा से शादी में मदद की। एक बुजुर्ग महिला ने तो मंदिर के लिए जुटाए पैसे इन बेटियों की विदाई के वक्त साड़ियों में खर्च कर दी। नकद कुछ भी लेन-देन नहीं हुआ है और जिन्होंने भी सहयोग किया जोड़ों को उपहार में दिए गए सामग्री में उनका नाम अंकित किया गया । ऐसे में एक कंपनी द्वारा आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना को गलत तरीके से सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित कर ऐसे भावनात्मक और सामाजिक कार्यों पर सवाल उठाना मानसिक दिवालियापन है। बड़कागांव में दो पीढ़ियों से बागडोर संभालनेवाले सस्ती लोकप्रियता के लिए ऐसा सवाल उठा या उठवाकर लोगों को बरलगला रहे हैं। लेकिन जनता सब जानती है। ऐसी पहल कर सामूहिक शादियां कराना अगर गुनाह है, तो वह बार-बार ऐसा गुनाह करेंगे। जिन्हें आकर रोकना है, रोक लें। ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए वह हर फोरम पर जाएंगे, जहां से सहयोग मिलने के आसार हैं।

**संक्षिप्त खबरें**

### कलश स्थापना के साथ बरही में शतचंडी महायज्ञ सह महोत्सव शुरू, उमड़े श्रद्धालु



**बरही :** रविवार को भगवती मंदिर सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित भगवती मंदिर में नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह बरही महोत्सव कलश स्थापना के साथ बरही शुरू हो गया। इसके पूर्व भगवती मंदिर परिसर महायज्ञ स्थल से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में गाजा बाजा के साथ जय माता दी के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु कन्या एवं महिलाएं बरही नदी पहुंची जहां उत्तरवाहिनी नदी से कलश में जल भरकर नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंची। महायज्ञ के आचार्य पंडित जयनंदन मिश्र और आचार्य पंडित कामेश्वर पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश की स्थापना करायी। कलशयात्रा में विधायक मनोज कुमार यादव,जिला परिषद के उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, गुरुदेव गुप्ता, भुनेश्वर साहु, भगवान केशरी बलराम केशरी, मुखिया मोतीलाल चौधरी, परमेश्वर यादव, खिरोधर यादव, पंकज वर्णवाल, महायज्ञ समिति के संरक्षक सुरेन्द्र रजक, अध्यक्ष विपिन सिन्हा, कोषाध्यक्ष ब्रजेश ठाकुर, नवलकिशोर सिंह, मनोज उपाध्याय, किशोर ठाकुर, कन्हैया सिंह, अशोक स्वर्णकार, बालेश्वर यादव नंदकिशोर वर्णवाल राजकुमार केशरी समेत अनेक श्रद्धालु शामिल थे।

### रसोईया धमना में विराट हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन, हजारों की संख्या में महिला व पुरुष हुए शामिल




**बरही :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत के भगवती मंदिर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राजीव कमल बिट्ठू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वामी सत्यानंद गिरी महाराज, लाडली शरण एवं रामदास जी महाराज एवं स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए, वहीं इस सम्मेलन प्रखंड के हजारों महिला व पुरुष शामिल हुए। सम्मेलन में धर्म, संस्कृति, सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वक्ताओं ने अपने - अपने विचार साझा किए। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा नृत्य के माध्यम से शानदार प्रस्तुति भी दी गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और सामाजिक जागरूकता का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजीव कमल बिट्ठू ने अपने संबोधन में कहा कि एक संगठित समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया और जोर दिया कि एक जागरूक और एकजुट समाज किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम होता है। वहीं कार्यक्रम के दौरान महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी की भी व्यवस्था की गई थी। मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रो० बद्री साव, सचिव अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष नितेश साहू, विहिप जिला महामंत्री गुरूदेव गुप्ता, स्थानीय मुखिया गोविंद साहू, मिथिलेश कुमार, इंद्रदेव साव, वीरेंद्र कुमार, इंद्रदेव कुमार, गोविंद राणा, चौरंगी लाल, सीताराम यादव, प्रमोद कुमार यादव, संजय राणा, अशोक राणा, खेमलाल प्रसाद, लक्ष्मण साहू एवं महेंद्र पासवान समेत हजारों महिला व पुरुष शामिल थे।

### बड़कागांव में यादव समाज की बैठक, 'यादव जी लव स्टोरी' फिल्म का विरोध और होली मिलन समारोह की घोषणा



**बड़कागांव :** प्रखंड यादव समाज कोर कमेटी की बैठक झारखण्ड कॉलेज प्रांगण मे की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष चुरामन यादव एवं संचालन जिला युवा अध्यक्ष विनोद यादव ने किया। बैठक में यादव जी लव स्टोरी मूवी का विरोध किया गया। वही होली को लेकर भी चर्चा की गई एवं 1 मार्च को होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। विनोद यादव ने कहा कि यादव जी की लव स्टोरी मूवी यादव समाज की स्वभिमान के खिलाफ है। 27 फरवरी को सिनेमाघरों में पिक्चर को चलने नहीं देंगे। 1 मार्च को झारखंड कॉलेज प्रांगण में समाज के द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित होगा। होली मिलन समारोह के लिए अध्यक्ष राजेश यादव, सचिव,जगन्नाथ यादव कोषाध्यक्ष रंजीत यादव को बनाया गया है। बैठक में मुख्य रूप से गोंदलपुरा मुखिया वासुदेव यादव, प्रखंड कोषाध्यक्ष नॉलेश यादव, शिक्षक अनुज गोप, युवा भाजपा नेता राजेश यादव, पुंदौल यादव समाज के अध्यक्ष पिंटू यादव, सचिव लालू यादव, रंजीत यादव, बर्जेश यादव, बाबू लाल यादव जगरनाथ यादव के अलावा अन्य उपस्थित थे।

### चंदौल बड़कीबागी में साप्ताहिक बाजार लगाने निर्णय : अवधेश



**बड़कागांव :** चंदौल पंचायत अंतर्गत बड़कीबागी यादव भवन के समीप एक बैठक मंगल बाजार लगाने को लेकर के किया गया जिसकी अध्यक्षता सर्वजातीय समाज के अध्यक्ष विनोद यादव के द्वारा की गई। जिसमें बड़कीबागी स्थित खाली स्थान पर प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक बाजार लगाने का निर्णय सर्वजातीय महासमिति पुंदौल के द्वारा आयोजन किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि बाजार यहां लगना चाहिए और इस बाजार को नशा से मुक्त करने के लिए लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित नदी के किनारे पर मांस मंदिरा बेच सकते हैं ताकि बाजार में शांति कायम रहे। दिनांक 24/2/2026 को 3 बजे शाम सर्वजातीय समाज के अध्यक्ष श्री विनोद यादव,सचिव मो नौशाद आलम एवं कोषाध्यक्ष महोदय अवधेश सिंह व सभी पदाधिकारियों के द्वारा नारियल फोड़कर किया जाएगा। बैठक में विनोद यादव,रंजन पांडेय ,अवधेश सिंह,महेंद्र यादव,मो नौशाद आलम,जगरनाथ यादव,राहुल पासवान,अजय राज,कन्हैया प्रजापति,आशीष यादव,विशाल पांडे,प्रभु यादव,तुषार सिंह,सत्यम पासवान आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

एक नजर

## रांची में मॉर्निंग वॉक के दौरान ड्राइवर की अचानक मौत

**रांची** : राजधानी रांची स्थित मोराबादी में आज अहले सुबह एक व्यक्ति की मौत होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि वह व्यक्ति ड्राइवर का काम करता था। जानकारी के अनुसार, ड्राइवर मोराबादी में पिछले चार दिनों से रह रहा था। वहीं, आज मॉर्निंग वॉक करते हुए अचानक मैंदान में ही गिर गया। आसपास के लोग जब व्यक्ति को उठाने की कोशिश किये तो उन्होंने उसे मृत पाया। मौके पर मौजूद लोगों नें इसकी सूचना पुलिस को दी। फिलहाल ड्राइवर के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस जांच में जुटी हुई है कि किस कारण से उसकी मौत हुई है और ड्राइवर कौन था।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ नवयुवक कांवरिया संघ का भोग वितरण कार्यक्रम संपन्न



**सिल्ली** : नवयुवक काँवरिया संघ सिल्ली की ओर से रविवार को भोग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी पिनाकी बनर्जी ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर खीर और पूड़ी का प्रसाद बांटा गया। नव युवक काँवरिया संघ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को परिवार सहित आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। प्रदीप लाहा, रोबिन चंद्र, जयदेव दत्ता, प्रशांत दत्ता, तरुण लाहा, प्रमोद लाहा, प्रदीप लाहा, विश्वनाथ मोदक के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम हर वर्ष की भांति श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

## रांची नगर निगम चुनाव : रमा खलखो के समर्थन में हुई कांग्रेस की रणनीति बैठक

**रांची** : कांग्रेस पार्टी की समर्थित प्रत्याशी रमा खलखो के समर्थन में रांची नगर निगम चुनाव को लेकर चुटिया प्रखंड कांग्रेस समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक चुटिया स्थित राम मंदिर के सामने निमार्णाधीन कॉम्प्लेक्स में संपन्न हुई। इसमें रमा खलखो के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित कराने के लिए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने का निर्णय लिया गया। कार्यकताओं को घर-घर संपर्क अभियान चलाने, मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करने और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित नेताओं ने कहा कि नगर निगम चुनाव शहरी विकास, मूलभूत सुविधाओं और स्थानीय समस्याओं के समाधान से जुड़ा महत्वपूर्ण चुनाव है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक कर अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित कराए। मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने रमा खलखो के समर्थन में अपनी पूरी ताकत झोंकने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और एकजुट होकर चुनाव अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में पार्टी के चुटिया प्रखंड प्रभारी अरुण चावला, सालोमी कच्छप, गोपीकृष्ण अग्रवाल, कृष्णा सहाय, अवतार सिंह, संजीव महतो, अंतरा कच्छप, अंजली कच्छप, अरविंद मुंडा, राजेश नायक, मनु मुंडा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खेलगांव में युवक की हत्या का खुलासा, प्रेम प्रसंग में पति ने दी थी सुपारी, पांच गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : 19 फरवरी 2026 की सुबह करीब 6:45 बजे खेलगांव थाना क्षेत्र के आनंद विहार डढ स्कूल के पास एक व्यक्ति का शव मिला था। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। मृतक की पहचान कांटाटोली रजा कॉलोनी निवासी आशिफ अंसारी (पिता- मो. इरफान अली) के रूप में हुई थी। मामले में थाना कांड संख्या 09/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई।

वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जांच की गई। जांच में पता चला कि मृतक का आनंद विहार निवासी बिउला टोप्पो के साथ पिछले 15-16 साल से प्रेम संबंध था। इस बात से उसका पति जोन्सन मिंज नाराज और परेशान रहता था।



**सुपारी देकर कराई हत्या**

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि जोन्सन मिंज ने अपने मित्र दीपक अग्रवाल के साथ मिलकर आशिफ अंसारी की हत्या की साजिश रची। उसने प्रिंस कुमार को 1.60 लाख रुपये और प्रेम लकड़ा को 2.40 लाख रुपये सुपारी के तौर पर दिए। वहीं दीपक अग्रवाल को भी करीब 4 लाख रुपये दिए गए थे।

पुलिस ने इस मामले में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा, घटना में इस्तेमाल की गई बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल (नंबर JH03M7698), एक स्कूटी (JH01EZ7517), खून से सना जैकेट, खून लगी मिट्टी और मोबाइल फोन बरामद किया है।

**गिरफ्तार आरोपी**

गिरफ्तार आरोपियों में जोन्सन मिंज (35 वर्ष), उसकी पत्नी बिउला टोप्पो (32 वर्ष), दीपक अग्रवाल (36 वर्ष), प्रिंस कुमार (22 वर्ष) और प्रेम लकड़ा (44 वर्ष) शामिल हैं। सभी अलग-अलग जगहों के रहने वाले हैं और रांची में किराये के मकान में रह रहे थे। इस कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक सदर संजीव बेसरा, खेलगांव थाना प्रभारी अभिषेक राय सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और जवानों की टीम शामिल थी। पुलिस का कहना है कि हत्या की यह पूरी साजिश प्रेम प्रसंग के कारण रची गई थी। मामले की आगे की जांच जारी है।

# उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन की मांग को लेकर मंत्री इरफान अंसारी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने उत्तर प्रदेश में अल्पसंख्यकों और उलेमाओं के साथ कथित हिंसा और अपमान की घटनाओं पर चिंता जताई है। हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो का उल्लेख करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि इरफान अंसारी ने पत्र में लिखा कि ₹एक पुत्र आज अत्यंत पीड़ा और आक्रोश के साथ आपको यह पत्र लिख रहा है। बचपन से हमने पढ़ा और समझा कि भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है-धर्म, जाति, भाषा या विचारधारा के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। राष्ट्रपति इस राष्ट्र की सर्वोच्च संवैधानिक संरक्षक होती हैं, जो हर नागरिक को समान दृष्टि से देखती हैं। किन्तु आज जो दृश्य सामने आ रहे हैं, वे इस मूल भावना को गहराई से आहत कर रहे हैं। विशेषकर उत्तर प्रदेश से लगातार ऐसी घटनाएँ सामने आ रही हैं, जिनमें मुस्लिम समाज के लोगों-विशेषकर उलेमाओं-का सरेआम अपमान, मारपीट और धार्मिक आधार पर प्रताड़ना दिखाई दे रही है। हाल ही में एक वीडियो में तथाकथित बजरंग दल से जुड़े व्यक्ति अक्षय ठाकुर द्वारा धार्मिक भेदभाव के आधार पर अमानवीय हिंसा और सार्वजनिक बेइज्जती का दृश्य अत्यंत चिंताजनक है। यह केवल कुछ व्यक्तियों पर हमला नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने राष्ट्रपति से सवाल करते हुए पूछा कि महोदया, क्या इस देश में मुसलमान होना अपराध बनता जा रहा है? क्या सबका साथ, सबका विकास केवल एक राजनीतिक नारा रह गया है? क्या किसी राज्य सरकार को यह अधिकार है कि वह एक विशेष समुदाय को भय और असुरक्षा में जीने को विवश कर दे? यदि किसी राज्य में खुलेआम भीड़ हिंसा हो, धर्म के आधार पर अपमान किया जाए और दोषियों पर त्वरित व कठोर कार्रवाई न हो-तो यह स्पष्ट रूप से कानून-व्यवस्था की विफलता का संकेत है। माननीय महोदया, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ के नेतृत्व वाली सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। यह सरकार नहीं बल्कि जात-पात का पाठशाला खोल रखे हैं। और उसी की कमाई से सरकार चला रहे हैं। इसकी कार्यशैली से झारखंड उत्तर बिहार बंगाल भारी आक्रोश है।यदि शासन निष्पक्ष दिखाई नहीं देता, यदि पीड़ितों को न्याय का भरोसा नहीं मिलता, यदि अल्पसंख्यकों में भय का वातावरण व्याप्त हो-तो यह लोकतंत्र के लिए अत्यंत खतरनाक स्थिति है। रमजान जैसे पवित्र महीने में भी यदि मुसलमान स्वयं को असुरक्षित महसूस करें, तो यह केवल एक समुदाय का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा पर लगा घाव है। मध्यप्रदेश, असम, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों से भी अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न की खबरें समय-समय पर सामने आती रही हैं। यह प्रवृत्ति यदि नहीं रुकी, तो देश की एकता और अखंडता पर गहरा असर पड़ेगा।

## कट ऑफ डेट बढ़ा कार्मिक ने जारी किया आदेश

**रांची** : कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने शनिवार की देर रात जेपीएससी 2026 के अभ्यर्थियों के लिए कट ऑफ डेट बढ़ए जाने की अधिसूचना जारी कर दी। विभाग के सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो के हस्ताक्षर से जारी अधिसूचना में कल सदन में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप कट ऑफ डेट 1 अगस्त 2022 कर दिया गया। इससे अभ्यर्थियों को जेपीएससी का आवेदन करने में सुविधा होगी। अब उम्मीद की जा रही है की जेपीएससी भी आवेदन करने की तिथि बढ़ाएगी। मालूम होगी फॉर्म भरने की तिथि 20 फरवरी थी। वह समाप्त हो चुकी है। अब अभ्यर्थी जेपीएससी द्वारा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाए जाने की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं। क्योंकि फॉर्म भरने की तिथि में बढोत्तरी नहीं किए जाने तक कट ऑफ बढ़ने का कोई मायने मतलब नहीं है।

# रांची के जलेबिया जंगल में हाथी ने मचाया तांडव, एक युवक सहित तीन महिलाएं घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची स्थित इटकी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदी पतराटोली गांव के जलेबिया जंगल से हाथी द्वारा एक बार फिर से उत्पात मचाने की घटना सामने आई है। कल शनिवार को एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया वहीं, हाथी के हमले से एक युवक और तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद से पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल है। दरअसल, यह घटना तब हुई जब शनिवार सुबह गांव की कुछ महिलाएं जंगल में पत्ता चुनने गई थीं। इसी दौरान अचानक एक जंगली हाथी उनके सामने आ गया। जान बचाकर भागने के क्रम में मांगी उरांव, सावित्री केरकेट्टा और 15 वर्षीय रितिका गिर पड़ीं और हाथी की चपेट में आने से गंभीर रूप से



घायल हो गए। हालांकि, ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। इस हमले में युवक के हाथ और पैर बुरी तरह टूट गए हैं। हाथी के हमले की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई है। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। प्रभारी वनपाल ने कहा कि प्रभावितों को सरकारी प्रावधानों के तहत मुआवजा दिलाया जाएगा। वन विभाग की टीम ने चोंगा से जंगली हाथी की निकलने की दिशा और जंगल के इर्द गिर्द नही जाने की अपील करती रही। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी वनपाल राहुल महली के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल वन विभाग की टीम हाथी की निगरानी कर रही है और उसे सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास जारी है। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अभी जंगल की ओर न जाएं और सतर्क रहें।

# निकाय चुनाव में हार की आशंका से बौखलाई हेमन्त सरकार : आदित्य साहू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निकाय चुनाव में संभावित हार को देखते हुए हेमंत सरकार बौखला गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहा है। आदित्य साहू ने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ गिरिडीह में मुकदमा दर्ज किया जाना सत्ता पक्ष की हताशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी जैसे वरिष्ठ और अनुभवी नेता आचार संहिता का उल्लंघन नहीं कर सकते। लेकिन राज्य की हेमन्त सोरेन सरकार सत्ता के अहंकार में इस कदर डूबी है कि नेता प्रतिपक्ष के भोजन करने की घटना को भी आचार संहिता से जोड़कर मुकदमा दर्ज करा दिया गया। यह पूरी तरह से सत्ता का दुरुपयोग है। साहू ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन राज्य सरकार की टूल किट बनकर काम कर रहा है और निष्पक्षता से अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक ओर सरकार विपक्षी नेताओं पर मुकदमे दर्ज करा रही है, वहीं दूसरी ओर निकाय चुनाव के दौरान अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि चक्रधरपुर में भाजपा समर्थित नगर निकाय प्रत्याशी विजय सिंह गगराई को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। उनके घर पर धमकी भरे पोस्टर चिपकाए गए हैं, लेकिन प्रशासन इस मामले में मूकदर्शक बना हुआ है।

# बाबूलाल मरांडी ने कल गिरिडीह के होटल में रुक कर बंटवायी मोटी रकम : सुप्रियो भट्टाचार्य



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झामुमो ने प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी पर निकाय चुनाव के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता के घोर उल्लंघन का आरोप लगाया है। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गिरिडीह के जिस होटल में बाबूलाल मरांडी रुके थे, दो सौ समर्थकों के साथ भोजन कर रहे थे। वहां चुनाव को प्रभावित करने के लिए मोटी रकम बांटी गयी। बाबूलाल मरांडी का कहना है कि वह जहां कहीं जाते हैं डेढ़-दो सौ समर्थक उनके साथ रहते हैं। वे उनके साथ खाना खाते हैं। लेकिन सवाल यह है कि देश में झोपड़ी से लेकर फाइव स्टार होटल ही क्यों न हो, बगरै पूर्व सूचना के क्या वह अचानक 200 लोगों को मीट भात खिला सकता है। होटल में बाबूलाल मरांडी के साथ जमावड़ा के पीछे चुनाव को प्रभावित करन की साजिश थी। बाबूलाल मरांडी के प्रति झामुमो द्वारा कुछ ज्यादा ही प्रेम प्रदर्शित किए जाने के सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि वह राज्य के पहले मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली ईद में मुसलमानों पर गोलियां चलवायी। तपकड़ा हो या फील्ड फायरिंग रेंज में गोली चलवायी। डोमेसाइल आंदोलन में आदिवासियों पर रांची में गोली चलवायी। झारखंड के बुनियाद में उन्होंने जो मट्ठा डालने का काम किया, उसका परिणाम है कि 20 वर्ष के गैपहोल को भरने में सरकार को छह साल का समय लग गया है। सुप्रियो भट्टाचार्य सोमवार को मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहु द्वारा निकाय चुनाव के मतदान से ठीक एक दिन पूर्व मंईयां सम्मान योजना की राशि भेज कर मतदाताओं को प्रलोभित करने के आरोप पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने बिहार की घटना को याद कर लेने की सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होने से एक घंटे पूर्व महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए भेजे गए थे। आदित्य साहु को इस बारे में चुनाव के दौरान बिहार के सह प्रभारी रहे दीपक प्रकाश से पूछ लेना चाहिए। प्रत्येक बूथ पर अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती और सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव को सेना के हवाले कर देना चाहिए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 48 नगर निकायों में 50 फीसदी से अधिक निकायों के अध्यक्ष और मेयर पद पर झामुमो समर्थित प्रत्याशियों की जीत होगी। उन्होंने कहा कि डालटेनगंज में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा मेयर प्रत्याशी अरुणा शंकर को करुणा शुक्ला बता दिए जाने के बाद अखबारों में विज्ञापन दिया गया। अरुणा शंकर द्वारा अपने को बनिया की बेटी बताया गया। इस तरह भाजपा अब धर्म संप्रदाय से ऊपर उठ कर जाति पर आ गयी है।

संक्षिप्त खबरें

## रांची में भाजपा नेताओं ने सुना 'मन की बात' का 131वां एपिसोड

**रांची** : झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने रविवार को रांची के गोंदा मंडल स्थित एक बूथ पर प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 131वां एपिसोड सुना। कार्यक्रम में भाजपा के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सुनने के बाद आदित्य साहू ने कहा कि मन की बात विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि में बदलने का अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महीने अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला यह संबोधन देश के करोड़ों लोगों को प्रेरणा से भर देता है। आदित्य साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम में उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक के प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से बढ़ते और बदलते भारत की तस्वीर सामने आती है। इसमें देशवासियों के पुरुषार्थ की गाथाएं, संस्कृति और प्रकृति की चर्चा के साथ-साथ आधुनिक तकनीक से बदलती दुनिया में भारत की सकारात्मक भूमिका पर भी प्रकाश डाला जाता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से मन की बात सुनें और राष्ट्र निर्माण के प्रयासों से जुड़ें। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात भारत के स्वाभिमान और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विरासत और विकास दोनों को साथ लेकर चलता है तथा वोकल फॉर लोकल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों और परंपराओं को बढ़ावा देता है। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश से गुलामी के प्रतीकों को हटाने का निर्णय राष्ट्र के स्वाभिमान को सुदृढ़ करने वाला है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि मन की बात में उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकात्मकता की झलक मिलती है, जो भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की चेतना को प्रबल करती है। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन काल से उन्नत तकनीक का निमार्ता और शोधकर्ता रहा है तथा आधुनिक तकनीक के विकास में भी तेजी से योगदान दे रहा है। कार्यक्रम सुनने के अवसर पर भाजपा के कई अन्य नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना।

## तृतीय दिवस पर श्याम भक्तों की अपार भीड़ वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजायमान हुआ मंदिर



**रांची** : हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर मे रंग रंगीलो श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव के तृतीय दिवस में जयपुर से आए गिरिराज शरण ने भजनों की अमृत वर्षा के साथ श्याम कथा का शुभारंभ किया । वैदिक मंत्रोच्चार से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मुख्य यजमान कमल मोर नयना मोर प्रतीक मोर श्वेता मोर ने पूजन आरती करके श्याम कथा का प्रारंभ करवाया। आज तृतीय दिवस के प्रसंग कौरव पांडवों से बर्बरीक मिलन श्री कृष्ण द्वारा बर्बरीक की परीक्षा पांडवों का गर्व तोड़ना खाटू में दिव्या शीश का प्रकट होना के प्रसंग से श्याम मंदिर गुंजायमान था। संध्या 4:00 बजे जब मंदिर के पट खुले तो मंदिर परिसर में नियमित भक्तों की भीड़ के साथ श्याम कथा सुनने वाले भक्तों का भी तांता लगा हुआ था। मण्डल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि श्याम कथा में आने वाले भक्तों के लिए बैठने की सुंदर व्यवस्था की गई हैं । गौरव अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में भक्तों की अपार भीड़ हो रही है। रोजाना फल प्रसाद चढ़ा रहे हैं। श्री श्याम कथा के प्रारंभ से लेकर रात्रि आरती तक भक्तों के बीच श्याम मित्र मण्डल के तरफ से केसरिया पेडा फल प्रसाद का वितरण किया जाता है। आज की कथा में कमल मोर नैना मोर प्रतीक मोर श्वेता मोर पियूष मोर राजेश बेला प्रकाश योगेश सौरभ कटारुका स्नेहलता अग्रवाल अन्नपूर्णा सरावगी सीमा पोद्दार स्वेता अग्रवाल उपस्थित हुए। आयोजन को सफल बनाने के लिए मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया अशोक लड़ियां कोषाध्यक्ष मनोज खेतान मंत्री विष्णु चौधरी उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया आदित्य लोहिया प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल कार्यकारणी सदस्य राजेश ढांढनिया स्नेह पोद्दार रोशन खेमका विशाल अग्रवाल कृष्ण शर्मा अभिषेक सरावगी निखिल नारनौली सहित सैकड़ों श्याम सेवक श्याम कथा को सफल बनाने में लगे हुए थे।

## हेसल पंचायत प्रतिनिधिमंडल की थाना प्रभारी गौतम रजवार से शिष्टाचार भेंट




**रांची** : हेसल पंचायत के अंजुमन कमिटी के सदस्यों ने महमूद अंसारी के नेतृत्व में अनगडा थाना प्रभारी से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बुके अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया आगे अंजुमन के सदसयों ने कहा कि आपके आने के बाद थाना क्षेत्र में शांति का माहौल बना है और किसी भी घटना का बहुत ही जल्द उतभेदन का कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजने का काम किया इस काम के लिए लोगो ने बधाई दिया और प्रभारी ने भी हर संभव मदद का आश्वासन दिया जनता से अपील भी की पुलिस प्रशासन को मदद करे मौके पर मुख्यरूप से अंजुमन के सदर अब्बास अंसारी साबिर अंसारी , समाज सेवी पारश उराव इब्राहिम अंसारी मिन्हाज अंसारी अख्तर अंसारी सौकत अंसारी अहमद अंसारी असफाक अंसारी अमीरूल अंसारी सकील अंसारी अजीज अंसारी आलम अंसारी आदि शामिल थे।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर सिल्ली में सामाजिक सद्भाव बैठक, समरसता का लिया संकल्प



**सिल्ली** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी बर्ष के अवसर पर रविवार को सिल्ली स्थित प्रेम वाटिका में आरएसएस सिल्ली खंड की ओर से सामाजिक सदभाव बैठक का आयोजन किया गया। भारत माता की पूजा, दीप प्रज्ज्वलन एवं सामुहिक गीत से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। बैठक में आरएसएस के प्रांत महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख संजीत सिंह, सह जिला कार्यवाह महावीर महतो, विभाग मुख्य मार्ग प्रमुख गुरुपद दास गोस्वामी, कुटाम गुरुकुल के असीम कृष्ण दास, संघ के राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, रमण साहु, जिला प्रचार प्रमुख विष्णु गिरी, सिल्ली खंड सह कार्यवाह अमित कुमार महतो, सामाजिक समरसता संयोजक नन्द किशोर साय, व्यवस्था प्रमुख प्रकाश अग्रवाल समेत समाज के 20 विभिन्न जाति समूह के नेतृत्व करने वाले लोग शामिल हुए। बैठक में समाज के अलग अलग वर्गों के प्रतिनिधियों ने सामाजिक समरसता, आपसी एकजुटता एवं समाज के सभी वर्गों के बीच मेल जोल प्रगाढ़ करने पर अपने विचार रखे। बैठक को सम्बोधित करते हुए आरएसएस के संजीत सिंह ने कहा कि समाज में कर्म की प्रधानता है, जाति-पांति या ऊंच-नीच का कोई स्थान नहीं है। समाज में सभी वर्गों के बीच समाजिक समरसता बनी रहे। इसके लिए निरंतर सामुहिक प्रयास किए जाने चाहिए। बैठक में उपस्थित कुटाम गुरुकुल के आचार्य सुबल दास, मुखिया सीमा कुमारी गोंझु अर्जुन कालिंदी, राधेश्याम साहू, भरत देव साय, नरोत्तम गोराई, अरविंद साहु, ललन कुमार, गोपाल केडिया, गोवर्धन मुंडा, शुभम सोनार, भागवत सोनार आदि ने अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने समाज में छुआछूत, ऊंच- नीच, बाल विवाह, अशिक्षा सहित अन्य कुरुतियों को दुर कर सामाजिक भाईचारे और सहयोग की भावना को सशक्त करने पर बल दिया। बैठक के अंत में सभी ने आपसी सौहार्द एवं समाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### गौशाला में आग लग जाने से एक दुधारू गाय और बछड़े की मौत

**मरकच्चो :** प्रखण्ड के उत्तरी पंचायत मरकच्चो स्थित ग्राम धुब्बाडीह में एक गौशाला में आग लग जाने से एक दुधारू गाय और बछड़े की दर्दनाक मौत हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धुब्बाडीह निवासी बालदेव साव पिता स्व रेवा साव के गौशाला में शनिवार की रात आग लग जाने से गाय व बछड़े की मौत हो गयी। गाय दो माह पूर्व बच्चा दी थी। गाय सुबह शाम 10 किलो दूध दे रही थी। पीड़ित बालदेव साव का पुत्र सिकन्दर साव ने बताया कि गाय की मौत से मरे परिवार की कमर टूट गयी है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम गाय दुहने के समय मकर से बचने के लिए धुंवा किया गया था।जो बाद में बुझा दिया गया था। रात में आग कैसे लगी यह किसी को पता नहीं चल पाया। रात में ही गाय बछड़े की मौत हो गयी। जबतक आग लगने का मालुम हुवा तबतक गाय ,बछड़े, गौशाला में रखा लकड़ी और गोबर के कंडे समेत एलबेस्टर जलकर राख हो गयी। परिजनों ने बताया कि आग लगने से लगभग 1 लाख का नुकसान हुवा है। पीड़ित पशुपालक ने प्रशासन से मुवावजे की मांग की है।

### महायज्ञ में तीसरे दिन हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचे



**डोमचांच :** प्रखंड के धरगांव पंचायत में चल रहा श्री श्री 1008 नवदिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन यज्ञ मंडप का परिक्रमा को लेकर श्रद्धालु भक्त हजारों हजार की संख्या में यज्ञ स्थल पर पहुंच रहे हैं वहीं वृंदावन से कर्दम ऋषि के तपोभूमि कोडरमा शहीदों की पावन धरती डोमचांच कृषि के गोद में बसा धरगांव पहुंची साधना किशोरी श्रद्धालु भक्तों को कथा के माध्यम से रसपान करवा रही है साधना किशोरी के साथ पहुंचे भक्ति गायन की पूरी टीम श्रद्धालु भक्तों को भक्ति के अथाह सागर में गोते लगाने के लिए विवश कर दे रहे हैं श्रद्धालु भक्त यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते हुए ओम नमः शिवाय का जाप भी कर रहे हैं। महायज्ञ यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष बाबूलाल यादव सचिव रामू यादव एवं कोषाध्यक्ष सुखदेव मेहता,पूर्व मुखिया सुरेश यादव के साथ-साथ समिति के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य गण लगे हुए हैं। महायज्ञ कार्यक्रम को बेहतर बनाने में सकलदेव यादव,पिंटू लाल यादव,सुभाष मेहता,रवि यादव,संतोष मेहता, प्रदीप मेहता,राधेश्याम रसिया,वीरेंद्र साव मिथिलेश यादव,नितेश यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रोजगार मेला आयोजित, दर्जनों प्रशिक्षुओं का विभिन्न विद्यालयों में चयन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत प्लेसमेंट सेल के द्वारा रोजगार मेला का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व के अनेक छात्र-छात्राओं तथा बी.एड. एवं डी.एल.एड. सत्र 2023-25 तथा 2024-26 के प्रशिक्षुओं ने साक्षात्कार दिया एवं अपनी सहभागिता निभाई। विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों ने रोजगार मेले में सम्मिलित होकर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। इस अवसर पर कोडरमा जिला के ग्रिजली विद्यालय एवं ग्रिजली पब्लिक स्कूल सहित अन्य कई प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न की गई। विषय-विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षुओं की शैक्षणिक दक्षता, शिक्षण कौशल, व्यक्तित्व, संप्रेषण क्षमता एवं कक्षा-प्रबंधन योग्यता का मूल्यांकन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में प्रशिक्षुओं का विभिन्न विद्यालयों में माध्यमिक, प्राथमिक व पूर्वझ्रप्राथमिक स्तर पर शिक्षक पद हेतु चयन किया गया। यह उपलब्धि न केवल चयनित प्रशिक्षुओं के लिए गौरव का विषय है, बल्कि महाविद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण व्यवस्था एवं अनुशासित वातावरण का भी प्रमाण है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार सेठ ने अपने सम्बोधन में कहा कि रोजगार मेला हमारे संस्थान की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षुओं को उनके शैक्षणिक जीवन के पश्चात सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। हमें अत्यंत प्रसन्नता है कि महाविद्यालय के प्रशिक्षु अपनी प्रतिभा, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों के आधार पर विभिन्न विद्यालयों में चयनित होकर शिक्षा जगत में योगदान देने जा रहे हैं। इस प्रकार का रोजगार मेला भविष्य में भी निरंतर आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला के सफल आयोजन में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। रोजगार मेला महाविद्यालय के आईक्यूएसी समन्वयक मनीष कुमार सिन्हा के देख देख संपन्न किया गया।

## नगर निकाय चुनाव में 48 घंटे की मौन अवधि लागू, प्रचार पर पूर्ण रोक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड द्वारा नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मतदान समाप्ति से पूर्व 48 घंटे की अवधि में चुनाव प्रचार-प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। आयोग की अधिसूचना के अनुसार नगर पालिका चुनाव के लिए मतदान 23 फरवरी 2026 को निर्धारित है। निर्वाचन की शुचिता बनाए रखने एवं मतदाताओं को बिना किसी दबाव के स्वतंत्र निर्णय लेने का अवसर देने हेतु मतदान समाप्ति से पूर्व की 48 घंटे की अवधि को 'मौन अवधि' घोषित किया गया है। यह अवधि 21 फरवरी 2026 को अपराह्न 5:00 बजे से प्रारंभ होकर 23 फरवरी 2026 को मतदान समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। यह प्रतिबंध झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा-559, झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के नियम-127 तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-126 के अंतर्गत लागू किया गया है।

**मौन अवधि के दौरान प्रतिबंधित गतिविधियाँ:**
मतदान क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सार्वजनिक सभा, रैली, जुलूस या जनसमूह का आयोजन, उसमें भागीदारी या संबोधन। सिनेमा, टेलीविजन, रेडियो, सोशल मीडिया, लाउडस्पीकर, समाचार पत्र अथवा अन्य किसी माध्यम से चुनाव संबंधी प्रचार-प्रसार या मतदाताओं को प्रभावित करने वाले संदेशों का प्रसारण।

## विधायक भूषण बाड़ा ने की सभी सार्वजनिक स्थानों में तड़ित चालक लगाने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने जिले में वज्रपात से हो रही मौतों को रोकने के लिए पहल करने की मांग विधानसभा सत्र के माध्यम से की है। विधायक सत्र के माध्यम से अल्पसूचित प्रश्न के तहत सरकार से पूछा कि क्या सिमडेगा में पहाड़ी भूभाग की वजह से वज्रपात की घटनाएं भयावह रूप ले चुकी हैं और क्या इससे ग्रामीणों तथा मवेशियों की मौत लगातार हो रही है। इस पर सरकार ने स्थिति को पूरी तरह स्वीकार करते हुए माना कि जिले में वज्रपात एक गंभीर प्राकृतिक खतरा बन गया है। विधायक ने पूछा कि क्या वज्रपात से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थानों जैसे सरकारी कार्यालय, स्कूल, महाविद्यालय, पंचायत भवन, प्रखंड मुख्यालय और भीड़भाड़ वाले अन्य भवनों में शक्तिशाली तड़ित चालक लगाया जाना जरुरी है। मंत्री ने इस पर भी स्वीकृत जवाब दिया और माना कि तड़ित चालक लगाना ही एकमात्र वैज्ञानिक और प्रभावी उपाय है। जिससे जनहानि को रोका जा सकता है। विधायक ने सरकार से पूछा कि जब दोनों बिंदु स्वीकार किए जा चुके हैं, तो क्या राज्य सरकार जिले के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर तड़ित चालक लगाने की दिशा में ठोस कदम उठाने पर विचार कर रही है। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि तहत सभी प्रकार के भवनों में तड़ित चालक लगाना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य करवाने वाली सभी एजेंसियों द्वारा तड़ित चालक लगाना आवश्यक है और यह नियम पूरे राज्य में लागू है। सिमडेगा में इसका पालन अनिवार्य रूप से कराया जाएगा।

## अधिवक्ता संघ, कोडरमा द्वारा मैत्रीपूर्ण क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** विधि व्यवसाय की गंभीरता एवं दायित्वपूर्ण वातावरण के मध्य आपसी सौहार्द, समन्वय तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अधिवक्ता संघ, कोडरमा के तत्वावधान में स्थानीय ख.ख. उड्ड’ ’ी, ड्ड्डीर्ं के खेल मैदान में अधिवक्ताओं के मध्य एक भव्य, अनुशासित एवं सफल मैत्रीपूर्ण क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे तथा खेल भावना, अनुशासन और पारस्परिक सम्मान का प्रेरणादायी परिचय दिया। प्रतियोगिता में एक टीम का नेतृत्व वरिष्ठ अधिवक्ता धीरज जोशी द्वारा तथा दूसरी टीम का नेतृत्व सुरेन्द्र प्रसाद द्वारा किया गया। टॉस जीतकर सुरेन्द्र इलेवन ने प्रथम बल्लेबाजी का निर्णय लेते हुए निर्धारित 28 ओवरों में 144 रनों का प्रतिस्पर्धात्मक लक्ष्य निर्धारित किया। इस पारी में विनोद कुमार ने संयमित, धैर्यपूर्ण एवं प्रभावशाली बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक रन अर्जित किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी धीरज जोशी इलेवन ने प्रारंभ से ही संतुलित एवं आक्रामक रणनीति का परिचय दिया। विपक्षी टीम को नियंत्रित रखने में राहुल राज एवं राजीव सिंह की सधी हुई, अनुशासित एवं धारदार गेंदबाजी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिसके परिणामस्वरूप विपक्ष निर्धारित लक्ष्य के भीतर ही सीमित रह सका। उत्तरार्ध में धीरज जोशी इलेवन ने उत्कृष्ट समन्वय, रणनीतिक सूझबूझ एवं आक्रामक बल्लेबाजी का परिचय देते हुए निर्धारित लक्ष्य को तीन ओवर शेष रहते ही प्राप्त कर मैच अपने नाम कर लिया। इस पारी में एम.डी. रिजवान, राहुल कुमार, धीरज जोशी एवं ज्ञान रंजन सहित अन्य अधिवक्ताओं ने प्रभावशाली योगदान दिया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

## तामड़ा शिव मंदिर तृतीय वार्षिक महोत्सव पर 26 को भव्य कलश यात्रा के साथ अखंड हरिकीर्तन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा बाजार के समीप स्थित भव्य शिव मंदिर में तृतीय वार्षिक महोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिर परिसर में 26 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ होगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और ग्रामीणों में विशेष उत्सुकता देखी जा रही है।समिति के अध्यक्ष अशोक प्रसाद केसरी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की सुबह भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में गांव की महिलाएं एवं पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। श्रद्धालु विधि-विधान के साथ जल लेकर मंदिर परिसर पहुंचेंगे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना एवं अधिवास पूजन संपन्न कराया जाएगा। इसके उपरांत 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ होगा, जिसमें आसपास के विभिन्न गांवों की कीर्तन मंडलियां भाग लेंगी। अखंड हरिकीर्तन में भेलवाडीह, बीरू, लाछालोया, आन्धारीखमण, केशलपुर, भुडूपानी, टभाडीह, कुम्हारटोली सहित अन्य गांवों की मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। विभिन्न मंडलियों द्वारा भगवान शिव एवं हरि नाम संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। महोत्सव के प्रथम दिन संध्या बेला में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

## झारखंड राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कोडरमा को उपविजेता सम्मान, दो खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में चयनित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** कोडरमा जिला कबड्डी संघ के सीनियर बालक वर्ग की टीम ने झारखण्ड राज्यस्तरीय सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम की इस उपलब्धि से जिले में खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल है। टीम के खिलाड़ियों में से विल्सन पॉल तथा शुभम कुमार का चयन राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए झारखण्ड टीम में किया गया है, जो कोडरमा जिले के लिए गर्व का विषय है। इस उपलब्धि पर कोडरमा जिला कबड्डी संघ के संरक्षक प्रमोद कुमार सिंह, संगीता शर्मा, अविनाश सेठ, सुनील जैन छाबड़ा, अध्यक्ष संदीप कुमार सिन्हा, सचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष विशाल सिंह, उपाध्यक्ष तौफीक हुसैन, विकाश कुमार, सह सचिव जय गोपाल शर्मा, विजय साहू, दीपक कुमार, तकनीकी विशेषज्ञ मुख्य कुंदन कुमार राणा, सदस्य सुनीता पांडे, सिद्धार्थ झांझरी, अभिषेक पांडे, राहुल जैन, आशीष जैन, संदीप जैन, सुनील साव, अमित राय, जिप सदस्य लक्ष्मण यादव, ॐ प्रकाश राय, सेवानिवृत्त डि एस पी माधव भार्गव, मुन्ना कुमार, आदित्य कुमार, चंदन सिंह, श्रवण कुमार समेत अन्य सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

# नगरपालिका चुनाव आज, 114 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में नगरपालिका निर्वाचन, 2026 के तहत निर्धारित मतदान तिथि 23 फरवरी 2026 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ऋतुराज द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। उपायुक्त ने जानकारी दी कि नगरपालिका निर्वाचन-2026 के निमित्त निकायवार मतदान हेतु सभी मतदान दलों को डिस्पैच सेंटर से नियुक्ति पत्र, मतपेटिका एवं आवश्यक निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराते हुए निर्धारित मतदान केंद्र एवं क्लस्टर के लिए रवाना कर दिया गया है। प्रत्येक मतदान दल में 01 पीठासीन पदाधिकारी एवं 04 मतदान पदाधिकारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन हेतु कुल 114 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जो 62 भवनों में अवस्थित हैं। स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए निकायवार सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, जोनल पदाधिकारी एवं सुपर जोनल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही विधि-व्यवस्था संधारण एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों की विशेष निगरानी हेतु पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन संपन्न कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा सभी संबंधित पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रवि जैन, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जलडेगा के विलियम चौक में 26 फरवरी को लगेगा वार्षिक मेला




**जलडेगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित विलियम चौक में 26 फरवरी 2026, गुरुवार को 'शहीद कॉमरेड विलियम लुगुन स्मृति वार्षिक मेला 2026' का आयोजन किया जाएगा। यह मेला शहीद विलियम लुगुन की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होता है, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग भाग लेते हैं। आयोजन समिति के अनुसार, कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9:00 बजे शहीद विलियम लुगुन समाधि स्थल पर प्रार्थना सभा से होगी। इसके बाद 10:00 बजे विलियम चौक स्थित शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं सह-पहान द्वारा पूजा किया जाएगा। सुबह 11:00 बजे से पारंपरिक लोक नृत्य की प्रस्तुति होगी। दोपहर 1:30 बजे महिला एवं पुरुष तीरंदाजी प्रतियोगिता, 2:30 बजे महिलाओं की घड़ा फोड़ प्रतियोगिता तथा 3:30 बजे बच्चों की बोरा रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। शाम 4:30 बजे त्रैमासिक बहुभाषी पत्रिका "परवाना" का सामूहिक लोकार्पण किया जाएगा। शाम 5:00 बजे अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित अभिनेता अनुराग लुगुन की टीम द्वारा "हजार गांव में हजार राइज" नाटक का मंचन किया जाएगा, वहीं 5:40 बजे रांची की टीम द्वारा "विस्थापन" विषय पर नाटक प्रस्तुत किया जाएगा। शाम 6:30 बजे पुरस्कार वितरण एवं अतिथियों का संबोधन होगा। रात 9:00 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा बच्चों के नृत्य की प्रस्तुति के साथ मेला संपन्न होगा। मेले में जदूरा/डमकच प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 15,000 रुपये, द्वितीय 10,000 रुपये एवं तृतीय 5,000 रुपये दिए जाएंगे। तीरंदाजी प्रतियोगिता में साइकिल सहित नकद पुरस्कार, घड़ा फोड़ प्रतियोगिता में कुर्सी तथा बोरा रेस में बैग पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से उपस्थित होकर झारखंडी आदिवासी-मूलवासी संस्कृति को सहेजने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के निदेशक अनिल कुमार को "रबिन्द्रनाथ टैगोर राष्ट्रीय अवार्ड" से किया गया सम्मानित




**कोडरमा :** एक उपदेश मीडिया द्वारा रांची के पांच सितारा होटल रमादा में आयोजित एजुकेशन एक्सीलेंस कांन्क्लेव में विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के निदेशक अनिल कुमार को "रबिन्द्रनाथ टैगोर राष्ट्रीय आवार्ड" से सम्मानित किया गया। इस आवार्ड से प्रफुल्लित होकर उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मान से जँहा एक ओर विद्यालय परिवार गौरान्वित महशुस करता हैं वही दूसरी ओर शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 22 सालों से विद्यालय का संचालक कर रहा हूँ। इस दौरान कई राजकीय व राष्ट्रीय स्तर के शिक्षा सम्मेलन व आयोजनों में भाग लेने अवसर प्राप्त हुआ हैं। और ऐसे मंचों पर देशभर के सम्मानित शिक्षाविदों का सानिध्य व अनुभव प्राप्त होता रहा हैं। और यही सब अनुभव विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों को सही मार्गदर्शन करने में मदद करता हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजक, गुरुजनों व शुभचिंतको के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। यह अवार्ड मुझे शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। इस सम्मान से खुश होकर विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं व प्राचार्य ने बधाई दिया।

### डीएलएसए के तत्वाधान में ट्रेनिंग प्रोग्राम का हुआ आयोजन



**कोडरमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में रविवार को सभागार में ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य अधिवक्ताओं को कानून के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी देना है, ताकि उनको काम करने में किसी भी तरह की परेशानी ना आए और वह बेहतर तरीके से कार्य कर सके। उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ता कानूनी पहलुओं की बारीकियां को समझते हुए बेहतर तरीके से कार्य करें और अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचने का कार्य करें, ताकि कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न रह सके। वही डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता नवल किशोर ने आर्बिट्रेशन एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। वही डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने आईटी एक्ट, बाल विवाह बाल तस्करी पर विस्तृत रूप से जानकारी दिया। इसके अलावा अधिवक्ता किरण कुमारी, अधिवक्ता रीना कुमारी, रितम कुमारी, सुमन जायसवाल ने भी कई कानूनी पहलुओं पर अपनी विचार रखें। मौके पर डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता राजेंद्र मंडल ,अश्विनी शरण, ललन चौधरी, संगीता कुमारी, टीनू कुमारी, मेडिएटर राजेश्वर प्रसाद सिंह, मेडिएटर ललिता देवी, मेडिएटर कीर्ति कुमारी, अधिवक्ता रोहित कुमार सिंह, अधिवक्ता अजय कुमार, अधिवक्ता नलिन विमलेश कुमार सहित दर्जनों अधिवक्ता एवं मेडिएटर उपस्थित थे।

### माउंटेन व्यू नेशनल स्कूल का 13वां स्थापना दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा समारोह



**चौपारण :** डोमा डाढ़ी स्थित माउंटेन व्यू नेशनल स्कूल में 13वां स्थापना दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बरही डीएसपी अजीत कुमार विमल, चौपारण मुखिया पिंकी देवी, मुखिया प्रतिनिधि हेलाल अख्तर, डॉ. बालेश्वर राम, सुरेंद्र दास एवं बिराज रविदास सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और स्कूल परिवार के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत एवं नाटक ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। अभिभावकों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएसपी अजीत कुमार विमल ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## एक नजर

### नगर पंचायत में आज डाले जाएंगे वोट, तैयारियां पूरी

**खूंटी**: नगर निकाय चुनाव के तहत खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र में 23 फरवरी को होने वाले मतदान को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है। अनुमंडल पदाधिकारी की ओर से क्षेत्र में निषेधाज्ञा जारी कर दी गई है, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त की उपस्थिति में रविवार को सभी बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया। नगर पंचायत क्षेत्र के कुल 19 वार्डों में एक नगर अध्यक्ष एवं 19 वार्ड सदस्यों के लिए मतदान कराया जाएगा। इसके लिए 20 चिह्नित भवनों में कुल 30 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 28917 करेंगे मताधिकार का प्रयोग नगर पंचायत क्षेत्र के कुल 28,917 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रशासन द्वारा सभी बूथों पर पेयजल, शौचालय, बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। बूथ तक पहुंचने में असमर्थ मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था भी की गई है। जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए पूरे नगर क्षेत्र को चार सेक्टरों में विभाजित किया गया है तथा प्रत्येक सेक्टर में एक-एक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने जानकारी दी कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है। साथ ही, बाइक पेट्रोलिंग टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार गश्त कर रही है। आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम भी तैनात की गई है। प्रशासन ने दावा किया है कि नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और शांति के साथ संपन्न कराया जाएगा।

### पुल से गिरकर मजदूर की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम**: पश्चिम सिंहभूम जिला अंतर्गत टोंटो थाना के सुंडी सुरनिया गांव निवासी 38 वर्षीय तुराम हेस्सा की चालगी गांव स्थित एक नाला के पुल से गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तुराम हेस्सा एसीसी सीमेंट फैक्ट्री, झींकपानी में ठेकेदार के अधीन कार्यरत था। वह प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे ड्यूटी जॉइन करता था और शाम 6:00 बजे छुट्टी के बाद अपने गांव सुंडी सुरनिया लौटता था। शनिवार को भी वह ड्यूटी समाप्त कर घर के लिए निकला था। रास्ते में उसकी पत्नी हीरा हेस्सा से फोन पर बात हुई थी। उसने बताया था कि वह रास्ते में है और घर पहुंच रहा है। लेकिन काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर उसकी पत्नी हीरा हेस्सा ने दोबारा फोन किया तो संपर्क नहीं हो सका। रात भर परिजन चिंतित रहे। जानकारी के अनुसार जंगली इलाका होने और हाथियों के आवागमन के कारण तुराम हेस्सा लुगुनसाई में एक भाड़े के कमरे में भी कभी-कभी रुक जाता था। रविवार सुबह हीरा हेस्सा उसी दिशा में निकली। रास्ते में चालगी गांव पहुंचने पर नाला के पुल के पास भीड़ देखी। ग्रामीण मुंडा से जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची हुई थी। वहां जाकर देखा तो मृतक उसका पति तुराम हेस्सा ही था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चाईबासा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां 14 और 11 वर्ष की तथा एक 9 वर्षीय बेटा है। प्रतिदिन जिस रास्ते से आवागमन होता था, उसी छोटे नाला पुल से गिरकर मौत होना कई सवाल खड़े कर रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल कर रही है।

# पटेलनगर में बंद घर में चोरी का खुलासा, दो नाबालिग सहित तीन आभूषण खरीददार गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा** : सीसीएल कॉलोनी पटेलनगर में बंद घर में ताला तोड़कर हुई चोरी की घटना का भुरकुंडा पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। पुलिस ने चोरी गए सोना-चांदी के आभूषणों के साथ 15 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। मामले में संलिप्त दो नाबालिगों सहित तीन आभूषण खरीददारों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रेस वार्ता में पतरातू अंचल पुलिस निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि 19 फरवरी को पटेलनगर निवासी संतोष कुमार मिश्रा ने अपने बंद घर का ताला टूटने और चोरी होने की सूचना दी थी। इस संबंध में पतरातू भुरकुंडा थाना कांड संख्या 42/2026, धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया




गया। मामला दर्ज होते ही पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम ने तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। छापेमारी के दौरान चोरी गए आभूषण और 15 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि घटना में शामिल दोनों नाबालिग कॉलोनियों में कबाड़ चुनने का काम करते थे। दिन में बंद घरों की रेकी कर रात में ताला तोड़कर चोरी को अंजाम देते थे। चोरी के बाद आभूषणों को अभिषेक सोनी के दस्तावेजों का उपयोग कर मनीषा ज्वेलर्स के राहुल वर्मा और चंदन कुमार को बेच दिया जाता था, ताकि सामान सामान्य प्रतीत हो। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने की चेन, कान की बाली, टॉप, बच्चे की अंगूठी, चांदी की पायल, बिछिया, अंगूठी, क्रिस्टल माला, सिटी गोल्ड चेन और गलाकर बनाए गए ठोस धातु के टुकड़े बरामद किए हैं। छापेमारी दल में बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी मो. अख्तर अली, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। उपेंद्र कुमार ने आभूषण व्यवसायियों से अपील की कि बिना मूल रसीद के पुराने गहनों की खरीदारी न करें। उन्होंने कहा कि दुकानों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं और उन्हें नियमित रूप से संचालित एवं सुरक्षित रखा जाए, ताकि किसी भी संदिग्ध लेन-देन या आपराधिक गतिविधि की स्थिति में फुटेज पुलिस जांच में सहायक हो सके। साथ ही, प्रत्येक खरीद-बिक्री का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज करना और खरीदार-बेचने वाले का वैध पहचान पत्र लेना भी सुनिश्चित करें, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई में सहयोग मिल सके।

## संत गाडगे जयंती शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : शहर में रविवार को भक्ति, सामाजिक चेतना और एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। अखिल भारतीय धोबी महासंघ और संत गाडगे जागृति मंच, जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में संत गाडगे जयंती शोभा यात्रा सह भीम समागम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के कई लोगों ने भाग लेकर एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने अपने संबोधन में शिक्षा, संगठन और सामाजिक जागरूकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की असली ताकत उसकी शिक्षा और एकता में निहित होती है। जब तक समाज का युवा शिक्षित और संगठित नहीं होगा, तब तक वास्तविक प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने संत गाडगे और बाबा साहेब



डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को आज भी प्रासंगिक बताते हुए कहा कि उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज आत्मनिर्भर और सम्मानित बन सकता है। विधायक ने कहा कि संत गाडगे ने स्वच्छता, सेवा और सामाजिक सुधार का जो संदेश दिया, वह आज के समय में और भी महत्वपूर्ण हो गया है। वहीं बाबा साहेब के संविधान और उनके संघर्षों ने वंचित समाज को अधिकार और सम्मान दिलाने का रास्ता दिखाया। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करें और समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनें।

## हाइवा की टक्कर से युवक की मौत मुआवजे की मांग पर 9 घंटे जाम रहा हजारीबाग रोड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : चेपाकला गांव में एनटीपीसी कोयला ट्रांसपोर्टिंग रोड चार नंबर गेट पास के पास बीती शनिवार रात 10:30 बजे एक हाईवा ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें सवार तीनों लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते हीं एंबुलेंस के सहारे घायलों को बड़कागांव अस्पताल लाया गया। जहां 28 वर्षीय राजू महतो ग्राम बड़कागांव बसरिया टोला डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एक का इलाज रांची हॉस्पिटल में किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते हीं मृतक के परिजनों ने रविवार सुबह 9:00 बजे लाश को 13 माइल हजारीबाग रोड सड़क पर



रखकर कंपनी से मुआवजे की मांग करने लगे। सड़क जाम रहने के कारण लगभग 400 हाईवा प्रभावित हुआ इसमें कंपनी को लाखों रुपया का नुकसान उठाना पड़ा। सड़क जाम हटाने के लिए प्रशासन की ओर से अंचलाधिकारी मनोज कुमार, पुलिस निरीक्षक ललित कुमार थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, डाड़ीकला थाना प्रभारी सागेन मुर्मू दिनभर व्यस्त रहे।

**7 लाख रुपया एवं मृतक के पत्नी को नौकरी के आश्वासन पर सड़क जाम हटा**

मृतक के परिजनों के द्वारा मुआवजे राशि की मांग को लेकर कंपनी के खिलाफ लगभग 9 घंटे तक सड़क जाम रखा। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, अंबा प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार व अन्य प्रबुद्ध लोगों की मशक्कत के बाद सड़क जाम को हटाया जा सका।

### ब्लू प्लेनेट पब्लिक स्कूल में पूर्व सैनिकों का रंगारंग होली मिलन समारोह आयोजित

# देशभक्ति की स्मृतियों संग गीत-संगीत और गुलाल से सजा सौहार्द का उत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ के ब्लू प्लानेट पब्लिक स्कूल परिसर में पूर्व सैनिकों द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह, गरिमा और आत्मीयता के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, रामगढ़ के सचिव राम टहल महतो के द्वारा किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एकत्रित हुए और आपसी भाईचारे, सौहार्द तथा देशसेवा की स्मृतियों के बीच रंगों का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत आपसी अभिनंदन और होली की शुभकामनाओं के आदान-प्रदान से हुई। सभी ने एक-दूसरे को



अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए स्वस्थ, समृद्ध और सौहार्दपूर्ण समाज की कामना की। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने सेना में बिताए अपने अनुभव साझा किए। सीमाओं पर ड्यूटी के दौरान की कठिन परिस्थितियों और साथियों के साथ बिताए पलों की चर्चा ने वातावरण को भावुक और प्रेरणादायक बना दिया। समारोह का मुख्य आकर्षण रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति रही। होली के पारंपरिक गीतों पर पूर्व सैनिकों ने जमकर आनंद उठाया। "रंग बरसे", "होली के दिन दिल खिल जाते हैं" जैसे लोकप्रिय गीतों के साथ लोकधुनों पर भी सभी झूमते नजर आए। ढोलक और मंजीरे की थाप पर फाग गीत गाए गए, जिससे पूरा परिसर उत्सवमय हो गया। कई पूर्व सैनिकों ने मंच संभालकर देशभक्ति और होली से जुड़े गीत प्रस्तुत किए, जिन पर उपस्थित लोगों ने तालियों की गूंज से उत्साहवर्धन किया। समारोह में विजय सिंह, धर्मचंद प्रसाद, अमित कुमार साहू, चतुर्भुज कश्यप, आर. पी. सिंह, विवेक विश्वकर्मा, अमन कुमार मिश्रा, मनोज यादव, बृज बिहारी सिंह यादव, शिव शंकर यादव, शत्रुघ्न प्रसाद, ललन सिंह, छोटन सिंह, रवि कुमार सिंह, गोपाल यादव, भुवनेश्वर महतो, दशरथ विश्वकर्मा, अजय तिवारी, एच. एन. यादव, इंद्रनाथ महतो, विनोद सिंह, अरविंद सिंह और नागेश्वर राम सहित अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत चुनाव के लिए घरों में जाकर प्रत्याशियों ने मांगा समर्थन

**खूंटी** : नगर पंचायत क्षेत्र में 23 फरवरी को होने वाले मतदान को लेकर भले ही आधिकारिक रूप से चुनाव प्रचार थम चुका हो, लेकिन अध्यक्ष पद के तीन उम्मीदवारों के अलावा सभी 19 वार्ड पार्षदों के कुल 77 प्रत्याशी रविवार को भी डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान में जुटे नजर आए। प्रत्याशियों ने घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की और उनसे समर्थन मांगा। इसी क्रम में तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। भाजपा कार्यकताओं ने मतदाताओं से नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी रानी टूटी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# सुदेश महतो के नेतृत्व में बाघमुंडी में आजसू की सभा, नए पार्टी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बाघमुंडी** : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पूर्व राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में रविवार को आजसू की एक महत्वपूर्ण बैठक बाघमुंडी के एक निजी लॉज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने की।बैठक में ब्लॉक के आठ क्षेत्रों से आए सौ से अधिक कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। इस दौरान 2026 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही मानभूम एवं जंगलमहल क्षेत्र की कथित उपेक्षा और बंचना के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। नेताओं ने कहा कि क्षेत्रीय







समस्याओं को लेकर पार्टी आगामी दिनों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगी। बैठक के उपरांत हाटतला में नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर नए पार्टी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बंगाल प्रभारी सुनील सिंह महतो, जिला सचिव डॉ. चमन खान सहित कई स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा में कार्यकताओं को चुनावी तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। हालांकि 2021 बाघमुंडी विधानसभा सीट पर एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी की पुनरावृत्ति 2026 में होगी या नहीं, इस संबंध में अंतिम निर्णय पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा, ऐसा नेताओं ने स्पष्ट किया। नए कार्यालय के उद्घाटन और बड़े स्तर पर कार्यकताओं की उपस्थिति को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक चचाएं तेज हो गई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बोड़ाम के कुइयाईनी में भव्य कलश यात्रा के साथ नवकुंज का हुआ शुभारंभ



**पटमदा**: बोड़ाम प्रखंड के कुइयाइनी पंचायत मंडप के समीप मैदान में श्री श्री राधा नाम नवकुंज महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस दौरान बंगोइ नहर से कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। गाजे बाजे के साथ नवकुंज स्थल में कलश यात्रा पहुंचकर घट स्थापना किया गया। इस दौरान महायज्ञ में दासानुदास भक्तिपद बाबाजी सहित बोड़ाम आंचलिक नवकुंज कमिटी का सहयोग है। नवकुंज 23 फरवरी से तीन मार्च तक चलेगा। इस दौरान महायज्ञ अनुष्ठान का उद्घाटन थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार,पार्षद गीतांजलि महतो, अध्यक्ष निधि राम सिंह,आदित्य महतो,माणिक महतो,आदित्य महतो,भक्तिपद बाबाजी,मांसाराम सिंह,रमानाथ महतो,विनय मंडल,बनमाली बनर्जी ,ग्राम प्रधान हिमांशु महतो,रामकृष्ण महतो,चित्त रंजन महतो,सहित क्षेत्र के सभी ग्रामीणों और समाजसेवियों का योगदान रहा ।

### धूसरा में मनाया गया बाहा पर्व समाज के लोगों का आस्था




**पटमदा**: पटमदा प्रखंड के खेड़ुआ पंचायत के धूसरा में सड़क किनारे स्थित जाहेर स्थान में फाल्गुन माह के पंचमी के अवसर पर बाहा पर्व उत्साह के साथ सामाजिक परिधान के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।इस दौरान अपने जाहेर स्थान में सभी ने पूजा अर्चना की। इस दौरान नायके बचा मुर्मू,राजाराम मांडी,भवतारण,शिवशंकर, सनातन,जगबंधु, लंबोदर, रसिक मांडी,गोविंद,राम सहित समाज के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### ईचागढ़ मुख्य सड़क के ऊपर ग्यारह हजार वोल्टेज बिजली तार दे रहा हादसे को आमंत्रण



**ईचागढ़**: ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के ईचागढ़ चौका सड़क पर ईचागढ़ प्रखंड मुख्यालय गौरांगकोचा के समीप मुख्य सड़क के ऊपर ग्यारह हजार वोल्टेज बिजली तार को इस पार से उस पार किया गया है,जो हादसे को आमंत्रित कर रहा है। कम ऊंचाई पर बिजली लाइन को पार किया गया है, जिससे अक्सर ऊंचे वाहनों में बिजली का तार सपने से आग लगने का घटना हो रहा है। विभाग के लापरवाही से कभी भी खड़ा हादसा होने एवं जान माल की क्षति हो सकता है। शनिवार को भी एक कंटेनर ट्रक उक्त ग्यारह हजार वोल्ट बिजली तार के चपेट में आने से आग लग थी । समय पर दमकल और ग्रामीणों की तत्परता से बहुत बड़ा हादसा टल गया। हालांकि लाखों का समान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि ग्यारह हजार वोल्टेज का तार बहुत नीचे लगाया गया है और सड़क के बीच में एक छोर से अन्य छोर तक ग्यारह हजार वोल्टेज तार गुजरा है, जिससे शनिवार को भी हादसा में कंटेनर में आग लगी और कई बार दुर्घटना होते-होते वाहन को बचाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्या बिजली विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार में हैं,अगर नहीं तो सड़क पर खतरा बनकर नीचे लगाया गया तार को ऊंचा करने का काम करें । ग्रामीणों ने कहा कि अतिशीघ्र ग्यारह हजार वोल्ट का बिजली तार को ऊंचा किया जाय , ताकि सड़क पर ऊंचे वाहनों में कोई दुर्भावना नहीं घटे।

### महाविद्यालय से कड़ी सुरक्षा में रवाना हुए मतदान दल, उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**रामगढ़** : नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत जिले में 23 फरवरी को मतदान कराया जाएगा। मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसी क्रम में रामगढ़ महाविद्यालय परिसर में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से मतदान पदाधिकारियों और कर्मियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। डिस्पैच सेंटर पर जिला उपायुक्त फेज अक अहमद मुमताज स्वयं मौजूद रहे और संपूर्ण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सामग्री समय पर पहुंचे और मतदान प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। गश्ती दल और क्विक रिस्पांस टीम को भी सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल और उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने भी डिस्पैच प्रक्रिया की निगरानी की। अधिकारियों ने मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए मतदान प्रक्रिया के सभी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। डिस्पैच सेंटर पर मतदान दलों को ईवीएम, आवश्यक प्रपत्र और अन्य चुनावी सामग्री उपलब्ध कराई गई। सुरक्षा बलों की मौजूदगी में सभी दल अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए।

# कौन संत कौन 'असंत' सांसत में भक्तजन

कहने को तो 'बांटो और राज करो ' की नीति अंग्रेजों की बनाई हुई थी। परन्तु आज सत्ता हासिल करने के लिये या सत्ता में बने रहने के लिये यही नीति लगभग दुनियाभर के राजनीतिज्ञों द्वारा अपनाई जा रही है। जाहिर है हमारा देश और यहाँ की राजनीति भी इससे अछूती नहीं है। और कहना गलत नहीं होगा कि 'बांटो और राज करो ' की नीति का अनुसरण भले ही मौका मिलने पर सारे ही दल क्यों न करते हों परन्तु देखा यही जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी व इसकी सरकारों को इस मामले में कुछ ज्यादा ही महारत हासिल है। आप देखिये कि स्वयं को मजबूत व विपक्ष को कमजोर करने के लिये विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस के कितने ही नेता भाजपा ने अपने पाले में कर लिये। चाहे वह भ्रष्टाचार का आरोपी हो,आरोपी हो,अपराधी हो या भ्रष्ट हो परन्तु भाजपा में शामिल होते ही उसे 'मिस्टर क्लीन ' का प्रमाण पत्र दे दिया जाता है। ऐसे कितने ही भ्रष्ट लोग आज मंत्री सांसद व विधायक यहाँ तक कि मुख्यमंत्री तक बने हुए हैं। इसी तरह जब भारत में इतिहास का सबसे प्रमुख किसान आंदोलन 9 अगस्त 2020 से 11 दिसंबर 2021 तक चला था जिसमें केंद्र सरकार के तीन विवादित कृषि कानूनों के विरोध में देश के किसान दिल्ली बॉर्डर पर बैठे थे। उस समय भी भाजपा सरकार ने तरह तरह के हथकंडे अपनाये थे। उनमें एक हथकंडा किसान आंदोलन में शामिल संयुक्त किसान मोर्चा में शामिलकिसान संगठनों में फूट डालना भी शामिल था। चूँकि इस आंदोलन में पंजाब व हरियाणा के सिख बड़ी संख्या में शामिल थे इसलिये भाजपा सरकार के कई मंत्रियों ने इसे 'खालिस्तानी समर्थक' आंदोलन बताने की भी कोशिश की। परन्तु किसानों की एकजुटता के आगे यह सरकारी एजेंडा फुस्स हो गया। याद कीजिये जब कभी सत्ता के खिलाफ देश की विशिष्ट हस्तियां या पूर्व जज अथवा पूर्व आई ए एस एकजुट हुये या फिल्म जगत के लोग,लेखक,साहित्यकार आदि ने सत्ता की नाकामियां उजागर करने के लिये आवाजें उठाएँ उसी वक़्त सत्ता ने भी इन्हीं वर्ग विशेष से सम्बद्ध अपने समर्थकों को खड़ा कर दिया। पिछली बार तो सत्ता को अपनी इन कोशिशों में उस समय शर्मिंदा भी होना पड़ा जबकि सत्ता के समर्थन में खड़े होने वाले कई तथाकथित 'विशिष्ट ' लोगों के भ्र्ष्ट व काले कारनामों का रिकार्ड भी विपक्ष ने ढूँढकर सार्वजनिक कर दिया। बहरहाल अफसोस यह है कि भाजपा की 'बांटो और राज करो ' की नीति की जद में अब साधु संत भी आ चुके हैं। जो भी संत भाजपा की किसी भी नीति की आलोचना करते हैं या एक संत के नाते शास्त्र सम्मत बातें करते हैं या कुछ ऐसी व्यवस्था देते हैं जो कि राजनैतिक होने के बजाये शुद्ध धार्मिक हो, उसे भाजपा सहन नहीं कर पाती। देश में अनेकानेक ऐसे योग्य संत हैं जो धर्म को राजनीति से अलग रखना चाहते हैं वह भाजपा की सत्ता या उसके प्रभाव में कतई नहीं आते। परन्तु भाजपा की तो राजनीति ही धर्म के नाम पर चलती है। इसलिये भाजपा सत्ता समर्थक संतों को तरजीह देती है और उन्हें बढ़ावा भी देती है। उदाहरण के तौर पर सोशल मीडिया की 'कृपा ' से इनदिनों बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर और कथावाचक पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का नाम चर्चा में है। दूसरों का भविष्य बताने वाले इस नवोदित संत ने कुछ वर्ष पूर्व ही सोशल मीडिया द्वारा 'अवतार' लिया है। इन्हें लोग 'बाबा बागेश्वर' या 'बागेश्वर धाम सरकार' के नाम से भी जानते हैं। वे मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के गढ़ा गांव में स्थित बागेश्वर धाम के प्रमुख हैं। शंकराचार्य स्तर के कई संत धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की ज्योतिष विद्या और उनके 'पर्ची ' निकालने को ढोंग व शास्त्र विरोधी बता चुके हैं। परन्तु चूँकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके 'हिन्दू राष्ट्र निर्माण मिशन ' के समर्थक हैं तथा उन्हें प्रधानमंत्री का संरक्षण हासिल है लिहाजा उनकी गिनती सत्ता के दुलारे संतों में की जा रही है।

## सूडोकु नवताल- 7714

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7713 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# 'मुफ्त रेवड़ी आवंटन' फिक्रमंद अदालत बेफिक्र सरकार

तनवीर जाफरी




हमारे देश की राजनीति में नेताओं की 'सत्ता लोलुपता' से देश की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। केंद्र सरकार से लेकर अनेक राज्य सरकारों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिये ऐसी ऐसी योजनायें शुरू की गयी हैं जिनका सीधा प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आज देश के ऐसे कई राज्य जोकि भारी कर्ज और बजट घाटे में होने के बावजूद चुनाव से पहले मुफ़्त बिजली, मुफ़्त राशन, मुफ़्त रसोई गैस आदि बाँट रहे हैं। कहीं बैंक कर्ज मुआफ कर दिया जाता है। यहाँ तक कि अब तो कुछ राज्यों में चुनाव से ठीक पहले मतदाताओं के खातों में नकद धनराशि भी हस्तानांतरित की जा रही है। मतदाताओं को 'मुफ़्त रेवड़ी ' बांटने की इस कवायद का दूरगामी प्रभाव यह होता है कि इससे सरकारों के पास विकास कार्यों हेतु व बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पैसे नहीं बच पाते। परन्तु यह निखट्टू लोगों की राजनीति में सक्रियता का ही परिणाम है कि इन सत्तालोलुप लोगों को केवल मतदाताओं के वोट अपने पक्ष में करने व सत्ता में बने रहने के लिये राज्यों का भारी कर्ज में डूबना भी मंजूर है और राज्य का बजट घाटे में जाना भी स्वीकार है।


परन्तु सत्ता की इसी तरह की गैर जिम्मेदाराना योजनाओं पर देश की उच्च अदालतें कई बार अपनी चिंतायें जाहिर कर चुकी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायलय की एक बेंच द्वारा की गयी ऐसी ही एक ताजातरीन तल्ख टिप्पणी गत 19 फरवरी को एक बार फिर सामने आयी जो गैर जिम्मेदार सत्ताधीशों के लिये आँखें खोलने वाली हैं। तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत द्वारा यह टिप्पणी उस समय की गयी जब तमिलनाडु सरकार द्वारा सभी उपभोक्ताओं को मुफ़्त बिजली देने के प्रस्ताव पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान सर्वोच्च न्यायलय ने मुख्य रूप से यह कहा कि -'कई राज्य पहले से ही भारी कर्ज और बजट घाटे में हैं, फिर भी चुनाव से पहले मुफ़्त बिजली, मुफ़्त राशन , रसोई गैस, कैश ट्रांसफर जैसी मुफ़्त सुविधाएं बांट रहे हैं। इससे विकास और बुनियादी ढांचे के लिए पैसे नहीं बचते। अगर सरकारें लोगों को सुबह से शाम तक सब कुछ मुफ़्त देती रहेंगी, तो लोग काम क्यों करेंगे? इससे काम करने की आदत खत्म हो जाएगी और लोग आलसी बन जाएंगे। गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन अमीर-गरीब में फर्क किए बिना सबको मुफ़्त सुविधाएं देना गलत है। यह एक तरह की तुष्टीकरण नीति है, जो राष्ट्र निर्माण में बाधा डालती है'।

इतना ही नहीं बल्कि माननीय अदालत ने सरकार से यह भी पूछा कि आप किस तरह का कल्चर बना रहे हैं अदालत ने चेतावनी देते हुये कहा कि 'विकास के लिए एक पैसा भी नहीं बचेगा अगर यह सिलसिला जारी रहा'। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों को रोजगार सृजन पर फोकस करने की सलाह दी, न कि सिर्फ मुफ़्त चीजें बांटने पर। यह सुनवाई के दौरान की गई मौखिक टिप्पणियां थीं, जो फ़्री बीज कल्चर पर कोर्ट की बढ़ती चिंता को दिखाती हैं। पूर्व में भी 'मुफ़्त रेवड़ी आवंटन' को लेकर न्यायालय अपनी चिंतायें जाहिर कर चुकी हैं। 2022-2024 के दौरान भी अदालत ने 'मुफ़्त की रेवड़ी ' बांटने को चुनावी लालच देने से जोड़ते हुये कहा था कि यह लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए नुक़्सानदेह है। अदालत ने यह भी बार-बार कहा कि कल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंदों के लिए तो ठीक हैं, लेकिन अनुचित मुफ़्त वादे विकास को रोकते हैं। गोया सर्वोच्च न्यायालय मुफ़्त रेवड़ी कल्चर को न केवल आर्थिक बोझ बता चुका है बल्कि इसे काम की संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के खिलाफ भी माना है। यह आलोचना समय-समय पर दोहराई जाती रही है, खासतौर पर तब जबकि राज्य सरकारें चुनावों से पहले ऐसी योजनाएं घोषित करती हैं। केवल अदालतें ही नहीं बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 2022 में रेवड़ी कल्चर को खतरनाक बता चुके हैं।

यही मुफ़्त रेवड़ी कल्चर गत अक्टूबर 2025 में बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान तो अनैतिकता की अपनी सारी हदें पार कर गया। याद रहे कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का शेड्यूल 6 अक्टूबर 2025 को घोषित हुआ था और उसी दिन चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गयी थी। परन्तु चुनाव आचार संहिता की धज्जियाँ उड़ाते हुये बिहार की नितीश सरकार ने अक्टूबर-नवंबर 2025 में कई बार महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये डायरेक्ट ट्रांसफर कर दिये। बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत चुनाव घोषित होने के बाद भी महिलाओं के खातों में पैसे ट्रांसफर किये जाने पर काफी विवाद भी हुआ था। परन्तु चुनाव पर इसका असर यह हुआ नीतीश कुमार की अगुवाई में एन डी ए ने बिहार के 2025 के विधान सभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की। कई विश्लेषकों ने दावा किया कि महिला मतदाताओं के खातों में 10-10 हजार रुपये डायरेक्ट ट्रांसफर करने के कारण महिलाओं की मतदान दर बढ़ी क्योंकि महिलाओं को इसका सीधे फायदा मिला।

परन्तु विपक्षी दलों ने इसे चुनावी रिश्वत या वोट खरीदने₹ की कोशिश करार दिया था । कुछ सांसदों ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि यह चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है और निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करता है। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसी 'रेवड़ी ' के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें चुनाव को रद्द करने और नए चुनाव कराने की मांग की गई। और इसे संविधान और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 (भ्रष्ट आचरण) का उल्लंघन बताया। इसी तरह भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ़्त राशन योजना चलाई जा रही है जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत संचालित होती है। यह योजना कोरोना महामारी के दौरान शुरू हुई थी, लेकिन अब इसे स्थायी रूप से विस्तारित कर दिया गया है। सरकारी दावों के अनुसार 1 जनवरी 2024 से अगले 5 वर्षों (यानी दिसंबर 2028 तक) के लिए सरकार ने लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को मुफ़्त खाद्यान्न प्रदान करने का फैसला किया है। वर्तमान में लगभग 80 करोड़ लोग इस योजना के तहत मुफ़्त राशन प्राप्त कर रहे हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा योजनाओं में से एक है। आलोचकों का कहना है कि इस योजना से भी जहाँ लोगों में मुफ़्तखोरी की संस्कृति बढ़ेगी वहीं इस 'मुफ़्त रेवड़ी ' का लाभ सत्ता को मिलेगा। बड़ा आश्चर्य है कि आज इस 'मुफ़्त रेवड़ी आवंटन' को लेकर अदालतें तो फिक्रमंद हैं जबकि सरकार पूरी तरह बेफिक्र है।

# सरोजनी नायडू का संपूर्ण जीवन भारतीय राजनीति को समर्पित रहा था



विजय केसरी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के परम शिष्यों में एक सरोजिनी नायडू का संपूर्ण जीवन भारत की राजनीति को समर्पित रहा था। वह भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में एक वीरांगना के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थीं। महात्मा गॉधी की तरह उन्होंने भी राजनीति को जन सेवा का आधार माना था। वह आजीवन राजनीति के माध्यम से जन सेवा को ओर ही उन्मुख रहीं थी। सरोजिनी नायडू न सिर्फ एक राजनीतिज्ञ बल्कि वह विविध भाषाओं की जानकार भी थीं। वह हिन्दी,अंग्रेजी, बांग्ला, गुजराती सहित कई अन्य भाषाओं में धारा प्रवाह अपनी बातों को मंचों से रखा करती थीं। जिस काल खंड में उनका भारत की राजनीति में आगमन हुआ था, महिलाओं पर सामाजिक तौर पर कई पाबंदियां थीं। उस कालखंड में महिलाओं का घर से निकलने पर कई किस्म की पाबंदियां थीं। महिलाएं पर्दा कर निकला करती थीं। इस विषम परिस्थिति में भी उन्होंने विदेश में जाकर उच्च शिक्षा हासिल की थीं। उन्हें महिलाओं की नेत्री होने का गौरव भी प्राप्त हुआ । वह एक लोकप्रिय कवयित्री के रूप में राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाने में सफल रही थीं। आज भी उनकी कविताएं भारत सहित कई देशों में बहुत ही चाव से पढ़ी जाती हैं।

उनका भारतीय राजनीति में आना एक संयोग था। 1914 में वह पहली बार इंग्लैंड में गांधी जी से मिलीं थीं । वहीं उनके विचारों से प्रभावित होकर वह भारतीय राजनीति में प्रवेश की थीं। वह एक संकल्प के साथ स्वाधीनता आंदोलन में आई थी। उनका संकल्प था कि जब तक देश ब्रिटिश हुकूमत से मुक्त नहीं हो जाता है, तब तक चैन से नहीं बैठूँगी। ब्रिटिश हुकूमत से लड़ते हुए उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा था। वह जेल जाने से बिल्कुल घबराई ही नहीं बल्कि खुद को और मजबूत कर पूरी शक्ति के साथ आंदोलन में जुट गई थी। देश की आजादी के बाद उन्हें उत्तर प्रदेश का प्रथम राज्यपाल होने का गौरव प्राप्त हुआ था। उन्होंने न सिर्फ राजनीति बल्कि देश की आजादी में भी अहम भूमिका निभाई थी। सावित्रीबाई फुले के बाद सरोजिनी नायडू देश की ऐसी दूसरी भारतीय महिला रहीं, जो महिलाओं की शिक्षा पर जोर दी थीं। एक समाज सुधारक के रूप में भी उन्होंने समाज से रूढ़िवादिता और अंधविश्वास को जड़ से उखाड़ फेंकने में महती भूमिका का अदा की थीं। उन्होंने नारी शिक्षा पर बहुत ही जोर दिया था। साथ ही उन्होंने कम उम्र में लड़कियों की शादी कर दिए जाने जैसी प्रथा विरोध किया था। वह चाहती थी कि भारतीय समाज में लड़कों की तरह लड़कियों की शिक्षा की व्यवस्था हो।

वीरांगना सरोजिनी नायडू जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद नगर में हुआ था। वह इस धरा पर सत्तर वर्षों तक रही थी। 2 मार्च 1949 में उनका निधन हुआ था। उनकी विलक्षण प्रतिभा के चलते ही देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें स्वतंत्र भारत की पहली महिला राज्यपाल ( उत्तर प्रदेश) बनने का अवसर प्रदान किया था। सरोजिनी नायडू के पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एक नामी विद्वान व शिक्षाविद थे। उनकी ख्याति देश भर में फैली हुई थी । वहीं दूसरी ओर उनकी मां बांग्ला की एक लोकप्रिय कवयित्री थीं । वह बचपन से ही कुशाग्र-बुद्धि की थी। उन्होंने बारह वर्ष की अल्पायु में ही बारहवीं की परीक्षा अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण कर ली थी। वह तेरह वर्ष की आयु में 'लेडी ऑफ दी लेक' नामक कविता रच डाली थी। सर्जरी में क्लोरोफॉर्म की प्रभावकारिता साबित करने के लिए हैदराबाद के निजाम द्वारा प्रदान किए गए दान से सरोजिनी नायडू को इंग्लैंड भेजा गया था । उन्हें पहले लंदन के किंग्स कॉलेज और बाद में कैम्ब्रिज के गिरटन कॉलेज में अध्ययन करने का मौका मिला था। 1895 में वह उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए इंग्लैंड गईं थीं। वह पढ़ाई के साथ-साथ कविताएँ भी लिखती रहीं। गोल्डन थ्रैशोल्ड उनका पहला कविता संग्रह था। उनके दूसरे तथा तीसरे कविता संग्रह बर्ड ऑफ टाइम तथा ब्रोकन विंग ने उन्हें एक सुप्रसिद्ध कवयित्री बना दिया। 1898 में सरोजिनी नायडू का विवाह डॉ.गोविंदराजुलू नायडू से हुआ था। वह ऐसे जीवन साथी पाकर धन्य हो गई थी। उनका वैवाहिक जीवन बहुत ही सफल रहा था । उनके पति उन्हें हर कदम पर सहयोग करते रहे थे। 1914 में वह इंग्लैंड में पहली बार गाँधीजी से मिलीं थी। वह गांधीजी के विचारों से काफी प्रभावित हुई थी। इसके बाद उन्होंने शेष जीवन को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वाधीनता आंदोलन के संघर्ष को समर्पित कर दिया था । उन्होंने एक कुशल सेनापति की भांति हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय हर दिया था। सत्याग्रह हो या संगठन की बात, हर मोर्चा पर नेतृत्व प्रदान कर रही थीं। । उन्होंने अनेक राष्ट्रीय आंदोलनों का नेतृत्व किया और जेल भी गयीं थीं। संकटों से न घबराते हुए वह एक धीर - वीर वीरांगना की भाँति गाँव-गाँव घूमकर देश-प्रेम का अलख जगाती रहीं और देशवासियों को उनके कर्तव्य की याद दिलाती रहीं थी। उनके वक्तव्य जनता के हृदय को झकझोर देते थे । वह देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर एक प्रेरक पूंज बन गयी थी। वह बहुभाषाविद थी। इसलिए क्षेत्रानुसार अपना भाषण अंग्रेजी, हिंदी, बंगला, गुजराती सहित अन्य भाषाओं में दिया करती थीं। उनके भाषणों का देशवासियों पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ता था। उनकी जनसभाओं में काफी संख्या में लोग जूटा करते थे। एक बार उन्होंने लंदन की एक महती सभा में अंग्रेजी में बोलकर वहाँ उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। उनकी देश भर में बढ़ती लोकप्रियता और प्रतिभा के कारण 1925 में कानपुर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में अध्यक्षता करने सुअवसर प्राप्त हुआ था। 1932 वह में भारत की प्रतिनिधि बनकर दक्षिण अफ्रीका भी गईं थीं । श्रीमती एनी बेसेन्ट की प्रिय मित्र और गाँधीजी की इस प्रिय शिष्या ने अपना सारा जीवन देश के लिए अर्पण कर दिया था। जब वह कानपुर के अखिल भारतीय कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता कर रही थीं, इसकी खबर उस कालखंड के देश - विदेश के तमाम बड़े खराब अखबारों में प्रकाशित हुई थी। सरोजिनी नायडू अब सिर्फ देश की ही महिला नेत्री नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्हें काफी ख्याति मिली थी। लंबे संघर्ष के बाद 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिली थी। लेकिन आजादी दो टुकड़ों में बंटी हुई थी। महात्मा गांधी की तरह सरोजिनी नायडू भी नहीं चाहती थी कि देश के दो टुकड़े हों। लेकिन मुस्लिम लीग के नेताओं की हठ धर्मिता के कारण देश दो टुकड़ों में बंट चुका था।

# देश के विकास में उत्पादन की महती भूमिका होती है

विजय केसरी

देश के विकास में उत्पादन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। खासकर भारत जैसे विकासशील देश के लिए उत्पादन का महत्व और भी बढ़ जाता है। चूंकि भारत, बीते दो दशकों में दुनिया भर के देशों के सामने यह साबित में सफल रहा है कि यह देश सबसे तेज आर्थिक गति के दर से आगे बढ़ रहा है। जबकि बीते दो दशकों के दरमियान दुनिया में तीन बार वैश्विक आर्थिक मंदी का दौर आया । इसके साथ ही कोरोना जैसी वैश्विक महामारी ने दस्तक दी थी। भारत इन वैश्विक दुश्वारियों और चुनौतियों मुकाबला बहुत ही साहस और धैर्य के साथ किया। ऐसा नहीं कि इन वैश्विक दुश्वारियां और चुनौतियों ने भारत को नुकसान नहीं पहुंचाया, लेकिन भारत में इसका असर सबसे कम पड़ा। इसके बावजूद भारत का आर्थिक विकास दर ऊंचे सूचांक पर ही बना रहा। इसका सबसे बड़ा श्रेय देश के तमाम छोटे - बड़े उत्पादन कताओं को जाता है। जिन सबों ने कड़ी मेहनत कर देश के उत्पादन को गिरने नहीं दिया। उत्पादन के सूचांक को और भी बढ़ाया। जिसके परिणाम स्वरूप देश का विकास दर आगे बढ़ा। देश की जीडीपी आगे बढ़ी। भारत एक ऊंचे आर्थिक मुकाम को प्राप्त कर पाया है। इस आर्थिक विकास की रफ्तार को उत्पादन ही गति प्रदान कर सकता है। चूंकि देश की सरकार 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में तब्दील करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। ऐसे में राष्ट्रीय उत्पादकता का महत्व और भी बढ़ जाता है। अगर भारत का यही आर्थिक विकास रफ्तार रहा तो निश्चित तौर पर भारत का यह सपना पूरा होगा।

1992 में जब देश में उदारीकरण का दौर आया तब कुछ अर्थ शास्त्रियों को आशंका थी कि इससे भारत का भला होने वाला नहीं है । लेकिन देश के उद्यमियों, उत्पादनकर्ताओं और निजी क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों ने उदारीकरण को एक अवसर में बदल दिया । वहीं दूसरी ओर विश्व के कई देश इस वैश्विक उदारीकरण को अवसर में नहीं बदल पाए। बल्कि कई देशों के विकास आर्थिक विकास दर काफी नीचे सूचांक तक पहुँच गए। बात यहीं रूकती न हीं हैं। कई देश तो दीवालिया हालात तक पहुंच गए। हम सबों को यह जानना चाहिए कि देश की आजादी के बाद जब-जब देश के समक्ष आर्थिक चुनौतियां उत्पन्न हुई, तब तब देश के कृषकों, उद्यमियों, खरीद उत्पादन कताओं, इंजीनियर, छोटे और बड़े स्तर के सभी व्यवसाइयों ने भरपूर सहयोग दिया, जिसका परिणाम यह हुआ कि देश का आर्थिक दर बना रहा।

देश का आर्थिक विकास दर बना रहे। इस दिशा में देशव्यापी जागरूकता बहुत जरूरी है। देश के अंदर छोटी बड़ी गाड़ियं बनाने से लेकर छोटे-छोटे उत्पादन कर्ताओं की अहम भूमिका होती है। इसके साथ ही व्यावसायिक क्षेत्र में छोटे-छोटे व्यवसायियों की भी अहम भूमिका होती है। चूंकि भारत विश्व का सबसे बड़ा खुदरा बाजार है । विश्व के तमाम देश की निगाहें भारत के खुदरा बाजार पर रहती हैं। अगर देश का उत्पादन बढ़िया रहता है, तो देश की चीजें देश में ही खपत होगी। इसका लाभ देश को ही प्राप्त होगा । यह लाभांश राष्ट्रीय आय की श्रेणी में आएगा। अगर देश के बाजार में अन्य देशों के सामानों की ज्यादा बिक्री होगी, तो इससे देश का राष्ट्रीय लाभांश का बहुत स हिस्सा विदेशों में चला जाएगा । इसलिए देश का उत्पादन किसी भी स्तर पर काम नहीं होना चाहिए। इसलिए भारत सरकार ने हर वर्ष 12 फरवरी को राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस मनाने का निर्णय ली थी। इस निमित्त भारत सरकार ने राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद की स्थापना की थी। जिसे राष्ट्रीय उत्पादकतादिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस दिवस के आयोजन के पीछे सरकार की मंशा है कि देश की उत्पादकता, दक्षता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा मिले। यह दिन भारत की राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद की स्थापना दिवस का भी स्मरण किया जाता है। भारत सरकार राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस को राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह के रूप में भी मनाती चली आ रही है । यह सप्ताह 12 से 18 फरवरी तक प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इसका आयोजन भारत के एनपीसी द्वारा आयोजित किया जाता है। भारत सरकार यह आयोजन नई दिल्ली स्थित दिल्ली उत्पादकता परिषद के साथ मिलकर करती है। इस दिन इस बारे में जागरूकता बढ़ाता है कि उत्पादकता केवल उत्पादन बढ़ाने से कहीं अधिक है, यह एक व्यापक अवधारणा है जो पर्यावरणीय समस्याओं, मानव संसाधन विकास और काम की गुणवत्ता पर विचार करती है। यह एक प्रतिस्पर्धी और संपन्न अर्थव्यवस्था के निर्माण में नवाचार, कुशल प्रथाओं और बौद्धिक संपदा संरक्षण की भूमिका पर जोर देता है। राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस 2026 की थीम 'विचारों से प्रभाव तक : प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप के लिए बौद्धिक संपदा की सुरक्षा' है। यह थीम नवाचारों की सुरक्षा और स्टार्टअप के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को बढ़ावा देने में बौद्धिक संपदा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है, यह सुनिश्चित करती है कि उनके रचनात्मक विचार प्रभावशाली व्यावसायिक समाधान और लंबे समय तक सफलता की ओर ले जाएं। राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, भारत के व्यापार और उद्योग मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन है। 1958 में स्थापित, एनपीसी का उद्देश्य उद्योगों, कृषि और सेवाओं में उत्पादकता जागरूकता और सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना था।

## दैनिक पंचांग

**23 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.31 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मेष | 09.01 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 10.41 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.40 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.53 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 17.09 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 19.21 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.32 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.46 ब.से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | धनु | 02.02 बजे से |
| | | मकर | 04.08 बजे से |
| | | कुंभ | 05.54 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 54 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** षष्ठी 09.10 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** भरणी 16.34 बजे को समाप्त।
**योग** ब्रह्म 10.19 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 09.10 बजे तदनन्तर गर 20.07 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 5.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 54'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872629
**जूलियन दिन** 2461094.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान
**तारीख** 05

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# सुबह 7 बजे से मतदान होगा शुरू, 42 मतदान केंद्रों के लिए रवाना की गईं पोलिंग पार्टियां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के मद्देनजर 23 फरवरी को होने वाले मतदान हेतु बाजार समिति, पाकुड़ स्थित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। सामान्य प्रेक्षक रंजित लोहरा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के पर्यवेक्षण में मतदान कर्मियों के बीच मतपत्र, मतपेटिका तथा अन्य आवश्यक निर्वाचन सामग्रियों का वितरण कर उन्हें निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने की जिम्मेदारी के साथ संबंधित बूथों के लिए प्रेषित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त ब्रीफिंग में सभी को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए सुरक्षित एवं त्रुटिरहित निर्वाचन संपन्न



कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल वरीय पदाधिकारियों को सूचित करें तथा समय पर मतदान सुनिश्चित करें।

**मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक**

नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 अंतर्गत 23 फरवरी 2026 को प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान होगा। नगर परिषद क्षेत्र के कुल 42 मतदान केंद्रों पर 37,033 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**डिस्पैच सेंटर में पोलिंग पार्टियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था**

जिला प्रशासन द्वारा डिस्पैच सेंटर में पोलिंग पार्टियों के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। मतदान प्रक्रिया से संबंधित सभी आवश्यक सामग्री संबंधित टेबलों पर उपलब्ध कराई गई, जिससे कर्मियों को सामग्री प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**मतदान कराने को लेकर उत्साहित दिखे मतदान कर्मी**

मतदान केंद्रों के लिए प्रस्थान से पूर्व मतदान कर्मियों में उत्साह का माहौल देखा गया। उन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भूमिका निभाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिलावासियों से अधिकाधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

**बूथों पर मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा बलों का स्वागत**

बूथों पर मतदान कर्मियों तथा सुरक्षा बलों का स्वागत बीएलओ द्वारा पुष्प देकर किया गया। मतदान दलों ने अभिनंदन किट प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया और कहा कि उनका स्वागत अतिथियों की भाँति किया गया है।

**निर्वाचन वाटिका में किया गया पौधारोपण**

मतदान दलों एवं सुरक्षा बलों को रवाना करने के पश्चात बाजार समिति प्रांगण स्थित निर्वाचन वाटिका में सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा स्वच्छ वातावरण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया।

# विराट हिंदू सम्मेलन' को लेकर जन-जागरण के उद्देश्य से रविवार को युवाओं द्वारा एक भव्य बाइक रैली निकाली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के उधवा प्रखंड के राधानगर पंचायत स्थित स्वामी विवेकानंद चौक प्लस टू उच्च विद्यालय राधानगर मैदान में आगामी 1 मार्च 2026 को होने वाले 'विराट हिंदू सम्मेलन' को लेकर उत्साह का माहौल है। इसी कार्यक्रम की पूर्व तैयारी और जन-जागरण के उद्देश्य से रविवार को युवाओं द्वारा एक भव्य बाइक रैली निकाली गई। आयोजक के अनुसार इस बाइक रैली के माध्यम से समाज को संगठित होने और सम्मेलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया गया। रैली की शुरूआत राधानगर उच्च विद्यालय



मैदान से प्रस्थान कर राधानगर, बेगमगंज, खासपुरा आतापुर, मोहनपुर, उधवा, फुदकीपुर, मनिहारीटोला, कटहलबाड़ी होते हुए श्रीधर उच्च विद्यालय प्रांगण में समाप्त उपरान्त सभी लोगों ने जलपान किया और अपने अपने घर की ओर प्रस्थान कर गए। वहीं रैली के दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक एवं संघ के विभिन्न अधिकारी सहित सैकड़ों स्वयं सेवक सम्मिलित रहे। संघ के अधिकारी वेदप्रकाश ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से सफलतापूर्वक बाइक रैली संपन्न हुई एवं आगामी 1 मार्च को होने वाली हिन्दू सम्मेलन की सूचना जन जन तक पहुंचाने का कार्य सफल रहा। बताया कि सम्मेलन में लगभग दस हजार की संख्या में हिंदू सनातन धर्मावलंबियों के एकत्रीकरण का लक्ष्य है।

**भगवा ध्वजों से पटा मार्ग, 'जय श्री राम' का लगा जयघोष**

बाइक रैली में बड़ी संख्या में उधवा प्रखंड क्षेत्र के युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। हाथों में भगवा झंडा और तिरंगा लिए युवकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। भगवामय रैली जिस भी मार्ग से गुजरी, वहां का वातावरण जय श्री राम, भारत माता की जय, सनातन धर्म की जय, जैसे जयघोष के साथ भक्तिमय और जोश से भर गया।

## नगरपालिका चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियां मतदान केन्द्रों के लिए हुए रवाना

**दुमका :** नगरपालिका आम चुनाव को लेकर 23 फरवरी को नगर परिषद दुमका एवं नगर पंचायत बासुकीनाथ क्षेत्र में होने वाले मतदान को लेकर इंडोर स्टेडियम में निर्मित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों को उनके निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पोलिंग पार्टियों से वार्ता कर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित मतदान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# अंडर 15 बालक एवं बालिका राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को डीसी ने हौसला बढ़ाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** भारतीय कुश्ती संघ एवं तमिलनाडु कुश्ती संघ द्वारा आगामी 27 फरवरी से 01 मार्च 2026 तक तमिलनाडू राज्य के सेलम शहर में आयोजित होने वाले अंडर 15 बालक एवं बालिका राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 2026 में भाग लेने के लिए झारखंड अंडर 15 आयु कुश्ती टीम के लिए की भागेदारी को लेकर बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी कुश्ती प्रशिक्षण, रांची में प्रतियोगिता आयोजित किया गया था जिसमें खेल विभाग द्वारा संचालित जिले के चांद भैरव इनडोर स्टेडियम, साहेबगंज में संचालित खेलो इंडिया 08 बालक एवं 06 बालिका समेत कुल 14 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर झारखंड राज्य टीम में



स्थान पक्का किया। सभी खिलाड़ी खेलो इंडिया कुश्ती सेंटर साहेबगंज के कोच प्रकाश सिंह बादल के साथ 23 फरवरी को सेलम के लिए रवाना होंगे।सभी खिलाड़ियों को डीसी हेमंत सती ने हौसला बढ़ाया एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी। चयनित खिलाड़ी निम्नवत हैं। बालिका 36 किलो वर्ग आर्य कुमारी, 39 किलो वर्ग सीता कुमारी, 42 किलो वर्ग सीमा कुमारी, 46 किलो वर्ग छोटी कुमारी, 54 किलो वर्ग श्रुति कुमारी, 58 किलो वर्ग आरती कुमारी फ्री स्टाइल 57 किलो वर्ग बल्लब चौधरी, 62 किलो वर्ग राजवीर कुमार, 68 किलो वर्ग प्रिंस कुमार ग्रीको रोमन 38 किलो वर्ग राहुल कुमार, 48 किलो वर्ग कृष्ण कुमार, 57 किलो वर्ग करण कुमार, 62 किलो वर्ग आदर्श कुमार। वहीं जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष ने खिलाड़ियों को शुभ कामना देते हुए बताया कि खेल विभाग द्वारा खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है आशा है जिले के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे।

# जिला सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में राजमहल स्पोर्टिंग क्लब ने एक रन से जीत की दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत रविवार को नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब बनाम राजमहल स्पोर्टिंग क्लब ए के बीच मैच खेला गया। राजमहल स्पोर्टिंग क्लब ए ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाये। संतोष व समर ने 23-23, हजरत शेख ने 21 व अनुकूल ने 20 रन की पारी खेली। नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब ए के गेंदबाज विष्णु ने 3 व राहुल ने 4 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब की टीम 24.4 ओवर में 170 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अनुज ने 54, राहुल ने 36, पीयूषम ने 27 रन की पारी खेली। राजमहल सीनियर के गेंदबाज हजरत शेख ने



5 विकेट लिए। राजमहल सीनियर ने 1 रन से जीत हासिल की। राजमहल सीनियर के खिलाड़ी हजरत शेख को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि रविंद्र कुमार ने हजरत शेख को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व तारिक अनवर ने किया। जबकि स्कोरिंग अनाउल्लाह अंसारी ने किया।

# गौतम अदाणी ने कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राओं से की दिल की बात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** पावर प्लांट के दौरे पर पहुंचे अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के लिए सबसे खास पल वह था, जब उनकी मुलाकात प्लांट परिसर में पढ़ने वाली कस्तूरबा बालिका विद्यालय की बच्चियों से हुई। ये मुलाकात औपचारिक नहीं, बल्कि एक अभिभावक और बच्चों के बीच आत्मीय बातचीत जैसी थी। स्कूल की बच्चियों ने मुस्कुराते हुए उनका स्वागत किया। गौतम अदाणी भी उनके गए और बेहद सरल अंदाज में पूछा, “बेटा, पढ़ाई ठीक चल रही है आपको और क्या चाहिए। बच्चियों ने बताया कि उन्हें अदाणी फाउंडेशन की ओर से मिल रही सुविधाओं से काफी मदद मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर स्कूल परिसर में कुछ और सुधार हो जाएं तो पढ़ाई और बेहतर हो सकती है। बच्चियों की बातें सुनकर गौतम अदाणी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि







उनकी जरूरतों पर ध्यान दिया जाएगा। दरअसल, कस्तूरबा बालिका विद्यालय उन बच्चियों के लिए एक उम्मीद है, जिनके पास पहले पढ़ाई का कोई साधन नहीं था। इनमें से कई बच्चियां बेहद गरीब परिवारों से आती हैं या ऐसी परिस्थितियों से, जहां पढ़ाई जारी रखना मुश्किल होता है। यहां उन्हें न सिर्फ शिक्षा, बल्कि एक सुरक्षित माहौल और अपने पैरों पर खड़े होने का सपना मिलता है।

## किसानों से भी मिले, जाना हाल

अपने दौरे के दौरान गौतम अदाणी ने आसपास के गांवों के किसानों से भी मुलाकात की। उन्होंने किसानों से खेती, रोजगार और इलाके में आए बदलाव के बारे में बात की। किसानों ने बताया कि इलाके में बड़े प्रोजेक्ट आने से रोजगार के नए अवसर बने हैं।

**देश की ऊर्जा ताकत का आधुनिक केंद्र**

गोड्डा का 1600 मेगावाट का पावर प्लांट अदाणी पावर का एक बड़ा और आधुनिक प्रोजेक्ट है। करीब 16,000 करोड़ की लागत से बने इस प्लांट में नई अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जिससे ज्यादा बिजली बनती है और प्रदूषण कम होता है। गौतम अदाणी ने प्लांट के कंट्रोल रूम और अलग-अलग यूनिट का निरीक्षण किया और इंजीनियरों व कर्मचारियों से बात की। इस दौरान वह कर्मचारियों के साथ कैंटीन में बैठकर लंच भी किया। उन्होंने कर्मचारियों से उनके काम और अनुभव के बारे में जाना।

**विकास की असली तस्वीर**

गौतम अदाणी का यह दौरा सिर्फ प्लांट देखने का कार्यक्रम नहीं था। कस्तूरबा स्कूल की बच्चियों से मुलाकात ने यह दिखाया कि विकास का मतलब सिर्फ बड़े-बड़े प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में बदलाव लाना भी है। एक तरफ गोड्डा पावर प्लांट देश को ऊर्जा दे रहा है, तो दूसरी तरफ उसी परिसर में पढ़ने वाली ये बच्चियां अपने जीवन को नई दिशा दे रही हैं। गोड्डा में यह तस्वीर बताती है कि जब उद्योग और शिक्षा साथ चलते हैं, तो रोशनी सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि भविष्य में भी फैलती है।

## एक नजर

### मिर्गी जांच शिविर में 90 मरीजों की हुई स्क्रीनिंग

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले में रविवार को 'प्रोजेक्ट उल्लास' के अंतर्गत पोटका प्रखंड के आसनबनी और कालिकापुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में नि:शुल्क मिर्गी जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एम्स नई दिल्ली के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में मरीजों की जांच, चिकित्सीय परामर्श और दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर के दौरान कुल 90 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। जांच के बाद उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी गई तथा नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य मिर्गी रोग से पीड़ित लोगों को समय पर पहचान, सही उपचार और नियमित दवा उपलब्ध कराना है, ताकि इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सके। यह पहल उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशन में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा चलाई जा रही है। प्रशासन का लक्ष्य है कि मिर्गी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया जाए, लोगों में वैज्ञानिक सोच विकसित हो और रोगियों को विशेषज्ञ परामर्श सुलभ कराया जाए। इसी क्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों में क्रमवार विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत 23 फरवरी 2026 को पोटका प्रखंड के शंकरदा, हरिणा और हल्दीपोखर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। हरिना में शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा, जबकि हल्दीपोखर और शंकरदा में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके परिवार या आसपास किसी को मिर्गी की समस्या है तो उन्हें शिविर में लाकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श दिलाएं, ताकि समय पर इलाज शुरू हो सके और मरीज सामान्य जीवन जी सकें।

### हाता-टाटा मार्ग पर बस की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**पूर्वी सिंहभूम:** पूर्वी सिंहभूम के हाता–टाटा मुख्य सड़क मार्ग पर रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई और आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। घटना तुड़ी लाइन होटल के पास हुई, जहां हाता से टाटा की ओर जा रही एक बस ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद साइकिल सवार बस के नीचे फंस गया और करीब आधा किलोमीटर तक घसीटता चला गया। जब तक बस को रोका गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान राजनगर थाना क्षेत्र के तुमुंग पंचायत अंतर्गत डुमराटांड़ गांव निवासी 45 वर्षीय घासीराम किस्कू के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि वह किसी निजी कार्य से साइकिल से हाता की ओर जा रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बोरियो पुलिस ने हत्या के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत



**साहिबगंज:** बोरियो थाना पुलिस ने हत्या के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार 19 फरवरी 2026 को संध्या करीब 07.00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खिजुरिया (बांझी) में एक महिला का शव पाया गया है। सत्यापन उपरांत पाया गया कि मृतिका बाहा मुर्मू उम्र करीब 28 वर्ष, पिता होपा मुर्मू, साकिन कदमा, थाना बोरियो, जिला साहेबगंज है। मृतिका के शव को देखने से प्रथम द्दष्टया प्रतीत होता है कि मृतिका का गला दबाकर हत्या की गई है। मृतिका की मां मतंगमई मरांडी के आवेदन के आधार पर बोरियो थाना कांड संख्या 20/26, 21 फरवरी 2026, धारा 103 (1) बीएनएस दर्ज किया गया। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साहेबगंज के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साहेबगंज के नेतृत्व में कांड का सफल उद्भेदन हेतु एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतिका बाहा मुर्मू के हत्या में शामिल अभियुक्त दिवाचंद हांसदा उर्फ देवा हांसदा साकिन इजमाईल संथाली टोला, थाना बसनाही जिला सहरसा (बिहार) को गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से मृतिका का पोको कंपनी का मोबाईल फोन बरामद किया गया। बोरियो पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत सदर अस्पताल साहिबगंज में शारीरिक जांच करवाने के बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मौके पर छापामारी दल में पुअनि रोहित कुमार, थाना प्रभारी बोरियो, पुअनि सिद्धार्थ शंकर टोप्पो, सअनि देवनारायण साहू, बोरियो थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### बड़ा सोनाकर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, भव्य कलश यात्रा से गूंजा क्षेत्र



**साहिबगंज:** बरहरवा प्रखंड अंतर्गत कोटालपोखर थाना क्षेत्र के बड़ा सोनाकर गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन प्रारंभ हो गया है। धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। कथा का वाचन श्रीकृष्ण की नगरी वृंदावन धाम से पधारीं साध्वी प्रियंका शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। कथा के शुभारंभ के अवसर पर रविवार सुबह भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा बड़ा सोनाकर गांव से प्रारंभ होकर कोटालपोखर स्थित पुराना दुर्गा मंदिर झरना तक पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सिर पर कलश धारण किए महिलाएं भक्ति गीतों और जयकारों के साथ आगे बढ़ती रहीं, जिससे पूरा इलाका भक्तिरस में डूब गया। कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां प्रतिदिन संध्या समय श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार सात दिनों तक चलने वाली इस कथा में भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। इस दौरान राम भक्त सेवा दल द्वारा झरना प्रांगण में कलश यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के लिए शरबत की व्यवस्था की गई। सेवा दल के सदस्यों ने श्रद्धालुओं को शीतल पेय वितरित कर सेवा भावना का परिचय दिया। आयोजन को लेकर बड़ा सोनाकर एवं आसपास के गांवों में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### 7.34 करोड़ की लागत से 5 योजनाओं विधायक ने किया शिलान्यास



**साहिबगंज:** राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने रविवार को राजमहल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड राजमहल एवं उधवा में 7.34 करोड़ रुपए की लागत से संचालित होने वाले पांच योजनाओं का शिलान्यास किए। शिलान्यास के दौरान मौजूद पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों के माध्यम से फूल माला बनाकर विधायक का भव्य स्वागत किया गया। शिलान्यास में ग्रामीण सड़क सुद्दढ़ीकरण, कटाव निरोधी कार्य, विद्यालय का अतिरिक्त कक्षा भवन व प्रयोगशाला भवन शामिल है। विधायक ने कहा कि राजमहल विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में चहुंमुखी विकास की नींव रखी जा रही है। क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं के निदान एवं आधारभूत संरचनाओं के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को क्रियान्वयन कराया जा रहा है। जिससे क्षेत्र की जनता लाभान्वित होगी। उन्होंने कहा कि राजमहल एवं उधवा प्रखंड क्षेत्र के गंगा कटाव क्षेत्र जो कार्य के लिए छूटे हुए हैं। विभागीय पदाधिकारी जल्द सर्वे कर रिपोर्ट अभियंता प्रमुख को समर्पित करें ताकि जल्द कार्य को गति दिया जा सके और कटाव निरोधी कार्य हो सके। पांच योजनाओं में मुख्यमंत्री सुद्दढ़ीकरण कार्य योजना से राजमहल प्रखंड क्षेत्र के मुंडमाला हल्दी भाया जमालपुर तक आरईओ सड़क, लालवन से सालबांद्रा तक आरईओ सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। उधवा प्रखंड में खट्टी टोला से बानो टोला तक गंगा कटाव निरोधक कार्य 150 मीटर, प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा में आधारभूत संरचना विकास एवं सुद्दढ़ीकरण कार्य अंतर्गत अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कार्य एवं भौतिक रसायन एवं जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, सांसद प्रतिनिधि संजीव सामु हेम्ब्रम, प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, उधवा प्रखंड अध्यक्ष अयूब अली, काजू मल्लिक, मुखिया नफिसा खातुन, मो यासीन, तजरूल हक, मुर्शीद राजा, मुखिया धनी पहाडिन, सहित अन्य मौजूद थे।

संक्षिप्त डायरी

## वाराणसी के शिवपुर क्षेत्र में मंत्री ए के शर्मा ने किया निरीक्षण

**वाराणसी, (एजेंसी) ।** ऊर्जा और नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने रविवार को वाराणसी में शिवपुर क्षेत्र के सुषमा नगर कॉलोनी, गिलट बाजार, लक्ष्मणपुर व रघुवंशी नगर में कई किलोमीटर तक पैदल चल कर प्रातः कालीन सफाई एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री एके शर्मा स्थानीय लोगों से वार्ता कर सफाई के संबंध में उनका अभिप्राय जाना और अपनी बातों को रखा। साथ ही, पार्षद गण, नगर आयुक्त, सह नगर आयुक्त सहित नगर निगम के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। मंत्री एके शर्मा ने कहा कि वाराणसी में सुबह निरीक्षण के दौरान हमारे सफाई मित्रों की कर्तव्यनिष्ठा दिखाई दी। स्वच्छता कर्मी की मेहनत से प्रदेश का हर नगर चमक व महक उठा है। वाराणसी में भी प्रातः कालीन सफाई निरीक्षण के दौरान हर मोहल्ले, हर गली एवं हर चौराहे पर हमारे स्वच्छता वीर सफाई कार्य करते मिले। इससे मुझे व्यक्तिगत बेहद खुशी है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले 73,446 डुप्लीकेट मतदाता सूची से हटे

**जौनपुर, (एजेंसी) ।** यूपी के जौनपुर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच मतदाता सूची के विशेष सत्यापन अभियान में अब तक 73,446 डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाए जा चुके हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला प्रशासन को 19,28,560 संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भेजकर सत्यापन के निर्देश दिए गए थे।यह अभियान पहले 20 फरवरी तक पूरा किया जाना था, जिसे अब बढ़ाकर 16 मार्च कर दिया गया है। 29 दिसंबर को अनंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद आयोग ने यह कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए थे। अब तक की जांच में 11,82,380 मतदाता वैध पाए गए हैं।जिले की 1,734 ग्राम पंचायतों में वर्तमान में कुल 32,23,888 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 19,66,213 पुरुष और 17,57,675 महिला मतदाता शामिल हैं। सत्यापन कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए 1,959 बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) तैनात किए गए हैं।इस मामले में जानकारी लेने पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान के लिए आधार कार्ड की जानकारी अनिवार्य की गई है। बीएलओ गांव-गांव जाकर मतदाताओं के आधार कार्ड के अंतिम चार अंक दर्ज कर रहे हैं। इससे पहले आयोग द्वारा 9,51,391 संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भेजी गई थी, जिसमें 2,78,880 नाम डुप्लीकेट पाए गए थे। इनमें कई मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी थी या वे अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो गए थे।ब्लॉकवार आंकड़ों में बदलापुर सबसे आगे है, जहां 7,932 मतदाताओं के नाम हटाए गए। डोभी ब्लॉक में 7,598 और महराजगंज ब्लॉक में 6,104 नाम सूची से काटे गए हैं।इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पारदर्शी, शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि पंचायत चुनाव निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जा सकें।

## वाराणसी में नौका दुर्घटना के बाद गंगा तट पर यात्रियों को स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति किया सचेत

**वाराणसी, (एजेंसी) ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में पिछले दिनों गंगा नदी में दो नावों की टक्कर के बाद सुरक्षित नौकायन को लेकर रविवार को जल पुलिस ने नमामि गंगे के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाया। जल पुलिस ने पेट्रोलिंग वोट से यात्रियों को स्वच्छता और जागरूक सुरक्षा के प्रति सजग किया । जागरूकता के दौरान गंगा सेवक राजेश शुक्ला ने नाविकों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षा व स्वच्छता के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। नाविकों को सजग किया कि नाव पर सवार पर्यटकों को लाइफ जैकेट अवश्य पहनाएं, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं , नाव की स्पीड को नियंत्रित रखें बहुत तेज न चलाएं ,ताकि कोई अप्रिय घटना न हो । घाटों पर उपस्थित नागरिकों को तीर्थ स्थल की स्वच्छता और आध्यात्मिक मयार्दा बनाए रखने की अपील की गई। यात्रियों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। तीर्थ यात्रियों से निवेदन किया गया कि स्वच्छता के सहयोगी बने । लाइफ जैकेट पहनें और नावों की क्षमता से अधिक सवारी न करें । तीर्थ स्थल की आध्यात्मिक मयार्दा को बनाएं रखें । अभियान में जल पुलिस के कर्मचारी शेखर कुमार ने बढ़चढ़ भागीदारी की।

## यमुना नदी तट के बदहाल अंत्येष्टि स्थलों के समतलीकरण व स्नान कुंड जीर्णोद्धार की उठी मांग

**औरैया,(एजेंसी) ।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति उत्तर प्रदेश के औरैया द्वारा यमुना तट की समस्याओं को लेकर रविवार प्रातः 7 बजे तट स्थित राम झरोखा पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) ने की। बैठक में यमुना तट पर स्थित बदहाल अंत्येष्टि स्थलों के समतलीकरण तथा क्षतिग्रस्त स्नान कुंड के जीर्णोद्धार पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता (एडवोकेट) ने बताया कि हाल ही में आई बाढ़ के कारण यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से अंत्येष्टि स्थल गड्ढों में तब्दील हो गए हैं, जिससे लोगों को अपने परिजनों की अंत्येष्टि करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार अंत्येष्टि के बाद स्नान की परंपरा है, किंतु तट पर स्थित स्नान कुंड अत्यंत क्षतिग्रस्त है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। प्रतिदिन औरैया नगर व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग दस अंत्येष्टियां यहां संपन्न होती हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यमुना तट की समस्याओं के निराकरण हेतु शीघ्र ही जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर आदित्य लक्ष्यकार, सतीश चंद्र, सुधीर कुमार, अजय कुमार, राम प्रसाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## विषाक्त सेवन से अधेड़ की मौत

**मीरजापुर, (एजेंसी) ।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में लालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अधेड़ की शनिवार रात विषाक्त पदार्थ के सेवन से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की। लालगंज थाना अंतर्गत लहंगपुर चौकी क्षेत्र के निवासी हरिनाथ के पुत्र रत्नाकर (40) ने अज्ञात कारणों से बीती रात शनिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे आनन-फानन में मंडलीय अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। चौकी प्रभारी लहंगपुर सुजीत सेठ ने बताया कि बीती रात शनिवार इमरजेंसी में भर्ती कराए गए एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। अस्पताल से मेमो मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया और पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

# सिंगापुर और जापान की यात्रा के लिए रवाना होंगे सीएम योगी, इन कंपनियों से करेंगे मुलाकात



**लखनऊ, (एजेंसी) ।** उत्तर प्रदेश को भारत का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर और जापान की चार दिवसीय यात्रा पर रविवार को रवाना होंगे। 2017 की म्यांमार यात्रा के बाद यह मुख्यमंत्री का पहला विदेशी दौरा होगा। इसे प्रदेश की निवेश कूटनीति और औद्योगिक विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 23-24 फरवरी को सिंगापुर और 25-26 फरवरी को जापान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री 33 ग्लोबल कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा की खास बात यह होगी कि मुख्यमंत्री जी-टू-बी (गवर्नमेंट टू बिजनेस) बैठकों और राउंड टेबल मीटिंग के जरिए निवेशकों से सीधे संवाद करेंगे। यूपी के सीईओ की तरह वे निवेशकों से प्रदेश के औद्योगिक रोडमैप, नीति स्थिरता और कारोबारी संभावनाओं पर बातचीत करेंगे। प्रवासी भारतीयों और उत्तर प्रदेश वासियों को संबोधित करने के साथ स्कूली बच्चों से भी संवाद करेंगे। जापान की अत्याधुनिक मैग्लेव (मैग्नेटिक लेविटेशन) ट्रेन, जो चुंबकीय शक्ति के सहारे पटरी से ऊपर हवा में तैरते हुए चलती है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे का विशेष आकर्षण बनने जा रही है। मुख्यमंत्री अपने जापान प्रवास के दौरान इस हाईस्पीड ट्रेन में 100 किलोमीटर की परीक्षण यात्रा करेंगे जिसमें 50 किलोमीटर जाना और 50 किलोमीटर की वापसी होगी। मैग्लेव ट्रेन को आधुनिक परिवहन का भविष्य माना जा रहा है। चुंबकीय तकनीक के कारण ट्रेन और ट्रैक के बीच प्रत्यक्ष संपर्क समाप्त हो जाता है, जिससे घर्षण लगभग शून्य हो जाता है। यही कारण है कि यह ट्रेन 600 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति हासिल करने में सक्षम है। जापान टोक्यो से नागोया के बीच मैग्लेव कॉरिडोर को वर्ष 2027 तक शुरू करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है, जिसके बाद दोनों शहरों के बीच यात्रा समय आधे से भी कम रह जाएगा। मुख्यमंत्री की इस यात्रा को उत्तर प्रदेश में आधुनिक परिवहन ढांचे के विस्तार की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मैग्लेव जैसी भविष्य की तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव नीति निर्माण और दीर्घकालिक योजना के लिए उपयोगी माना जा रहा है। जापानी विशेषज्ञों के अनुसार इस ट्रेन में सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट और अत्याधुनिक गाइडवे सिस्टम का उपयोग किया गया है, जो इसे उच्च गति के साथ स्थिरता और सुरक्षा भी देता है। फिलहाल ट्रायल चरण में संचालित यह ट्रेन जापान की तकनीकी क्षमता की मिसाल है।

## हादसे के बाद उबालः युवक का शव रख ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**मीरजापुर,(एजेंसी) ।** जमालपुर थाना क्षेत्र के लठिया सहिजनी गांव निवासी 21 वर्षीय देवा कुमार बिंद की सड़क हादसे में मौत के बाद ग्रामीणों ने रविवार को शव सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। हालात उस समय बिगड़ गए जब आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया। सीओ चुनार मंजरी राव ने बताया कि देवा कुमार शुक्रवार सुबह शेरवां-रामपुर मार्ग पर पैदल जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बाइक छोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल देवा को परिजन बनारस के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां शनिवार देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने रविवार को रामपुर-शेरवां मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। वे आरोपित चालक की गिरफ्तारी और तेज रफ्तार पर अंकुश की मांग कर रहे थे। पुलिस के पहुंचते ही स्थिति तनावपूर्ण हो गई और पथराव में शेरवां चौकी प्रभारी बीएन राय व सिपाही आशुतोष यादव घायल हो गए। सूचना पर सीओ चुनार मंजरी राव व एसडीएम चुनार राजेश वर्मा पहुंचे। गिरफ्तारी व मुआवजे के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में समर्थ पोर्टल से हटकर प्रायोगिक व्यवस्था पर उठे सवाल



**जौनपुर, (एजेंसी) ।** यूपी के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षाओं की अंक अपलोडिंग व्यवस्था को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। शासनादेश के तहत विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कार्य समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं। चालू सत्र में परीक्षा फॉर्म भरने सहित कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं इसी पोर्टल के जरिए संपन्न कराई गईं।वही इस मामले में रविवार को जानकारी लेने पर कुलसचिव केश लाल ने कहाविश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रथम सेमेस्टर के सेशनल एवं वोकेशनल अंकों की अपलोडिंग समर्थ पोर्टल से ही की जाएगी, जबकि अन्य सेमेस्टरों के अंक पूर्व निर्धारित (पुरानी) पद्धति से जमा होंगे। प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर अन्य कक्षाओं में प्रायोगिक परीक्षकों की नियुक्ति कर उन्हें महाविद्यालयों में भेजा जा रहा है, जहां वे पारंपरिक व्यवस्था के तहत प्रयोगात्मक व सेशनल अंक अपलोड करेंगे। इसके बाद ही परीक्षा परिणाम जारी किए जाएंगे। प्रक्रिया में इस बदलाव से छात्र-छात्राओं में असमंजस और नाराजगी का माहौल है। उनका कहना है कि जब अधिकांश शैक्षणिक कार्य डिजिटल माध्यम से हो रहे हैं, तो सभी सेमेस्टरों की अंक अपलोडिंग भी एक समान पोर्टल के जरिए होनी चाहिए। छात्रों का आरोप है कि कुछ महाविद्यालयों में बाहरी परीक्षकों की नियुक्ति के नाम पर अतिरिक्त धन की मांग की जा रही ह

## बहुराष्ट्रीय मोटर कंपनी ने बीएचयू में सीएसआर के तहत रक्तदान करने वाली मोबाइल वैन को किया वित्त पोषित



**वाराणसी, (एजेंसी) ।** बहुराष्ट्रीय मोटर कंपनी होंडा फाउंडेशन इंडिया ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत स्वैच्छिक रक्तदान सेवाओं के लिए सुसज्जित ब्लड मोबाइल वैन की खरीद और तैनाती के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की है। इस पहल में काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित एक समारोह में कंपनी और विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर और आदान-प्रदान के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया।सीएसआर द्वारा समर्थित यह ब्लड मोबाइल वैन, बीएचयू चिकित्सा विज्ञान संस्थान और संबद्ध रक्त केंद्र के सहयोग से संचालित की जाएगी, जिसका उद्देश्य विशेषकर ग्रामीण और वंचित समुदायों में जागरूकता अभियान का विस्तार करना है। सुरक्षित और कुशल रक्त संग्रहण सुनिश्चित करने के लिए, मोबाइल यूनिट अत्याधुनिक डोनर काउच, रेफ्रिजरेशन सिस्टम, स्क्रीनिंग सुविधाएं और स्टोरेज यूनिट से सुसज्जित होगी। ब्लड सेंटर, सर सुंदरलाल चिकित्सालय चिकित्सा विज्ञान संस्थान बीएचयू के प्रभारी प्रोफेसर डॉ. संदीप कुमार के अनुसार इस पहल से पूरी तरह से सुसज्जित रक्त संग्रहण बस की खरीद और अनुकूलन हेतु सीएसआर निधि का उपयोग होगा। परिसरों और आसपास के समुदायों में स्वैच्छिक रक्तदान अभियानों का विस्तार के साथ सुरक्षित रक्त संग्रहण, भंडारण और परिवहन प्रणालियों को सुदृढ़ बनाया जाएगा।

इससे नियमित रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त जागरूकता अभियान में आसानी रहेगी। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड के उपाध्यक्ष कॉर्पोरेट मामलों के पीयूष मित्तल और प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह के अनुसार सामुदायिक कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के तहत, हमें इस जीवनरक्षक पहल का समर्थन करने पर गर्व है। ब्लड मोबाइल वैन सुरक्षित रक्त की उपलब्धता में सुधार करेगी और स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देगी, जिससे अंततः अनगिनत जानें बचेंगी। बीएचयू कुलपति प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि यह साझेदारी हमारे विश्वविद्यालय और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मोबाइल ब्लड वैन से रक्तदान अभियान चलाने की हमारी क्षमता में काफी वृद्धि होगी और जरूरतमंद अस्पतालों और मरीजों के लिए रक्त की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

## बीएचयू में बिरला ए हॉस्टल के सामने हवाई फायरिंग, छात्रों का प्रदर्शन

### निष्कासित छात्र पर साजिश का आरोप; पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू की

**वाराणसी, (एजेंसी) ।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर में शनिवार देर शाम बिरला ह्यएह्व छात्रावास के मुख्य द्वार के सामने हवाई फायरिंग की घटना से हड़कंप मच गया। आक्रोशित छात्रों ने घटना के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया और चीफ प्रॉक्टर के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। सूचना पर विश्वविद्यालय प्रशासन और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा स्थिति को नियंत्रित किया।धरने में शामिल बीए तृतीय वर्ष के छात्र रौशन मिश्र ने आरोप लगाया कि रात लगभग 9:30 बजे वह अपने साथी विशाल कुमार के साथ छात्रावास के मुख्य गेट पर खड़ा था। इसी दौरान बाइक सवार तीन युवक



वहां पहुंचे और कथित तौर पर जान से मारने की नीयत से चार राउंड फायरिंग की। रौशन का दावा है कि एक गोली उसके सिर के पास से गुजर गई। जान बचाने के लिए वह छात्रावास के भीतर भागा, जिसके बाद भी हमलावरों ने पीछे से गोली चलाई। छात्र ने आरोप लगाया कि घटना को एक पूर्व निष्कासित छात्र के इशारे पर अंजाम दिया गया। उसने आरोप लगाया कि सासाराम बिहार निवासी पीयूष तिवारी,ऋषभ और तापस इस घटना में शामिल थे। छात्र ने आरोपितो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। छात्रों ने आरोप लगाया कि फायरिंग के समय तैनात सुरक्षाकर्मी मौके से भाग गए। इसको लेकर छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच तीखी बहस भी हुई।

आक्रोशित छात्रों ने विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर के खिलाफ नारेबाजी कर कहा कि परिसर में लगातार बाहरी तत्वों की आवाजाही हो रही है, जिससे छात्रों की सुरक्षा खतरे में है। उधर,मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी और बीएचयू चौकी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और छात्रों से पूछताछ की। विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर छात्रों में नाराजगी देखी गई। इस संबंध में एडीसीपी बैभव बांगर ने बताया कि रात 9.30 बजे एसीपी भेलूपुर को सूचना मिली थी। छात्र रौशन ने फायरिंग की सूचना उन्हें दी। सूचना पाते ही बीएचयू चौकी इंचार्ज और अन्य थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। हम लोगों ने मौका मुआयना कर लिया है। छात्रों ने तहरीर भी दी है। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाही होगी।

## अबैध निर्माण रुकवाने गई पुलिस से मारपीट, महिला सिपाही की वर्दी फाड़ी



**फरुर्खाबाद, (एजेंसी) ।** उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में कमालगंज थाना क्षेत्र में अवैध निर्माण रुकवाने गई पुलिस पर दबंगो ने हमला कर दिया। दबंगो ने मारपीट व पथराव किया। महिला सिपाही की वर्दी फाड़ दी। इस मामले में खुदागंज चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने हमलावर ग्रामीणों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई रिपोर्ट में चौकी इंचार्ज ने कहा है कि 21 फरवरी को पीआरवी संख्या 7871 द्वारा सूचना दी गयी कि ग्राम नगला जोध में कालर ऋषि प्रताप ने सूचना दी कि मनीष, पंकज मोनू निवासी नगला जोध आदि अवैध मकान का निर्माण कर रहे है। मना करने पर नही मान रहे है। इस सूचना पर मै चौकी प्रभारी खुदागंज अनिल कुमार हमराह हेड कांस्टेबल कृष्णपाल व कांस्टेबल खेमचन्द्र के नगला जोध पहुंचा। निर्माण करने को मना किया तो उपरोक्त लोग उत्तेजित होकर गाली गलौज करने लगे।थाना प्रभारी को सूचना देकर अतिरिक्त फोर्स की मांग की। अतिरिक्त फोर्स आने पर मनीष, पंकज, मोनू एवं 8-10 अज्ञात पुरुष व 15-20 महिलाएं हम पुलिस वालों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गयी। महिला कांस्टेबल चंचल के साथ हाथापाई करने लगे जिससे महिला कांस्टेबल की वर्दी अस्त व्यस्त हो गयी और सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने लगे। जब इन्हे ऐसा करने से रोकने का प्रयास किया तो सरकारी जीप के आगे खड़े होकर पत्थर फेंकने लगे। जिससे गांव वालों में भय व आतंक का माहौल उत्पन्न हो गया और भगदड़ मच गयी। इस मुकदमे की जांच इंस्पेक्टर राजीव कुमार को सौंपी गई है। खुदागंज चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## जौनपुर में सूने मकान में लाखों की चोरी

**जौनपुर,(एजेंसी) ।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र की चंद्रिका सिंह कॉलोनी में शनिवार देर रात चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे। कमरों में रखी कई अलमरियों को तोड़ डाला। उन्होंने अलमारी के लॉकर से सात हजार रुपये नगद सहित लगभग दो लाख रुपये के गहने चुरा लिए। रविवार सुबह पीड़ित ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है। सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता ने बताया कि जिस मकान में चोरी हुई है वह उमेश मिश्रा का है। उनका परिवार पिछले कुछ दिनों से गांव में रह रहा था। मकान पर उनका पुत्र रहता था, जो शनिवार शाम छह बजे गांव चला गया। रात नौ बजे जब उमेश पत्नी के साथ मकान पर पहुंचे, तो उन्होंने चोरी का पता चला। पीड़ित ने घटना की सूचना सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता को दी। उन्होंने तत्काल टीडी कॉलेज चौकी प्रभारी अरविंद यादव को मौके पर भेजा। पुलिस ने रात से ही कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। सीसीटीवी कैमरे में देखने से पता चला है कि ढाई घंटे तक घर में किसी की मौजूदगी न होने का फायदा उठाते हुए चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़ा और बारी-बारी से सभी कमरों की अलमारियों व लॉकर को तोड़कर पूरे घर को खंगाल डाला। उमेश मिश्रा ने बताया कि चोर एक सोने की चेन, चांदी का प्लेट, नारियल, सुपारी, पायल सहित कुछ अन्य गहने और सात हजार रुपये नगद ले गए। पिछले वर्ष 14 नवंबर की रात को भी इसी कॉलोनी के नरेंद्र बहादुर सिंह के आवास पर सात लाख रुपये के गहनों की चोरी हुई थी।

## बिकाऊ लोगों को माफ नहीं करेगा बहुजन समाज , बसपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बोलीं

**लखनऊ, (एजेंसी) ।** उत्तर प्रदेश बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि थोड़े से स्वार्थ के लिए बिक गए लोगों को बहुजन समाज कभी माफ नहीं करेगा। ऐसे लोग बसपा के कारण ही आगे बढ़े हैं। राजधानी लखनऊ में देश भर से आए बसपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि ऐसे लोग जो थोड़े से स्वार्थ के लिए बिक गए हैं। ऐसे बिकाऊ और गुलाम मानसिकता के लोगों को बहुजन समाज कभी माफ नहीं करेगा। ये लोग बीएसपी के कारण ही आगे बढ़े हैं। ऐसे लोग जब



बसपा के नहीं हुए समाज के कैसे हो सकते हैं। रविवार को राजधानी के माल एवेन्यू स्थित बसपा कार्यालय में हुई बैठक में 19 दिसंबर को हुई बैठक में दिए गए दिशा-निदेर्शों की राज्यवार प्रगति रिपोर्ट ली गई और कार्यकताओं से तन, मन और धन से पार्टी को आगे बढ़ाने की अपील की गई। मायावती ने कहा कि विपक्षी पार्टियां और उनकी सरकारें अपनी गरीब, किसान, बहुजन विरोधी और संकीर्ण नीतियों व भ्रष्ट कार्यकलापों के कारण तेजी से जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खोती जा रही हैं ऐसे में बसपा सभी के लिए उम्मीद बनकर उभरी है। उन्होंने कार्यकताओं से आगामी चुनाव में जुट जाने की अपील की है।

## पेड़ से लटके मिले प्रेमी युगल के शव,पुलिस जांच में जुटी

**रायबरेली, (एजेंसी) ।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में रविवार सुबह एक पेड़ से प्रेमी युगल के शव लटके मिले हैं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच कर रही है। जिले के मिल एरिया थाना क्षेत्र के राघनपुर मोड़ के पास पेड़ से युवक-युवती के शव लटक रहे थे,जिसे कुछ ग्रामीणों ने देखा। देखते ही देखते यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई और सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को फंदे से उतरवाया। मृतकों की पहचान मिल एरिया थाना क्षेत्र के दोहरी गांव निवासी शिव बहादुर यादव(26) पुत्र गंगा प्रसाद यादव और खदरी गांव के रहने वाले रामसमुझ की 25 वर्षीय महिमा के रूप में हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी है। पुलिस की जांच में प्रथम दृष्टया यह प्रेम प्रसंग में युगल द्वारा आत्महत्या किए जाने का बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने बताया कि मामले के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# बिहार में राजनीति करवट से तस्वीर हुई साफ; नितिन-कुशवाहा-पवन का क्या होगा



**पटना (एजेंसी)।** राज्यसभा चुनाव को लेकर तस्वीरें साफ होती दिख रही हैं। विपक्षी गठबंधन चर्चा से बाहर है। गतिरोध-उलटफेर-दावों की बात एनडीए को लेकर कही जा रही थी। लेकिन, अब एक राजनीतिक करवट से तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। राज्यसभा चुनाव की तारीख का एलान कर दिया गया है। 16 मार्च को चुनाव होगा। बिहार में पांच राज्यसभा सीटों की चर्चा खूब हो रही है। सबसे अधिक सवाल उपेंद्र कुशवाहा को लेकर है। उनका भी कार्यकाल खत्म हो रहा है। ऐसे में उन्हें राज्यसभा भेजा जाएगा या नहीं? इसकी चर्चा सबसे अधिक हो रही है। इसके अलावा भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह भी सुर्खियों में हैं। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की ओर से रीना पासवान की दावेदारी की अटकलों पर तो चिराग पासवान ने ही विराम लगा दिया। उन्होंने साफ कह दिया है कि उनकी मां राजनीति में नहीं आएंगी। हालांकि, चिराग के पास 19 विधायक हैं। ऐसे में राज्यसभा की एक सीट की चाहत उनकी पार्टी को जरूरी है। अब पांच सीटों पर क्या गुणा गणित चल रहा? अभी किन नेताओं के पास यह सीटें हैं? कितनी सीटों के पेंच फंसा हुआ है? आइए जानते हैं सबकुछ... पांच सीटों में से दो सीट राष्ट्रीय जनता दल के पास है। राजद नेता प्रेम चंद गुप्ता और एडी सिंह का कार्यकाल खत्म हो रहा है। इसके अलावा दो सीट पर जदयू के वरिष्ठ नेता और उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर भेजे गए थे। इनका भी कार्यकाल खत्म हो रहा है। बाकी बची एक सीट पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा राज्यसभा भेजे गए थे। इनका कार्यकाल भी 2026 में पूरा हो रहा है। इन पांचों सीटों में से भाजपा के पास फिलहाल एक भी सीट नहीं है। लेकिन, विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम ने जो गुना गणित बदला है उससे दो सीट भाजपा को मिल जाएगी। जदयू के इन नामों का क्या होगा? वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी ने कहा कि जदयू का शीर्ष नेतृत्व हरिवंश नारायण सिंह और रामनाथ ठाकुर को दोबारा राज्यसभा भेज सकता है। इसके पीछे कारण है कि दोनों नेताओं को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व भी पसंद करते हैं। सीएम नीतीश कुमार भी दोनों को पसंद करते हैं। हरिवंश नारायण सिंह की पकड़ दिल्ली में मजबूत हैं। रामनाथ ठाकुर के पिता जननायक कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिया गया है। अतिपिछड़ा वोट बैंक को देखते हुए जदयू इसमें परिवर्तन नहीं करना चाहेगी। नितिन नवीन को लेकर क्या चल रहा? वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को राज्यसभा भेज जाने के सवाल पर वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी ने कहा कि बिहार से नितिन नवीन को राज्यसभा भेजा जाए, इसकी कोई गारंटी नहीं है। अब तक उन्होंने विधानसभा से इस्तीफा भी नहीं दिया है। चाणक्य इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिकल राइट्स एंड रिसर्च के अध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि नितिन नवीन को भाजपा अन्य राज्यों से भी राज्यसभा भेज सकती है ताकि उनकी छवि राष्ट्रीय बन सकते हैं। आगे बंगाल चुनाव होने वाला है। जिन राज्यों में भाजपा सत्ता से बाहर है, वहां प्रयोग कर सकती है। बिना शिक्षकों के चल रहा पारा-मेडिकल कॉलेज, छात्रों का फूटा गुस्सा; सत्र लेट से संकट में भविष्य उपेंद्र कुशवाहा का क्या होगा? राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजे जाने के सवाल पर चाणक्य इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिकल राइट्स एंड रिसर्च के अध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से दीपक प्रकाश को बिहार सरकार में मंत्री बनाया गया है। उन्हें विधान परिषद् भेजा जाएगा। अब उपेंद्र कुशवाहा को भाजपा रिपीट कर सकती है। क्योंकि, भाजपा अपने कोटे की दो सीटों पर अपनी पार्टी के उम्मीदवार उतारने के अलावा अगर उपेंद्र कुशवाहा को मौका देती है तो इस पर एनडीए के किसी दल को ऐतराज नहीं होगा। चिराग पासवान के पास भले ही 19 विधायक हैं लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनकी मां राज्यसभा की रेस में नहीं हैं। उपेंद्र कुशवाहा को इससे साफ तौर पर फायदा मिल गया। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा को भी उपेंद्र कुशवाहा के नाम पर आपत्ति नहीं होगी। महागठबंधन का क्या होगा? अक्टक्ट ने भी दावेदारी पेश की है वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी ने कहा कि महागठबंधन की ओर से राजद नेता प्रेम चंद गुप्ता और अमरेंद्र धारी सिंह (एडी) सिंह का कार्यकाल खत्म हो रहा है।

## शराब माफियाओं का हमला, छापेमारी के दौरान पुलिस पर पथराव, सरकारी वाहन चकनाचूर



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मरंगा थाना क्षेत्र के सत्कोदरीया गांव में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों और शराब कारोबारियों ने हमला कर दिया। पुलिस पर ईंट-पत्थरों से पथराव किया गया, जिसमें एक जवान घायल हो गया और सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सख्ती से लागू करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस टीम पर एक बार फिर हमला हुआ है। ताजा मामला मरंगा थाना क्षेत्र के सतकोदरिया गांव का है। यहां अवैध शराब के ठिकानों पर छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों और शराब कारोबारियों ने मिलकर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस घटना में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया, जबकि पुलिस की सरकारी गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गुप्त सूचना पर पहुंची थी पुलिस टीम जानकारी के अनुसार, मरंगा थानाध्यक्ष कौशल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि सतकोदरिया गांव में बड़े स्तर पर अवैध शराब बनाई और बेची जा रही है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम गांव में छापेमारी के लिए पहुंची। पुलिस के पहुंचते ही वहां मौजूद असामाजिक तत्वों ने कुछ ग्रामीणों को उकसाया और पुलिस का विरोध शुरू कर दिया। भीड़ ने किया पथराव, मची अफरा-तफरी देखते ही देखते भीड़ उग्र हो गई और पुलिस टीम पर चारों ओर से पत्थर फेंके जाने लगे। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कई पुलिसकर्मियों को अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा और कुछ को छिपना पड़ा। इस हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया और सरकारी वाहन को भी भारी नुकसान पहुंचा। अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचा, उपद्रवी फरार हमले की सूचना तुरंत थाने को दी गई। इसके बाद भारी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस बल को आता देख हमलावर वहां से फरार हो गए। मामले में पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए 8 नामजद और 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस आसपास लगे वीडियो कैमरों और अन्य सबूतों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रही है। एसपी ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी इस मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत ने कहा कि पुलिस टीम गुप्त सूचना के आधार पर कानून के अनुसार कार्रवाई करने गई थी। छापेमारी के दौरान कुछ लोगों ने सरकारी काम में बाधा डाली और पुलिस टीम पर हमला कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने बताया कि किसी भी पुलिसकर्मी को गंभीर चोट नहीं आई है, लेकिन इस तरह की हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। घटना में शामिल सभी लोगों की पहचान की जा रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। कानून को चुनौती देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से सतकोदरिया गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है ताकि नामजद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## परिस्थितियों का हवाला देकर पटना विश्वविद्यालय ने छात्रों की बात मानी, किस तारीख को होगा चुनाव



**पटना (एजेंसी)।** पटना विश्वविद्यालय के छात्रों के दबाव में अचानक विवि प्रशासन ने अचानक अपना फैसला पलट दिया। विश्वविद्यालय के डीन ने एक सादे कागज पर चुनाव कराने की घोषणा की। आइए जानते हैं पूरा मामला... पटना विश्वविद्यालय का छात्र संघ चुनाव पर को लेकर पिछले 24 घंटे में खूब हाईवोल्टेज ड्रामा चला। शनिवार शाम विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र संघ चुनाव को स्थगित करने का फैसला लिया था। कारण बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में खराब माहौल और शिक्षक के साथ गलत व्यवहार करने के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया। इस फैसले से छात्र उग्र हो गए। विश्वविद्यालय कार्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन करने लगे। आंदोलन की धमकी दी। भारी संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती की गई। पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मानें। शनिवार देर रात विवि प्रशासन ने छात्रों का बात मान लिया और चुनाव कराने की घोषणा की। जानिए, पटना विवि के डीन ने क्या कहा? पटना विश्वविद्यालय के डीन योगेंद्र कुमार ने वर्मा ने देर रात घोषणा कि पटना विवि छात्र संघ चुनाव 28 तारीख को ही होगा। मैंने अपने हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने कागज पर स्पष्ट लिखा कि परिस्थितयों को देखते हुए पटना विवि छात्र संघ चुनाव 28 फरवरी को करवाने की घोषणा की गई है। क्यों हुआ था पटना विश्वविद्यालय चुनाव स्थगित? पटना विश्वविद्यालय की ओर से जारी पत्र में बताया गया कि पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव 2025-26 के मतदान की तिथि 28 फरवरी, 2026 को निर्धारित थी। पटना विश्वविद्यालय परिसर में विगत कुछ दिनों में अमर्यादित एवं अप्रत्याशित घटनाएं हुई, जैसे-पटना वीमेंस कॉलेज परिसर में छात्रों के एक गुट द्वारा बिना अनुमति अनाधिकृत प्रवेश कर नारेबाजी करना शुरू कर दिया, जो चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। इस दौरान उनलोगों ने छपा हुआ बैनर पोस्टर का प्रयोग किया। साथ ही महंगी चार पहिया वाहनों का भी उपयोग किया गया। चुनाव-प्रचार के लिए निर्धारित समयावधि से पूर्व ही प्रचार शुरू किया जाना भी आचार संहिता का उल्लंघन है। विश्व विद्यालय का यह भी आरोप है कि 21 फरवरी को पटना साइंस कॉलेज में कुछ छात्रों ने एक कक्षा में घुस कर शिक्षक के साथ एवं पटना विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के साथ अमर्यादित व्यवहार किया। इसलिए इन घटनाओं को देखते हुए पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव 2025-26 को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

## गर्मी ने दी दस्तकःन्यूनतम तापमान सामान्य से भी 5.5 डिग्री अधिक



**पटना (एजेंसी)।** पटना समेत राज्यभर में पिछले 24 घंटे में तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा है। पटना का अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 18.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 5.5 डिग्री अधिक है। पश्चिमी शुष्क हवाओं की गति 7 से 12 किमी प्रति घंटा रही। सुबह के समय नमी 58 प्रतिशत तक रही, लेकिन दोपहर होते-होते यह गिरकर 49 प्रतिशत तक आ गई। सम विभाग के पटना केंद्र के मुताबिक, अगले तीन दिन तक आसमान मुख्यतः साफ और मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। फरवरी अंत तक तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के पार जाने का अनुमान है। हालांकि रविवार को पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से हल्के बादल छा सकते हैं, लेकिन इससे तापमान में गिरावट की संभावना कम है।

## रामनाथ ठाकुर ने राहुल और तेजस्वी पर कसा तंज, कहा- विरोधी दल में हैं तो विरोध करेंगे ही



**पटना (एजेंसी)।** आज केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर बरसे। राहुल गांधी को भारत की छवि को धूमिल करने वाला बताया। वहीं तेजस्वी यादव पर मुस्कुराते हुए चुटकी ली। केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर जुबानी हमला किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार हिन्दुस्तान को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बारे में सब जानते हैं। वह भारत को बदनाम करने के लिए सब कुछ कर रहे हैं और अपनी इमेज भी खराब कर रहे हैं। दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में चल रहे एआई समिट में शुक्रवार को यूथ कांग्रेस द्वारा शर्टलेस प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद से भाजपा और एनडीए के नेता कांग्रेस पर हमलावर हैं। भाजपा और एनडीए अब राहुल गांधी को टारगेट कर माफी मांगने की मांग कर रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर भी खूब बोले। उन्होंने कहा कि राजद नेता तेजस्वी यादव विरोधी दल में हैं तो जाहिर सी बात है कि विरोध ही करेंगे। सरकार की तारीफ तो कर नहीं सकते हैं। रामनाथ ठाकुर ने आगे कहा कि अगर बिहार में अपराध की कोई घटना हो रही है तो कार्रवाई भी हो रही है, अपराधी जेल भी जा रहे हैं। घटना की जांच भी हो रही है। बिहार सरकार में मंत्री दीपक प्रकाश ने एआई समिट को लेकर कहा कि पहले भी जब भी राहुल गांधी को मौका मिला, उन्होंने देश का नाम खराब करने की कोशिश की और अब यह सोच कांग्रेस कार्यकताओं में भी फैल गई है। जहां भी मौका मिल रहा है, उस कोशिश में लगे रहते हैं कि कैसे भारत की छवि को धूमिल किया जाए। एआई का बहुत बड़ा आयोजन था। अगर आपको पसंद नहीं है तो इसका मतलब यह नहीं कि आप विरोध करेंगे। विपक्ष को इस समिट का सम्मान करना चाहिए। समिट में तकनीक के क्षेत्र से लोग आए थे, इस दौरान यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन निंदनीय है। वहीं भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि मैं समझता हूं कि जिस तरह से पार्लियामेंट के अंदर उनकी लीडरशिप को मुश्किल चुनौतियों का सामना करना पड़ा और यह मजाक का विषय बन गया।

## गुप्ता धाम महोत्सव के दौरान हंगामा, बेकाबू भीड़ से भगदड़ जैसी स्थिति; 200 से अधिक कुर्सियां टूटीं



**पटना (एजेंसी)।** गुप्ता धाम विश्व के प्राचीनतम पूजा स्थलों में से एक है। जो रोहतास जिले को एक अद्भुत एवं विशिष्ट पहचान प्रदान करता है। गुप्ता धाम के धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए हर वर्ष पर्यटन विभाग की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। रोहतास जिले के चेनारी में आयोजित गुप्ता धाम महोत्सव के दौरान बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ उपद्रवी तत्वों ने कार्यक्रम स्थल पर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। दरअसल गुप्ता धाम महोत्सव में उमड़ी भीड़ अपने चहेते भोजपुरी कलाकारों को देख बेकाबू हो गई, जिससे कार्यक्रम स्थल पर कुछ देर के लिए भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। अव्यवस्था के कारण हालात बेकाबू प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई खास इंतजाम नहीं किए गए थे। कार्यक्रम में उम्मीद से अधिक भीड़ पहुंच गई और पर्याप्त नियंत्रण व प्रबंधन के अभाव में स्थिति बेकाबू हो गई। बता दें कि गुप्ता धाम महोत्सव श्रद्धा, संस्कृति एवं सामाजिक समरसता का एक प्रतीक है, जिसमें जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन की सहभागिता रहती है। 200 से अधिक कुर्सियां क्षतिग्रस्त प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के दौरान असामाजिक तत्वों ने करीब 200 से अधिक कुर्सियों को क्षतिग्रस्त कर दिया और पंडाल को भी नुकसान पहुंचाया। अत्यधिक भीड़ की वजह से गुप्ता धाम महोत्सव की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई और सामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पाद मचाया। चेनारी उच्च विद्यालय में हुआ आयोजन गुप्ता धाम के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए चेनारी प्रखंड स्थित राम दुलारी गंगा उच्च विद्यालय के प्रांगण में हर वर्ष राज्य सरकार के पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी रामदुलारी गंगा उच्च विद्यालय के प्रांगण में शनिवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां सैकड़ो की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह चेनारी के वर्तमान विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, विधान पार्षद निवेदिता सिंह, उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडे एवं सासाराम की एसडीएम डॉ नेहा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। बाहरी एवं स्थानीय कलाकारों ने दी प्रस्तुति महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों ने भी शिरकत किया। पर्यटन विभाग की ओर से आमंत्रित भोजपुरी के चर्चित कलाकार जोड़ी अंकुश राजा, शिवानी सिंह, अरविंद अकेला उर्फ कल्लू एवं हर्षप्रीत कौर ने अपने-अपने गीतों की प्रस्तुति दी और लोगों का मनोरंजन किया

## संक्षिप्त डायरी

### व-19 वर्ल्डकप में जीत के बाद पटना पहुंचे वैभव सूर्यवंशी

**पटना (एजेंसी)।** अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीतकर बिहार और देश का नाम रोशन करने वाले क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी रविवार को पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही फैंस ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान कई लोग वैभव के साथ सेल्फी लेते नजर आए। वैभव के सम्मान के लिए शाम 4 बजे सीएम आवास पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, मंत्री विजय चौधरी के साथ-साथ दोनों डिप्टी सीएम मौजूद रहेंगे सरकार इस उपलब्धि को बिहार के खेल इतिहास के लिए गर्व का क्षण मान रही है। युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से सरकार यह सम्मान समारोह आयोजित कर रही है। समारोह में वैभव सूर्यवंशी के करियर, विश्व कप में उनके योगदान और बिहार में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने को लेकर विशेष चर्चा होने की संभावना है। विश्व कप के फाइनल में खेली थी 175 रन की धमाकेदार पारी अंडर-19 क्रिकेट 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में 175 रन की पारी खेलकर कई रिकॉड्र्स बनाए। हरारे क्रिकेट ग्राउंड में वैभव ने 15 चौके और 15 छक्के जमाए, यानी 150 रन तो केवल बाउंड्री से ही बनाए। वैभव की पारी की बदौलत भारत ने 50 ओवर में 411 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में इंग्लैंड की टीम 40.2 ओवर में 311 रन पर सिमट गई। भारत ने मुकाबला 100 रन से जीतकर छठी बार खिताब अपने नाम किया। वैभव यूथ वनडे (अंडर-19 स्टेज) में भारत के लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। पूरे टूनामेंट में वैभव ने कुल 30 छक्के भी लगाए, जो सबसे ज्यादा है।

### पटना के बाढ़ में खसरे की पुष्टि, एम्स रिपोर्ट पॉजिटिव

**पटना (एजेंसी)।** पटना के बाढ़ अनुमंडल के दो टोलों में खसरे (मीजल्स) के संदिग्ध मामलों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) से प्राप्त सैंपल रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। जिला प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में विशेष टीकाकरण और निगरानी अभियान चलाने का फैसला लिया है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि, एहतियात के तौर पर संबंधित टोलों के 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को एमएमआर (मीजल्स, मम्प्स, रूबेला) टीका लगाया जाएगा। इसमें वे बच्चे भी शामिल होंगे जिन्होंने नियमित टीकाकरण के तहत पहले खुराक ले रखी है। विभाग का लक्ष्य संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ना और हर्ड इम्युनिटी को मजबूत करना है। पुष्टि के बाद रैपिड रिस्पॉन्स टीम (RRT) को सक्रिय कर दिया गया है। स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर नए संदिग्ध मरीजों की पहचान कर रहे हैं। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं को छूटे हुए बच्चों की सूची बनाने, टीकाकरण की स्थिति जांचने और आवश्यकतानुसार विटामिन-ए की खुराक देने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में भी स्क्रीनिंग अभियान चलाया जाएगा ताकि लक्षणों की पहचान होने पर तत्काल कार्रवाई हो सके। डॉ. कुमार ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि बच्चों में तेज बुखार, शरीर पर लाल चकत्ते, खांसी, जुकाम या आंखों में लाली जैसे लक्षण दिखें तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एमएमआर टीका पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है, और यह राष्ट्रीय प्रतिरक्षण कार्यक्रम के तहत मुफ्त उपलब्ध है।

### PMCH के नए भवन में शिशु रोग विभाग की शुरुआत

**पटना (एजेंसी)।** पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) का शिशु रोग विभाग अब विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस नए भवन में स्थानांतरित हो गया है। शनिवार से नए वार्ड में मरीजों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई, जिसमें पहले ही दिन 4 बच्चों को भर्ती किया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, अगले सात दिनों तक पुराने टाटा वार्ड और नए भवन में इलाज की व्यवस्था समानांतर रूप से जारी रहेगी। इसके बाद पुराने वार्ड को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। नए परिसर में कुल 96 इंडोर बेड की सुविधा नए परिसर में कुल 96 इंडोर बेड की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें 58 बेड का अत्याधुनिक नवजात गहन चिकित्सा इकाई (NICU) और बाल गहन चिकित्सा इकाई (PICU) शामिल है। यहां गंभीर नवजात और बच्चों के इलाज के लिए मॉनिटरिंग, वेंटिलेशन और संक्रमण नियंत्रण की वैश्विक मानकों के अनुरूप सुविधाएं प्रदान की गई हैं। पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि रेफर किए गए मरीजों को सीधे नए वार्ड में स्थानांतरित कर तत्काल इलाज शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जन्म के तुरंत बाद जांच और उपचार की एकीकृत व्यवस्था की गई है, जिससे नवजात मृत्यु दर में कमी लाने में सहायता मिलेगी।

### फतुहा में डेढ़ घंटे खड़ी रही, वारदात के बाद बदमाश फरार; पटना जंक्शन पहुंची ट्रेन

**पटना (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग से चलकर बिहार के आरा आने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस में रविवार को डकैती की वारदात सामने आई। फतुहा रेलवे स्टेशन के पास अपराधियों ने ट्रेन के ल्ट1 कोच को निशाना बनाया और यात्रियों से लूटपाट की। घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन को फतुहा रेलवे स्टेशन पर करीब डेढ़ घंटे तक रोककर जांच की गई। हालांकि, तब तक सभी आरोपी भागने में सफल रहे। यात्रियों से नकदी, मोबाइल और कीमती सामान लूटा बताया जा रहा है कि हथियारबंद बदमाश अचानक कोच में घुसे और यात्रियों को धमकाकर नकदी, मोबाइल और कीमती सामान लूट लिया। घटना से कोच में अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने शोर मचाया, लेकिन तब तक बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो चुके थे। फतुहा स्टेशन पर ट्रेन को रोककर यात्रियों से पूछताछ सूचना मिलते ही रेल पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। फतुहा स्टेशन पर ट्रेन को रोककर यात्रियों से पूछताछ की गई और कोच की तलाशी ली गई। करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया और वह देर से पटना जंक्शन पहुंची। वहां भी जीआरपी और आरपीएफ ने यात्रियों से घटना की जानकारी ली। मामला दर्ज किया, आसपास के इलाकों में छापेमारी रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आसपास के इलाकों में छापेमारी की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद यात्रियों में दहशत का माहौल है। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में बिहार डेवलपमेंट समिट

**पटना (एजेंसी)।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में लेट्स इंस्पायर बिहार की ओर से आज यानी रविवार को ह्यबिहार डेवलपमेंट समिटह्न होने जा रहा है। इस प्रोग्राम को लेकर 5,000 से अधिक लोगों ने रिजस्ट्रेशन करवाया है। संस्था के प्रमुख और बिहार कैडर के क्ढर विकास वैभव ने बताया कि, पिछले 5 साल से देश-विदेश में बसे बिहार मूल के उद्योगपतियों को एक मंच पर लाने का काम किया जा रहा है। बिहार के हर जिले में 5 स्टार्टअप शुरू करने का टारगेट है। यह मंच राज्य में आर्थिक संभावनाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में सहायक साबित होगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। इस दौरान कई विषयों पर पैनल डिस्कशन होंगे, जिनमें सफल स्टार्टअप फाउंडर्स, इन्वेस्टर्स और एक्सपर्ट शामिल होंगे। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी,



# कैसे दक्षिणमुखी मकान में नहीं होता दक्षिण दोष

**वास्तु शास्त्र में दक्षिण दिशा के मकान को कुछ परिस्थिति को छोड़कर अशुभ और नकारात्मक प्रभाव वाला माना जाता है। दरअसल, हर दिशा में कोई न कोई ग्रह स्थित है जो कि अपना अच्छा या बुरा प्रभाव डालता है। यह निर्भर करता है मकान के वास्तु, मुहल्ले के वास्तु और उसके आसपास स्थित वातावरण और वृक्षों की स्थिति पर।**

प्रत्येक ग्रह का अपना एक वृक्ष होता है। जैसे चंद्र की शनि से नहीं बनती और यदि आपने घर के सामने चंद्र एवं शनि से संबंधित वृक्ष या पौधे लगा दिए हैं तो यह कुंडली में चंद्र और शनि की युति के समान होते हैं जो कि विषयोग कहा गया है। आओ जानते हैं कि कैसे दक्षिणमुखी मकान में नहीं होता दक्षिण दोष?

- यदि दक्षिणमुखी मकान के सामने द्वार से दोगुनी दूरी पर स्थित नीम का हराभरा वृक्ष है तो दक्षिण दिशा का असर कुछ हद तक समाप्त हो जाएगा।
- यदि दक्षिणमुखी मकान के सामने मकान से दोगना बड़ा कोई दूसरा मकान है तो दक्षिण दिशा का असर कुछ हद तक समाप्त हो जाएगा।
- दक्षिणमुखी मकान का दोष खत्म करने के लिए द्वारा के उपर पंचमुखी हनुमानजी का चित्र भी लगाना चाहिए।
- दक्षिण मुखी प्लाट में मुख्य द्वार आग्नेय कोण में बना है और उत्तर तथा पूर्व की तरफ ज्यादा व पश्चिम व दक्षिण में कम से कम खुला स्थान छोड़ा गया है तो भी दक्षिण का दोष कम हो जाता है।। बगीचे में छोटे पौधे पूर्व-ईशान में लगाने से भी दोष कम होता है।
- आग्नेय कोण का मुख्यद्वार यदि लाल या मरून रंग का हो, तो श्रेष्ठ फल देता है। इसके अलावा हरा या भूरा रंग भी चुना जा सकता है। किसी भी परिस्थिति में मुख्यद्वार को नीला या काला रंग प्रदान न करें।
- दक्षिण मुखी भूखण्ड का द्वार दक्षिण या दक्षिण-पूरब में कतई नहीं बनाना चाहिए। पश्चिम या अन्य किसी दिशा में मुख्य द्वार लाभकारी होता हैं।
- यदि आपका दरवाजा दक्षिण की तरफ है तो द्वार के ठीक सामने एक आदमकद दर्पण इस प्रकार लगाएं जिससे घर में प्रवेश करने वाले व्यक्ति का पूरा प्रतिबिंब दर्पण में बने। इससे घर में प्रवेश करने वाले व्यक्ति के साथ घर में प्रवेश करने वाली नकारात्मक उर्जा पलटकर वापस चली जाती है।



# कैसा होना चाहिए घर का मुख्य द्वार

**घर के दरवाजे बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। कई बार हम मकान खरीदते वक्त या बनवाते वक्त यह ध्यान नहीं देते हैं कि किस प्रकार के दरवाजे लगाए जा रहे हैं। घर का मुख्य द्वार वास्तु अनुसार होता है तो कई समस्याएं स्वतः ही समाप्त हो जाती है। बेहतर होगा कि दरवाजा शीशम या सागौन की लकड़ी और धातु का बना हो। दरजावा किसी भी प्रकार सा टूटा फूटा या तिरछा नहीं होना चाहिए। द्वार के खुलने बंद होने में आने वाली चरमराती ध्वनि स्वरवेध कहलाती हैं जिसके कारण आकस्मिक अप्रिय घटनाओं को प्रोत्साहन मिलता है। आओ जानते हैं कि घर का मुख्य द्वार कैसा होना चाहिए।**

- एक सीध में तीन दरवाजे नहीं होना चाहिए।
- दरवाजे के भीतर दरवाजा नहीं बनाना चाहिए।
- एक पल्ले वाला दरवाजा नहीं होना चाहिए। दो पल्ले वाला हो।
- ऐसा दरवाजा नहीं होना चाहिए जो अपने आप खुलता या बंद हो जाता हो।
- घर का मुख्य द्वार बाहर की ओर खुलने वाला नहीं होना चाहिए।
- कुछ दरवाजे ऐसे होते हैं जिनमें खिड़कियां होती हैं ऐसे दरवाजों में वास्तुदोष हो सकता है।
- मुख्य द्वार त्रिकोणाकार, गोलाकार, वर्गाकार या बहुभुज की आकृति वाला नहीं होना चाहिए।
- मुख्य दरवाजा छोटा और उसके पीछे का दरवाजा बड़ा नहीं होना चाहिए। मुख्य दरवाजा बड़ा होना चाहिए।
- घर के ऊपरी माले के दरवाजे निचले माले के दरवाजों से कुछ छोटे होने चाहिए।
- घर में दो मुख्य द्वार हैं तो वास्तुदोष हो सकता है। विपरीत दिशा में दो मुख्य द्वार नहीं बनाना चाहिए।




# क्या कोई युग लाखों वर्ष का होता है

**युग क्या होता है इस संबंध में 5 तरह की मान्यताएं प्रचलित हैं। दूसरी बात यह कि भारत के धार्मिक इतिहास को युगों की प्रचलित धारण में लिखना या मानना कितना उचित है? जैसे कि श्रीराम जी त्रैता में और श्रीकृष्ण जी द्वापर में हुए थे। इस तरह तो इतिहास कभी नहीं लिखा जा सकता है। इतिहास को तो तारीखों में ही लिखना होता है और वह भी तथ्य और प्रमाणों के साथ। आओ जानते हैं कि युग की 5 मान्यताएं।**

उल्लेखनीय है कि आपने सुना ही होगा मध्ययुग, आधुनिक युग, वर्तमान युग जैसे अन्य शब्दों को। इसका मतलब यह कि युग शब्द को कई अर्थों में प्रयुक्त किया जाता रहा है। मतलब यह कि युग का मान एक जैसी घटनाओं के काल से भी निर्धारित हो सकता है। तो क्या यह सही है या कि युग की धारणा कुछ और ही है?

## पहली मान्यता

युग के बारे में कहा जाता है कि 1 युग लाखों वर्ष का होता है, जैसा कि सतयुग लगभग 17 लाख 28 हजार वर्ष, त्रेतायुग 12 लाख 96 हजार वर्ष, द्वापर युग 8 लाख 64 हजार वर्ष और कलियुग 4 लाख 32 हजार वर्ष का बताया गया है।

## दूसरी मान्यता

एक पौराणिक मान्यता के अनुसार प्रत्येक युग का समय 1250 वर्ष का माना गया है। इस मान से चारों युग की एक चक्र 5 हजार वर्षों में पूर्ण हो जाता है।

## तीसरी मान्यता

भारतीय ज्योतिषियों ने समय की धारणा को सिद्ध धरती के सूर्य की परिक्रमा के आधार पर नहीं प्रतिपादित किया है। उन्होंने संपूर्ण तारामंडल में धरती के परिभ्रमण के पूर्ण कर लेने तक की गणना करके वर्ष के आगे के समय को भी प्रतिपादित किया है। वर्ष को 'संवत्सर' कहा गया है। 5 वर्ष का 1 युग होता है। संवत्सर, परिवत्सर, इद्वत्सर, अनुवत्सर और युगवत्सर ये युगात्मक 5 वर्ष कहे जाते हैं। बृहस्पति की गति के अनुसार प्रभव आदि 60 वर्षों में 12 युग होते हैं तथा प्रत्येक युग में 5-5 वत्सर होते हैं। 12 युगों के नाम हैं- प्रजापति, धाता, वृष, व्यय, खर, दुर्मुख, प्लव, पराभव, रोधकृत, अनल, दुर्मति और क्षय। प्रत्येक युग के जो 5 वत्सर हैं, उनमें से प्रथम का नाम संवत्सर है। दूसरा परिवत्सर, तीसरा इद्वत्सर, चौथा अनुवत्सर और 5वां युगवत्सर है।

## चौथी मान्यता

ऋग्वेद के अन्य 2 मंत्रों से 'युग' शब्द का अर्थ काल और अहोरात्र भी सिद्ध होता है। 5वें मंडल के 76वें सूक्त के तीसरे मंत्र में 'नहुषा युगा मन्हारजांसि दीयथः' पद में युग शब्द का अर्थ 'युगोपलक्षितान कालान प्रसरादिसवनान अहोरात्रादिकालान वा' किया गया है। इससे स्पष्ट है कि उदय काल में युग शब्द का अन्य अर्थ अहोरात्र विशिष्ट काल भी लिया जाता था। ऋग्वेद के छठे मंडल के नौवें सूक्त के चौथे मंत्र में 'युगे-युगे विदध्यं' पद में युगे-युगे शब्द का अर्थ 'काले-काले' किया गया है। वाजसनेयी संहिता के 12वें अध्याय की 11वीं कंडिका में 'दैव्यं मानुषा युगा' ऐसा पद आया है। इससे सिद्ध होता है कि उस काल में देव युग और मनुष्य युग ये 2 युग प्रचलित थे। तैतिरीय संहिता के 'या जाता ओ वधयो देवेभ्यस्त्रियुगं पुरा' मंत्र से देव युग की सिद्धि होती है।

## पांचवीं मान्यता

धरती अपनी धूरी पर 23 घंटे 56 मिनट और 4 सेकंड अर्थात 60 घटी में 1,610 प्रति किलोमीटर की रफ्तार से घूमकर अपना चक्कर पूर्ण करती है। यही धरती अपने अक्ष पर रहकर सौर मास के अनुसार 365 दिन 5 घंटे 48 मिनट और 46 सेकंड में सूर्य की परिक्रमा पूर्ण कर लेती है, जबकि चन्द्रमास के अनुसार 354 दिनों में सूर्य का 1 चक्कर लगा लेती है। अब सौरमंडल में तो राशियां और नक्षत्र भी होते हैं। जिस तरह धरती सूर्य का चक्कर लगाती है उसी तरह वह राशि मंडल का चक्कर भी लगाती है। धरती को राशि मंडल की पूरी परिक्रमा करने या चक्कर लगाने में कुल 25,920 साल का समय लगता है। इस तरह धरती का एक भोगकाल या युग पूर्ण होता है। वैज्ञानिक कहते हैं कि लगभग 26,000 वर्ष बाद हमेशा ही उत्तर में दिखाई देने वाला ध्रुव तारा अपनी दिशा बदलकर पुनः उत्तर में दिखाई देने लगता है।




# सूर्योपासना के समय जपें ये खास मंत्र

महिलाओं को रविवार और सोमवार को सूर्योपासना से घर में समृद्धि व गर्भवती महिलाओं को गुणी पुत्र की प्राप्ति होती है।

बह्मवैवर्त पुराण के अनुसार इन दिनों में खेजड़ी के पेड़ के नीचे प्रातः काल सूर्योपासना करते हुए इस मंत्र का 51 बार जाप करने से लाभ मिलता है-
नमः उग्राय वीराय सारंगाय नमो नमः।
नमः पद्मप्रबोधाय प्रचंडाय नमोस्तु ते।।
ओम आदित्याय नमः।


आत्मबल, बुद्धि, इन्द्रियों में सौम्यता, शिष्टता, काम, क्रोधादि शमन व मानसिक पीड़ा से मुक्ति के लिए इन महीनों में आने वाले हर रविवार को खेजड़ी के नीचे सूर्य के सामने बैठ इस मंत्र का 51 बार वाचन करें। पेड़ के नीचे की मिट्‌टी को लाकर घर में फेंकना शुभ होता है।
ओम नमः पूर्वाय गिरये पश्चिमायाद्रये नमः।
ज्योतिर्गणानां पतये दिनाधिपतये नमः।।
ओम सूर्याय नमः।

जिन महिलाओं को संतान सुख न हो, ऐसी महिलाओं को आंवले के पेड़ के नीचे अथर्ववेद के इस मंत्र का 101 बार जाप व सूर्य देव को जल सिंचन करने से संतान प्राप्ति सुख संभव है-
परिहस्त विधारय योनिं गर्भाय धातवे।
ओम भास्कराय नमः।

नीलें रंग के अपराजिता (विष्णुकान्ता ) नामक पौधे के नीचे इस मंत्र का जाप करने से घर के मुकदमेबाजी व न्यायालय में विजय, घर में समृद्धि व स्नायु तंत्र (नर्वस सिस्टम), चर्म रोग व श्वसन संबंधी रोगों से मुक्ति मिलती है। इस पौधे के न होने की दशा में पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर सूर्य को जल सिंचन कर इस मंत्र का 101 बार जाप करें -
ओम विश्वानिदेव सवितुः दुरितानि परांसुवः
यद् भद्रं तन्नासुवः। सूर्य कृणोतु भेशजं
चन्द्रमा वोपोच्छतु।।
ओम सूर्याय नमः।

दीर्घायु व हृदय संबंधी बीमारियों के लिए आश्विन व कार्तिक मास के प्रति रविवार बड़, ढाक, अशोक या सूर्यमुखी पौधे के नीचे आदित्य हृदय स्तोत्रम का पाठ करें या अथर्ववेद के इस मंत्र का 51 बार जाप करें -
उत सूर्योदिव एति पुरो रक्षांसि निजूर्वन।
ओम भानवे नमः।

कुशाग्र बुद्धि, इंटरव्यू में सफलता व शिक्षा से जुड़े पक्षों तथा वायु संबंधी रोगों के निवारण के लिए अथर्ववेद के इस मंत्र का पीपल के पेड़ के नीचे प्रातः काल हर रविवार इस मंत्र के जाप से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।
यं जीवमष्नवामहै न स रिष्याति पुरुषः।
त्वं सूर्यस्य रश्मिभिस्त्वं नोअसियज्ञिया।।
ओम सूर्याय नमः।



# महाभारत काल में हुआ था गणेशजी का गजानन अवतार

**मोदक प्रिय श्री गणेशजी विद्या-बुद्धि और समस्त सिद्धियों के दाता हैं तथा थोड़ी उपासना से ही प्रसन्न हो जाते हैं। उन्हें हिन्दू धर्म में प्रथम पूज्य देवता माना गया है। किसी भी कार्य को प्रारंभ करने के पूर्व उन्हीं का स्मरण और पूजन किया जाता है। गणेशजी ने तीनों युग में जन्म लिया है और वे आगे कलयुग में भी जन्म लेंगे।**


धर्मशात्रों के अनुसार गणपति ने 64 अवतार लिए, लेकिन 12 अवतार प्रख्यात माने जाते हैं जिसकी पूजा की जाती है। अष्ट विनायक की भी प्रसिद्धि है। आओ जानते हैं उनके द्वापर के अवतार गजानन के बारे में संक्षिप्त जानकारी।

- द्वापर युग में उनका वर्ण लाल है। वे चार भुजाओं वाले और मूषक वाहन वाले हैं तथा गजानन नाम से प्रसिद्ध हैं।
- द्वापर युग में गणपति ने पुनः पार्वती के गर्भ से जन्म लिया व गणेश कहलाए।
- परंतु गणेश के जन्म के बाद किसी कारणवश पार्वती ने उन्हें जंगल में छोड़ दिया, जहां पर पराशर मुनि ने उनका पालन-पोषण किया। ऐसा भी कहा जाता है कि वे महिष्मति वरेण्य वरेण्य के पुत्र थे। कुरुप होने के कारण उन्हें जंगल में छोड़ दिया गया था।
- इन्हीं गणेशजी ने ही ऋषि वेदव्यास के कहने पर महाभारत लिखी थी।
- इस अवतार में गणेश ने सिंदुरासुर का वध कर उसके द्वारा कैद किए अनेक राजाओं व वीरों को मुक्त कराया था।
- इसी अवतार में गणेश ने वरेण्य नामक अपने भक्त को गणेश गीता के रूप में शाश्वत तत्व ज्ञान का उपदेश दिया।

# सुनसान जगह पर नहीं रहना चाहिए घर

हिन्दू पुराणों और वास्तु शास्त्र में कुछ जगहों पर एक सभ्य व्यक्ति को नहीं रहना चाहिए। यदि वह वहां रहता है तो निश्चित ही उसके जीवन और भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। घर यह सुकून का नहीं है तो कैसे जीवन में सुकून आएगा। जैसे चौराहे, तिराहे, अवैध गतिविधियों वाली जगह, शोर मचाने वाली दुकान या फैक्ट्री आदि। इन्हीं में से एक है सुनसान इलाका। दरअसल, आप जहां रहते हैं उस स्थान से ही आपका भविष्य तय होता है। यदि आप गलत जगह रह रहे हैं तो अच्छे भविष्य की आशा मत कीजिये। आओ जानते हैं कि क्यों नहीं रहना चाहिए सुनसान जगह पर।

- दो तरह के सुनसान होते हैं एक मरघट की शांति वाले और दूसरे एकांत की शांति वाले। कई लोग एकांत में रहना पसंद करते हैं। इसके चलते वे सुनसान में रहने चले जाते हैं। सुनसान जगह पर रहने के कई खतरें हैं और साथ ही शास्त्रों में ऐसी जगहों पर रहने की मनाही है।
- भविष्य पुराण अनुसार आपका घर नगर या शहर के बाहर नहीं होना चाहिए। गांव या शहर में रहना ही तुलनात्मक रूप से अधिक सुरक्षित होता है।
- यदि घर बहुत सुनसान स्थान पर या शरह-गांव के बाहर होगा तो जब भी आप घर से बाहर कहीं जाएंगे उस दौरान आपके मन और मस्तिष्क में घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।
- यह तो आप भी जाते होंगे कि सभी सुनसान स्थान पर अपराधी आसानी से अनिष्ट संबंधी गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं।
- दूसरी बात यदि शहर से दूर घर है तो रात-बिरात आने जाने में भी आपको परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, भले ही आपके पास कार या बाइक हो।
- सुनसान जगहों को राहु और केतु की बुराई का स्थान माना जाता है। यहां पर घटना और दुर्घटना के योग बने रहते हैं।
- सुनसान जगहों पर नकारात्मक ऊर्जा और नकारात्मक विचार बहुत तेजी से पनपते हैं।
- जहां अस्पताल, विद्यालय, नदी, तालाब, स्वजन या मनुष्य की आबादी नहीं है वहां पर नहीं रहना चाहिए।



# टी20 विश्व कप: इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराकर सुपर-8 का अपना पहला मुकाबला जीता

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** फिल सॉल्ट के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के अच्छें प्रदर्शन से इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 के अपने पहले ही मुकाबले में शानदार दमदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 51 रनों से हरा दिया। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 146 रन बनाये। इसक बाद मेजबान लंकाई टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.4 ओवर में 95 रनों पर ही आउट हो गयी।

मेजबान श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फैसला किया जो सही साबित नहीं हुआ। इंग्लैंड ने खराब शुरुआत के बाद फिल सॉल्ट की 40 गेंदों में 62 रनों की पारी से ठीक स्कोर बना लिया। सॉल्ट ने संयम और आक्रामकता के साथ खेलते हु पारी को संवारा। मध्य क्रम हालांकि टिक नहीं पाया। । श्रीलंकाई गेंदबाज़ों ने अच्छी गेंदबाजी कर इंग्लैंड के अन्य बल्लेबाजों को हावी होने का अवसर नहीं दिया। अंतिम ओवरों में टीम किसी प्रकार 150 के करीब पहुंच पायी।

जीत के लिए 147 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत भी अच्छी नहींरही। पावरप्ले के अंत तक आधी टीम 34 रनोंर पर ही सिमट गयी। जैक्स ने लगातार चार ओवर गेंदबाज़ी करते हुए 22 रन देकर तीन विके लिए। वहीं जोफ्रा आर्चर ने नई गेंद से दो अहम विकेट लिए, जबकि लियाम डॉसन और आदिल रशीद ने भी दबाव बनाये रखा। । कप्तान दासुन शनाका ने 30 रन बनाये पर वह टिक नहीं पाये। आदिल रशीद ने अंतिम विकेट लेकर श्रीलंकाई पारी समेट दी।




# अल्काराज़ ने कतर ओपन टेनिस खिताब जीता



**दोहा (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने कतर ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी अल्कराज ने खिताबी मुकाबल में फ्रांस के अर्थुर फिल्स को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हराया। दोनो में ये मुकाबला केवल 50 मिनट तक चला, जिसमें अल्काराज़ का दबदबा रहा।

इस खिताबी जीत के साथ ही अल्काराज़ ने इस साल 2026 में लगातार 12 मैच जीतने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया था। वह चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अब उनके टूर खिताबों की तादाद बढ़कर 26 पहुंच गयी है। फाइनल में उन्होंने आक्रामक रुख अपनया जिसका फ्रांसीसी खिलाड़ी के पास जवाब नहीं था। खिताब जीतने के बाद उत्साहित अल्काराज़ ने कहा- साल की शुरुआत वाकई बहुत अच्छी रही है। मैं अपने खेल से बेहद खुश हूं और इसी लय को आगे भी बनाये रखना चाहता हूं। अल्काराज की इस फॉर्म को देखते हुए तय है कि वह इस सत्र में आगे भी खिताब जीतकर नये रिकार्ड बनाएंगे।

# किसी भी टीम को हल्के से ना लें, इससे आप लक्ष्य से भटक सकते हो : डैरेन सैमी



**मुंबई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ के रविवार को होने वाले मैच से पहले अपने खिलाड़ियों को आगाह किया कि वह जिम्बाब्वे को किसी भी तरह से कम करके आंकने की गलती नहीं करें क्योंकि इससे वह लक्ष्य से भटक सकते हैं। सैमी ने इसके साथ ही कहा कि जिम्बाब्वे को ग्रुप बी में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया जैसी वरीयता प्राप्त टीमों के साथ रखे जाने से अतिरिक्त प्रेरणा मिली होगी और उनका मानना है कि इसी वजह से जिम्बाब्वे ने अपनी क्षमता से बढ़कर प्रदर्शन किया और ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

जिम्बाब्वे ने ग्रुप चरण में पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर सबको चौंका दिया था। सैमी ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, 'ऐसा कम ही होता है कि केवल शीर्ष टीमें ही आगे बढें। मेरी टीम जानती है कि वह विश्व कप में खेल रही है। कल हमारा मुकाबला जिम्बाब्वे से है, फिर दक्षिण अफ्रीका से और उसके बाद भारत से।' उन्होंने कहा, 'हमारे सामने पिछले विश्व कप के दो फाइनलिस्ट हैं। अगर आपको जीतना है तो आपको अपने सामने मौजूद चुनौतियों का सामना करना होगा। इसे हल्के में न लें, किसी को भी कम न समझें। अगर आप अन्य चीजों पर ध्यान देते हैं तो आप लक्ष्य से भटक सकते हैं।'

सैमी ने जिम्बाब्वे के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन के बारे में कहा कि उसे वरीयता नहीं मिली थी जिससे वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हुआ। उन्होंने कहा, 'जिम्बाब्वे ने वही किया जो उसे करना चाहिए था। अगर हमें वरीयता नहीं मिली होती या ऐसा कुछ होता और मैं देखता कि यह व्यक्ति (एक प्रतिद्वंद्वी) वहां खेलने जा रहा है तो इससे मुझे प्रेरणा मिलती।' सैमी ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है कि जिम्बाब्वे ने उस टीम को देखकर प्रेरणा और प्रोत्साहन हासिल किया होगा और उसी तरह से खेला होगा। लेकिन (टीमों को वरीयता देने के मामले में) मैं व्यवस्था के दृष्टिकोण से भी समझता हूं। प्रशंसकों को आश्वासन देने की कोशिश करना जरूरी है।'

# भारत ए ने बांग्लादेश ए को हराकर दूसरी बार महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स खिताब जीता

**बैंकॉक (एजेंसी)।** तेजल हसनबिस के अर्धशतक से भारत ए टीम ने यहां खेले गये एशिया कप महिला राइजिंग स्टार्स के फाइनल में बांग्लादेश ए को 46 रनों से हराकर खिताब जीता है। भारत की ओर से तेजल ने 34 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाये। वहीं इसके बाद लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने भी 12 रन देकर तीन विकेट लिए।

इस मैच में भारत ए ने एक समय 44 रन पर 4 विकेट खो दिये थे पर इसके बाद हसनबिस ने कप्तान राधा यादव के साथ पारी को संभाला। राधा ने 30 गेंदों पर 36 रन बनाये। इन दोनो के बीच पांचवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी हुई। इससे भारत ए टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 134 रन तक पहुंची। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ए टीम टिक नहीं पायी और 19.1 ओवर में 88 रन पर ही आउट हो गयी। बांग्लादेश ए टीम भारतीय गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पायी। उसने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत में ही 12 रन पर अपना पहला विकेट खो दिया। तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर ने इश्मा तंजीम को पेवेलियन भेजा। वहीं इसके बाद प्रेमा ने शमीमा सुल्ताना को आउट कर दिया। इसके बाद एक के बाद एक विकेट गिरते चले गये।




# पाकिस्तान को सेमीफानल में पहुंचने सुपर-8 के दोनो मैच जीतने होंगे

कोलंबो । आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-8 में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच हुए पहले मुकाबले के बारिश के कारण रद्द होने के बाद ही दोनो ही टीमों को एक-एक अंक मिले हैं। ऐसे में अब दोनो ही टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बचे हुए दोनो ही मैच जीतने पूरी ताकत लगा देंगी। पाकिस्तान के आगे जाने की संभावनाएं अब बचे हुए मैचों के परिणामों पर आधारित रहेंगी। पाकिस्तान को अब अंतम चार में पहुचने न केवल देनो ही मैच जीतना होगा बल्कि ये भी देखना होगा कि उनका रन रेट बेहतर रहे। 24 फरवरी को पाकिस्तान की टीम को इंग्लैंड से खेलना है और उसके लिए ये मुकाबला आसान नहीं रहेगा। इंग्लैंड एक ऐसी टीम है जो किसी भी दिन मैच का पासा पलट सकती है। इसके बाद पाक को संयुक्त रुप से मैच का आयोजर कर रही श्रीलंका से 28 फरवरी को अपना अंतिम सुपर 8 मुकाबला खेलना होगा। अगर पाकिस्तान इंग्लैंड से हार जाता है, तो यह मैच उसे हार हाल में बड़े अंतर से जीतना होगा। भी पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़कर 56.25 फीसदी हो गयी है। वहीं इंग्लैंड और श्रीलंका, जिन्हें अभी बड़े मैच खेलने हैं, उनकी जीत की संभावना घटकर 43.75 फीसदी पाक के पास अब अधिकतम 5 अंक तक पहुंचने का मौका है।

# धवन ने सोफी शाइन से की दूसरी शादी

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन दूसरी बार दूल्हा बने हैं। धवन ने आयरलैंड की सोफी शाइन के साथ दूसरी शादी रचाई। उनकी शादी में रिश्तेदार और करीबी दोस्त शामिल हुए। धवन ने अपनी शादी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया में भी साझा की हैं। इसके साथ ही उन्हें बधाइयां मिलने लगीं। अभिनेता रणवीर सिंह ने भी धवन के अलावा अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने इस जोड़े को बधाई दी है। रणवीर ने धवन को बधाई देते हुए लिखा, बधाई और भगवान का आशीर्वाद बना रहे भाई, । वहीं कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने लिखा, बधाई हो पाजी और भाभी जी, अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने दिल वाली इमोजी बनाई। वहीं क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने भी दोनो को बधाई दी है। धवन जहां शेरवानी में वहीं सोफी खूबसूरत लहंगे में नजर आई। शादी की तस्वीरों में दोनो ही बेहद खुश दिखे। धवन और सोफी की सगाई जनवरी में हुई थी। इसके बाद से ही शादी की तैयारी चल रही थी। इनकी सगाई की तस्वीरों को भी प्रशंसकों ने काफी पसंद किया था। ये दोनो ही पिछले काफी सयम से रिलेशनशिप में थे। धवन की पहली शादी ऑस्ट्रेलिया की आयेशा मुखर्जी से हुई थी जिनसे उन्हें एक बेटा जोरावर है। धवन और आयशा के बीच आठ साल के बाद तलाक हो गया था। उसके बाद से ही शिखर अकेले पड़ गये थे।



# अपनी तकनीक में बदलाव नहीं करुंगा : अभिषेक




अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 विश्वकप में असफल रहे हैं। वह अपने तीनों ही मैचों में खाता नहीं खोल पाये हैं। इसके बाद भी अभिषेक का कहना है कि वह आगे भी अपना खेलने का अंदाज नहीं बदलेंगे भले ही शून्य पर आउट हो जायें। भारतीय टीम अब लीग में जीतकर सुपर-8 में पहुंच गयी है। ऐसे में अभिषेक पर अब रन बनाने का दबाव है। अभिषेक वह पहली ही गेंद से आक्रामक खेलने का प्रयास करते हैं और इसी में कभी-कभी विकेट गंभव देते हैं। ग्रुप स्तर पर वह तीन पारियों में सिर्फ आठ गेंद ही खेल पाए। आंकड़े भी उनके खराब फॉर्म को दिखाते हैं। वह अपनी पिछली सात पारियों में पांच बार शून्य पर आउट हुए हैं. कुल मिलाकर, 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में से छह में वह बिना रन बनाए पवेलियन लौटे हैं। वहीं इससे उबरने अभिषेक लगातार ट्रेनिंग में मेहनत कर रहे हैं, जिससे अपना फार्म वापस पा सकें। उन्होंने अपने पर दबाव से इंकार करते हुए कहा फ्रमैं बस अपनी बल्लेबाजी का मजा लेता हूं, मैंने दो साल पहले दबाव लेना बंद कर दिया क्योंकि मुझे समझ आ गया कि प्रक्रिया मेरे हाथ में है। अभ्यास और ट्रेनिंग मैं नियंत्रित कर सकता हूं, और उसी पर ध्यान देता हूं। मुझे यह पसंद है, इसलिए कोई दबाव नहीं है। फ्रअभिषेक जानने है कि हर खिलाड़ी के करियर में ऐसा समय आता है। इसलिए मौजूदा खराब दौर के बाद भी वह अपनी तकनीक में बदलाव नहीं करेंगे क्योंकि इसी ने टी20 में उन्हें नंबर-1 बनाया है। इस बल्लेबाजन ने कहा ' करियर में हमेशा उतार-चढ़ाव आते हैं। कभी रन बनते हैं, कभी नहीं. लेकिन मैंने तय किया है कि मैं अपने तरीके से ही खेलूंगा।'

# रिटायरमेंट की अफवाहों पर फुल स्टॉप, आईपीएल 2026 में फिर दिखेगा 'कैप्टन कूल' का जलवा

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। चेन्नई सुपर किंग्स के CEO कासी विश्वनाथन ने पुष्टि कर दी है कि दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज़ एमएस धोनी आईपीएल 2026 में खेलते नजर आएंगे।

लगातार उठ रही रिटायरमेंट की अटकलों के बीच यह आधिकारिक बयान सामने आया है, जिससे साफ हो गया है कि धोनी एक और सीजन 'येलो जर्सी' में दिखाई देंगे। कासी विश्वनाथन ने स्पष्ट कहा, 'एमएस धोनी आईपीएल 2026 सीजन के लिए उपलब्ध हैं।'



### सीएसके के साथ धोनी की विरासत

धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स के साथ सफर ऐतिहासिक रहा है। उनकी कप्तानी में टीम ने 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में आईपीएल खिताब जीते। 44 वर्ष की उम्र में भी उनका खेल और फिटनेस फैंस को चौंकाते रहे हैं।

2008 से अब तक धोनी सीएसके के स्तंभ रहे हैं। उन्होंने 272 मैचों में 5314 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 2019 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ नाबाद 84 रन रहा।

### कप्तानी का लंबा सफर

धोनी ने 244 मैचों में टीम की कप्तानी की, जिसमें 145 जीत दर्ज कीं। उनका जीत प्रतिशत 59.42 रहा है।

2022 में कप्तानी रवींद्र जडेजा को सौंपी गई थी, लेकिन टीम के खराब प्रदर्शन के बाद धोनी को बीच सीजन में दोबारा जिम्मेदारी संभालनी पड़ी। 2024 में ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया गया। 2025 में गायकवाड़ के चोटिल होने पर धोनी ने फिर टीम की कमान संभाली, हालांकि वह सीजन टीम के लिए कठिन रहा।

### 2026 के लिए रिटेंशन और बड़े बदलाव


आईपीएल 2026 के लिए धोनी को 4 करोड़ रुपये में अनकैप्ड प्लेयर नियम के तहत रिटेन किया गया है। उनके साथ रिटेन खिलाड़ियों में ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, डेवॉल्ड ब्रेविस और नूर अहमद शामिल हैं।

बड़े बदलाव के तहत रवींद्र जडेजा और सैम करन को राजस्थान रॉयल्स में ट्रेड किया गया है। वहीं चेन्नई ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को अपने साथ जोड़ा है, जिससे टीम की बल्लेबाजी को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### आईपीएल 2026 के लिए सीएसके की पूरी टीम

कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, अकील हुसैन, एमएस धोनी, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, आयुष म्हात्रे, डेवॉल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, उर्विल पटेल, नूर अहमद, नाथन एलिस, श्रेयस गोपाल, खलील अहमद, रामकृष्ण घोष, मुकेश चौधरी, जेमी ओवरटन, गुरजपनीत सिंह और अंशुल कंबोज।

# मेस्सी की मौजूदगी में MLS चैंपियन इंटर मियामी को मिली पहले मैच में हार



लॉस एंजिलिस । स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने MLS कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया। इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिलिस एफसी (LAFC) से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। विजेता टीम की तरफ से डेविड मार्टिनेज, डेनिस बुआंगा और नाथन ऑर्डाज़ ने गोल किए। बुआंगा ने मैच के बाद कहा, 'वह मैच हमेशा खास होता है जिसमें मेस्सी खेलते हैं। हम मेस्सी की मौजूदगी में मियामी को हराना चाहते थे। इस मैच के लिए प्रत्येक खिलाड़ी का मनोबल बढ़ा होता है।' इस मैच को देखने के लिए ऐतिहासिक लॉस एंजिल्स मेमोरियल कोलिजयिम स्टेडियम में 75,673 दर्शक उपस्थित थे। दर्शकों ने घरेलू टीम की शानदार जीत का जश्न मनाया और मेस्सी को खेलते हुए देखने का भरपूर आनंद लिया। मेस्सी ने इस महीने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बावजूद पूरा मैच खेला।

# पांड्या ने बेटे अगस्त्या को उपहार में दी करोड़ों की एसयूवी

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अपनी महंगी जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं। वह हमेशा महंगी घडियां पहने दिखते हैं। इसी कड़ी में अब हार्दिक ने अपने पांच साल के बेटे अगस्त्या को करोड़ों की एसयूवी कार उपहार में दी है। पांड्या का सर्बियाई अभिनेत्री नताशा स्टैनकोविक से तलाक हो गया है पर बेटे का ध्यान दोनो ही मिलकर रहते हैं। अगस्त्या की कस्टडी हालांकि नताशा को मिली है पर हार्दिक उनसे मिलते रहते हैं। इतने छोटे से बेटे को करोड़ों की एसयूवी कार उपहार में दिये जाने से लोग हैरान दी क्योंकि उनके बेटे की उम्र अभी खिलौनों से खेलने की है। सोशल मीडिया पर हार्दिक के अपने बेटे अगस्त्या और पूर्व पत्नी नताशा स्टैनकोविक को दिए गए उपहार की तस्वीर वायरल हो रही है। इसमें हार्दिक का बेटा और नताशा लैंड रोवर डिफेंडर कार लेते दिख रहे हैं। तस्वीर में वेलकम नोट पर साफ-साफ लिखा हुआ है पापा टू अगस्त्या।

# फ्लॉयड मेवेदर जूनियर ने पेशेवर रिंग में वापसी के संकेत दिए

नई दिल्ली । मुक्केबाजी के दिग्गज फ्लॉयड मेवेदर जूनियर ने एक बार फिर पेशेवर मुक्केबाजी में वापसी के संकेत दिए हैं। मेवेदर ने कहा कि वह आधिकारिक पेशेवर मुकाबला लड़ने पर विचार कर रहे हैं, जिससे मुक्केबाजी की दुनिया में हलचल मच गई है। 2017 में कॉनर मैकग्रेगर को हराकर 50-0 का रिकॉर्ड बनाने वाले मेवेदर ने उस मुकाबले के दसवें राउंड में टीकेओ से जीत दर्ज की थी और तुरंत बाद संन्यास की घोषणा की थी। हालांकि, संन्यास के बाद भी मेवेदर पूरी तरह रिंग से दूर नहीं रहे। उन्होंने पेशेवर मुक्केबाजों, एमएमए फाइटर्स और सेलिब्रिटीज़ के खिलाफ कई प्रदर्शनी मुकाबले लड़े। अगस्त 2024 में मेक्सिको में उनका मुकाबला जॉन गोटी तृतीय से हुआ था। अब 2026 में मेवेदर 59 साल के माइक टायसन के साथ मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं। यह मुकाबला अप्रैल 2026 में कांगो में प्रस्तावित है और इसे बॉक्सिंग इतिहास के सबसे चर्चित आयोजनों में से एक माना जा रहा है। दोनों फाइटर्स की संयुक्त उम्र 100 वर्ष से अधिक है, लेकिन फैंस के बीच इस इवेंट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। मेवेदर ने कहा कि उनके इवेंट्स से प्राप्त गेट रेवेन्यू, वैश्विक दर्शक संख्या और कमाई शायद ही कोई और फाइटर हासिल कर सके। टायसन के साथ प्रस्तावित मुकाबला उनकी संभावित वापसी की दिशा में पहला कदम हो सकता है। यदि यह आधिकारिक मुकाबला बनता है, तो यह लगभग नौ साल बाद मेवेदर की पहली पेशेवर फाइट होगी। पांच अलग-अलग वेट डिवीजन में विश्व चैंपियन रह चुके मेवेदर का करियर ऐतिहासिक रहा है। टायसन के खिलाफ होने वाला मुकाबला तय करेगा कि 48 साल के मेवेदर का पेशेवर मुक्केबाज के रूप में भविष्य कैसा होगा। हालांकि, उनके फैंस रिंग में उनकी वापसी देखने के लिए उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि यह मुकाबला मेवेदर के करियर को एक नया अध्याय दे सकता है।



# आज कनाडा, अमेरिका सहित कई देशों से खेल रहे भारतीय मूल के खिलाड़ी : प्रधानमंत्री मोदी

**सैंटोस (ब्राज़ील) (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में विदेशी टीमों से खेलते हुए नाम देश का नाम रौशन कर रहे भारतीय मूल के खिलाड़ियों की प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज टी20 विश्वकप क्रिकेट को ही देख लें। इसमें खेल रहे दुनिया भर के कई देशों में भारतीय मूल के खिलाड़ी नजर आ रहे हैं जो वहां की टीमों से खेलते हुए दोनो देशों का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कनाडा से खेल रहे दिलप्रीत बाजवा, अमेरिका से खेल रहे मोनांक पटेल सहित कई खिलाड़ियों का नाम लिया। प्रधानमंत्री ने कहा, जो खेले वो खिले, खेल हमें जोड़ता भी है। आजकल आप टी-20 विश्व कप के मैच देख रहे होंगे। इस दौरान किसी भारतीय को दूसरे देश की जर्सी पहने भी आपने देखा होगा। उसका नाम सुनकर आपकों लगता है कि ये तो अपने देश का है, तब दिल में खुशी भी होती है कि भारत से बाहर जाकर भी वह वह उस देश की ओर से खेलता है, जहां उसका परिवार बस गया है। वे अपने-अपने देशों की जर्सी पहनकर मैदान में उतरते हैं और पूरे मन से उस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। साथ ही कहा, कनाडा की टीम क ही देख लें, इसमें सबसे ज्यादा भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। टीम के कप्तान दिलप्रीत बाजवा का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ था। नवनीत धालीवाल चंडीगढ़ के हैं। इस सूची में हर्ष ठाकर और श्रेयस मोआ जैसे कई खिलाड़ी शामिल हैं, जो कनाडा के साथ-साथ भारत का भी गौरव बढ़ा रहे हैं। अमेरिका टीम में शामिल कई खिलाड़ी भारत के घरेलू क्रिकेट से निकले हुए हैं। अमेरिकी टीम के कप्तान मोनांक पटेल ने गुजरात की ओर से खेला हैं। मुंबई के सौरभ, हरमीत सिंह, और दिल्ली के मिलिंद कुमार अमेरिकी टीम से खेल रहे हैं।

इसके अलावा ओमान की टीम में भी कई भारतीय हैं जो पहले भारत के अलग-अलग राज्यों से खेले हैं। जतिंद्र सिंह, विनायक शुक्ला, करन, जय और आशीष जैसे खिलाड़ी ओमान क्रिकेट टीम से खेलते हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड, यूएई और इटली की टीमों में भी भारतीय मूल के कई खिलाड़ी हैं। ये भारतीय देश से बाहर जाने के बाद भी देश का गौरव बढ़ा रहे हैं और वहां के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। भारतीयता की यही तो विशेषता है, वह जहां भी जायें, अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं। इसी के साथ ही वह जिस देश में रहते हैं, वहां के विकास के लिए सहयोग में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## शरद पवार की फिर बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में किया भर्ती, डॉक्टर कर रहे निगरानी

मुंबई (एजेंसी)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के संस्थापक शरद पवार को रविवार को फिर पुणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिछले कुछ दिनों से उनकी सेहत में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। उनकी बेटी और बारामती की सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक शरद पवार पिछले कुछ दिनों से खांसी और गले के संक्रमण से जूझ रहे थे। शनिवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वे अपने आवास पर थे, लेकिन रविवार सुबह उन्हें अत्यधिक कमजोरी और शरीर में पानी की कमी महसूस हुई। डॉक्टरों की सलाह पर परिवार ने उन्हें तुरंत जांच और चिकित्सकीय देखरेख के लिए अस्पताल में भर्ती करने का निर्णय लिया। सुप्रिया सुले ने एक्स पर लिखा- हम बाबा को फॉलो-अप टेस्ट और हाइड्रेशन के लिए पुणे के अस्पताल में भर्ती कर रहे हैं। हम सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों का आभार व्यक्त करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 85 साल के शरद पवार को पिछले हफ्ते भी इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय उन्हें सांस लेने में कठिनाई और सीने में संक्रमण की शिकायत थी। डॉक्टरों ने उन्हें एंटीबायोटिक्स का पांच दिनों का कोर्स दिया और शनिवार को ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। हालांकि, डॉक्टरों ने उन्हें 3-4 दिन पूर्ण विश्राम की सलाह दी थी, लेकिन उनकी स्थिति में सुधार न होने के कारण उन्हें दोबारा भर्ती करना पड़ा। बता दें हाल ही में पवार परिवार पर आए दुखों के पहाड़ ने भी वरिष्ठ नेता के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाला है। जनवरी के अंत में एक विमान हादसे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और उनके भतीजे अजित पवार के असामयिक निधन के बाद से शरद पवार बारामती में परिवार को संभालने में व्यस्त थे। इस दौरान हुई भागदौड़ और मानसिक तनाव ने उनकी सेहत पर प्रतिकूल असर डाला है। डॉक्टरों के मुताबिक शरद पवार की स्थिति फिलहाल स्थिर है। उनके महत्वपूर्ण अंगों की स्थिति सामान्य है, लेकिन उम्र और संक्रमण को देखते हुए उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है।



## भारतीय तटरक्षक बल की बड़ी कार्रवाई : अरब सागर में 5 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त, 4 ईरानी गिरफ्तार

अहमदाबाद (एजेंसी)। अरब सागर में घुसपैठ और तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारतीय तटरक्षक बल ने एक विशेष अभियान के दौरान विदेशी ब्रांड की सिगरेट से भरी संदिग्ध नाव को पकड़ा है। इस कार्रवाई में 4 ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवभूमि द्वारका से करीब 115 किलोमीटर दूर भारतीय समुद्री सीमा के फॉरवर्ड एरिया में नियमित गश्त के दौरान तटरक्षक बल की टीम को एक संदिग्ध नाव दिखाई दी। शक होने पर जब नाव को रोका गया और तलाशी ली गई तो पता चला कि अल मुख्तार नाम की यह नाव विदेशी सामान की तस्करी में लिप्त थी। जांच के दौरान नाव से विदेशी ब्रांड की सिगरेट के करीब 200 बड़े कार्टन बरामद किए गए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की अनुमानित कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान नाव पर सवार 4 ईरानी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। उनके पास से प्रतिबंधित थुराया सैटेलाइट फोन और 8 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए सभी ईरानी नागरिकों और जब्त नाव को आगे की जांच के लिए पोरबंदर जेट्टी लाया गया है। सुरक्षा एजेंसियां अब इस तस्करी के पीछे सक्रिय बड़े नेटवर्क की जांच में जुट गई हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि सिगरेट की यह खेप गुजरात या किसी अन्य राज्य के तट पर उतारने की योजना थी।

## किश्तवाड़ में जैश के 2 आतंकी ढेर, सुरक्षाबलों ने आतंकियों के ठिकाने को ब्लास्ट किया

कश्मीर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने 2 आतंकियों के ढेर होने की पुष्टि की है। सुरक्षाबलों ने उस ठिकाने को ही ब्लास्ट कर दिया, जहां आतंकी छिपे हुए थे। एनकाउंटर अभी भी जारी है। अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के 2 से 3 आतंकियों के यहां पर छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तभी आतंकियों ने फायरिंग कर दी। इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। वहीं, उधमपुर जिले में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया गया था।

## 34 साइबर ठग अरेस्ट, 45 फरार

मथुरा (एजेंसी)। मथुरा के 'मिनी जामताड़ा' में साइबर ठगों को पकडने के लिए एक बार फिर 240 से अधिक पुलिसकर्मियों ने छापेमारी की। 20 से अधिक गाडियों से पुलिसकर्मियों के साथ एसपी पहुंचे और दो टीमें बनाकर दो गांवों में रेड किए। पुलिस टीम को देखते ही गांव में भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ खेतों में छिप गए। पुलिस ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पकड़ा। घरों की तलाशी ली गई। रविवार सुबह पुलिस ने विशंभरा और झंझावली गांव में रेड किए। करीब 5 घंटे तक चली कार्रवाई में पुलिस ने 34 लोगों को हिरासत में लिया। एसपी सुरेश चंद्र रावत के अनुसार, पुलिस को देखने के बाद 45 लोग फरार हो गए। 5 गाडियां भी जब्त की गई हैं। दरअसल, मथुरा के बॉर्डर क्षेत्र के करीब करीब 8-10 गांव ऐसे हैं जो साइबर ठगी का गढ़ माना जाता है। यहां साइबर ठगी का बड़ा नेटवर्क है जोकि देश-विदेशों में ठगी का अंजाम देता है।

## दबंगों ने दलित परिवार का छप्पर फूंका

कानपुर (एजेंसी)। कानपुर में दबंगों ने दलित परिवार के घर के बाहर छप्पर में आग लगा दी। खौफ पैदा करने के लिए चार राउंड हवाई फायरिंग की। दरअसल, ट्रैक्टर निकालने के दौरान छप्पर टूट गया। इस पर दलित परिवार ने आपत्ति की। आरोप है कि कहासुनी के बाद दबंगों ने लाठी-डंडों से मारपीट की और फिर छप्पर में आग लगा दी। घटना कानपुर के सजेती थाना क्षेत्र के मढ़ापुर गांव की है। इस मारपीट में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हुए हैं, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे दो पड़ोसी भी चोटिल हुए। जानकारी मिलने के बाद विधायक सरोज कुरील ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

# कर्नाटक सरकार 16 साल से कम उम्र के छात्रों के मोबाइल इस्तेमाल पर लगाएगी बैन

**-सीएम सिद्धारमैया ने सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से मांगी राय**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक सरकार 16 साल से कम उम्र के छात्रों के मोबाइल फोन इस्तेमाल पर बैन लगाने पर विचार कर रही है। राज्य के सीएम सिद्धारमैया ने इस विषय पर सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से राय मांगी है। सरकार का ये कदम छात्रों में बढ़ती सोशल मीडिया की लत और नशीली दवाओं के संपर्क में आने के खतरों को रोकने के लिए उठाया जा रहा है। सीएम ने ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य देशों के उदाहरण देते हुए छात्रों के व्यवहार, शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर मोबाइल के प्रभाव को लेकर गहरी चिंता जताई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम सिद्धारमैया ने सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक में इस विषय पर राय मांगी है। सीएम ने बैठक में जोर देकर कहा कि आज हम इस पर चर्चा कर रहे हैं कि बच्चे आज सोशल मीडिया के प्रति जुनूनी हो रहे हैं जो उनके भविष्य के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कुलपतियों से चर्चा करते हुए कहा कि मोबाइल के जरिए बच्चे नशीली दवाओं के शिकार भी हो रहे हैं। सरकार का मानना है कि मोबाइल फोन के अनियंत्रित इस्तेमाल से छात्रों की शिक्षा और उनके आचरण पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए ही नाबालिग छात्रों के लिए कैंपस में मोबाइल बैन करने पर विचार किया जा रहा है।




बैठक में सीएम ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया समेत कई अन्य देश पहले ही छात्रों के लिए मोबाइल फोन पर बैन लगा चुके हैं। इसी तर्ज पर कर्नाटक सरकार भी नाबालिग छात्रों को मोबाइल से दूर रखकर उनके मानसिक स्वास्थ्य को सुरक्षित करना चाहती है। सीएम ने साफ किया कि चूंकि कुलपति शिक्षा के क्षेत्र में गहरी समझ रखते हैं, इसलिए उनकी राय इस नीति को लागू करने में अहम भूमिका निभाएगी। सरकार अब इन विशेषज्ञों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है, ताकि अंतिम फैसला लिया जा सके।

## रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हुए भाजपा विधायक चंद्रू लमानी, अब राजनीति में मचा हड़कंप

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लोकायुक्त पुलिस ने शिरहट्टी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चंद्रू लमानी को गिरफ्तार कर लिया है। विधायक के साथ उनके दो सहायकों, मंजुनाथ वाल्मीकि और गुरुनायक को भी हिरासत में लिया गया है। यह पूरी कार्रवाई सिंचाई परियोजना से जुड़े एक रिश्वत मामले में जाल बिछाकर की गई है, जिसने राज्य की राजनीति में हड़कंप मचा दिया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब गदग जिले के चिंचली निवासी प्रथम श्रेणी ठेकेदार विजय पुजारी ने लोकायुक्त में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, लघु सिंचाई विभाग के अंतर्गत सड़क के दोनों ओर रिटेनिंग वॉल (सुरक्षा दीवार) के निर्माण कार्य को सुचारू रूप से चलाने और बकाया बिलों के भुगतान की सुविधा के बदले विधायक द्वारा कथित तौर पर 11 लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। लोकायुक्त अधिकारियों ने इस शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया और उस समय दबिश दी जब विधायक और उनके सहायकों ने रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 5 लाख रुपये स्वीकार किए। पुलिस ने मौके से ही तीनों को हिरासत में लेकर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस गिरफ्तारी के बाद कर्नाटक की सियासत में जुबानी जंग तेज हो गई है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने विपक्षी दल पर तीखा हमला करते हुए कहा कि विधायक को रंगे हाथों पकड़ा गया है और अब विरोधियों को जवाब देना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार जांच में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी और लोकायुक्त को स्वतंत्र रूप से कार्य करने दिया जाएगा। वहीं, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने भी व्यंग्यात्मक लहजे में कटाक्ष करते हुए विपक्ष की ईमानदारी पर सवाल उठाए। दूसरी ओर, भाजपा ने इस कार्रवाई पर रक्षात्मक रुख अपनाया है। प्रदेश नेतृत्व का कहना है कि वे तथ्यों की विस्तृत पुष्टि के बाद ही आधिकारिक बयान देंगे, हालांकि पार्टी प्रवक्ताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा बताते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल जानबूझकर विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रहा है। विधायक चंद्रू लमानी की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही गदग में उनके समर्थकों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया। समर्थकों ने इस कार्रवाई को एक गहरी राजनीतिक साजिश करार देते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



## राजस्थान में अंतिम मतदाता सूची जारी, कुल 5.15 करोड़ मतदाता दर्ज

जयपुर। राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 27 अक्टूबर 2025 से 21 फरवरी 2026 तक चला। शनिवार को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई, जिसमें कुल 5,15,19,929 मतदाता शामिल हैं। सभी 199 विधानसभा सीटों के लिए नाम सुनिश्चित किए गए हैं। मसौदा सूची और अंतिम सूची के बीच 10,48,605 (2.08त्न) की शुद्ध वृद्धि हुई। पुरुष मतदाता 2,69,57,881 और महिला 2,45,61,486 हैं। समीक्षा अवधि में लिंगानुपात 909 से बढ़कर 911 हुआ। 18-19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या में 4,35,061 का इजाफा हुआ। अधिकारियों ने बताया कि नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है।

## मध्यप्रदेश के सात जिलों में बारिश का अलर्ट, राजस्थान में पारा 30 डिग्री के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के पहाड़ी और मैदानी राज्यों में मौसम में बदलाव हो रहा है। मध्य प्रदेश में फरवरी के महीने में चौथी बार बारिश का अलर्ट जारी हुआ है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ की सक्रिय की वजह से मौसम बदला है। मौसम विभाग ने मध्यप्रदेश के मंडला, डिंडौरी समेत सात जिलों में पानी गिरने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे में 15 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। राजस्थान में मौसम में दोबारा बदलाव आया है। सुबह-शाम की सर्दी कम हो गई है। शनिवार को 10 से ज्यादा शहरों का अधिकतम टेम्परेचर 30डिग्री सेल्सियस और उससे ज्यादा रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान में अगले 7 दिन बारिश की संभावना नहीं है, आसमान खुला रहेगा। इसके कारण तापमान में 2 से 3डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं जम्मू-कश्मीर में फरवरी का सबसे गर्म दिन 21 फरवरी को रहा। यहां दिन का तापमान 21डिग्री दर्ज किया गया। जो सामान्य से 10 डिग्री ज्यादा है। इससे पहले 24 फरवरी 2016 को 20.6 डिग्री रहा था।

उत्तराखंड के हिमालयी इलाकों में टेम्परेचर 0 डिग्री से नीचे है। मुनस्यारी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां टेम्परेचर माइनस 240डिग्री रहा। गंगोत्री में -22, बद्रीनाथ में -19, हेमकुंड साहिब में -18 और हर्षिल में -17डिग्री रहा। राज्य में कहीं भी बर्फबारी का अलर्ट नहीं है। 23-24 फरवरी को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई इलाकों में बर्फबारी की संभावना है।

# कांग्रेस से निष्कासित नवजोत कौर बनाएगी नई पार्टी, एक साल पति सिद्धू रहेंगे राजनीति से दूर

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस से निष्कासित पंजाब की डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने कहा है कि उनके पति नवजोत सिंह सिद्धू अगले एक साल तक सक्रिय राजनीति से दूर रहेंगे। सिद्धू 6 निजी कंपनियों के साथ करार कर चुके हैं, जिसके चलते वे किसी भी राजनीतिक गतिविधि में भाग नहीं लेंगे। नवजोत कौर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि यह फैसला पूरी तरह पेशेवर प्रतिबद्धताओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सिद्धू आगामी एक साल तक अपने नए प्रोजेक्ट्स और कार्पोरेट एंगेजमेंट्स पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इस घोषणा के बाद पंजाब की राजनीति में हलचल मच गई है। नवजोत कौर ने कहा कि वे जल्द ही अपनी नई राजनीतिक पार्टी का गठन करेंगी। पार्टी का आधिकारिक कार्यालय भी शीघ्र खोला जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पोस्ट में डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने कई कांग्रेसी नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि पंजाब की राजनीति में भ्रष्टाचार और अवसरवादी राजनीति ने जनता का भरोसा कमजोर किया है। उन्होंने दावा किया कि उनकी नई पार्टी आम लोगों की आवाज बनेगी और राज्य को भ्रष्टाचार और गलत राजनीतिक प्रथाओं से बचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। इस पूरे घटनाक्रम ने कांग्रेस के अंदर भी चर्चाओं को जन्म दे दिया है।




कांग्रेस से निष?कासित होने के बाद से नवजोत कौर लगातार पार्टी पर हमलावर हैं। एक दिन पहले ही उन्होंने पंजाब कांग्रेस के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने पोस्ट के जरिये राजा वड़िंग से पूछा था कि उन्होंने 100 एकड़ जमीन कैसे खरीदी? साथ ही राजस?थान से जुड़े पंजाब के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के साथ? मिलकर 2400 करोड़ रुपए का घोटाला करने का भी आरोप लगाया है। नवजोत कौर ने राजा वड़िंग को चेतावनी देते हुए कहा था कि अब वे कोर्ट में जवाब देने और जेल जाने के लिए तैयार रहें। वहीं नवजोत कौर के इन आरोपों पर वड़िंग ने कहा था कि जिन लोगों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होती, उनके बयानों पर रोज प्रतिक्रिया देना उचित नहीं।

## अगर 6.5 तीव्रता का भूकंप आया तो कानपुर, प्रयागराज में हो सकता है भारी नुकसान

**-आईआईटी कानपुर की रिसर्च से खुलासा, गंगा किनारे और निचले इलाकों में खतरा ज्यादा**

**कानपुर (एजेंसी)।** आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर निहार रंजन पात्रा की अगुवाई में की गई रिसर्च में कहा गया है कि अगर 6.5 या उससे ज्यादा तीव्रता का भूकंप कानपुर, प्रयागराज में आता है, तो इन शहरों में भारी नुकसान हो सकता है। खासकर गंगा किनारे और निचले इलाकों में खतरा ज्यादा है। रिसर्च के मुताबिक यहां की जमीन कई जगहों पर ढीली और रेतीली है। ऐसी मिट्टी भूकंप के दौरान ज्यादा हिलती है और झटकों का असर बढ़ा देती है। यही वजह है कि वैज्ञानिकों ने पहले से तैयारी करने पर जोर दिया है।




मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रोफेसर निहार रंजन पात्रा को साल 2008 में इस विषय पर रिसर्च के लिए प्रोजेक्ट मिला था। इसके बाद उनकी टीम ने कई साल तक कानपुर और आसपास के इलाकों में सर्वे किया। मिट्टी के नमूने जुटाए गए और उनकी गहराई से जांच की गई। अध्ययन में जमीन की अलग-अलग परतों और उनके व्यवहार को समझा। कंप्यूटर मॉडल की मदद से यह अनुमान लगाया गया कि अगर बड़ा भूकंप आता है तो किस इलाके में कितना असर पड़ सकता है। इस पूरी रिसर्च के बाद अब साफ संकेत मिल रहे हैं कि कुछ इलाके ज्यादा संवेदनशील हैं।

रिसर्च में सामने आया कि कई जगहों पर ÷लिक्विफैक्शन÷ का खतरा है। इसका मतलब यह है कि भूकंप के तेज झटकों के दौरान ठोस जमीन दलदल जैसी हो सकती है। ऐसी स्थिति में इमारतों की नींव कमजोर हो जाती है। बड़े-बड़े भवन झुक सकते हैं और पुराने मकान गिर सकते हैं। वैज्ञानिकों ने करीब 20 अलग-अलग जगहों से मिट्टी के सैंपल लिए। जांच में पाया गया कि गंगा किनारे के इलाके, पुराने मोहल्ले और ज्यादा आबादी वाले क्षेत्र ज्यादा जोखिम भरे हैं। अगर 6.5 या उससे ज्यादा तीव्रता का भूकंप आता है, तो सड़कें फट सकती हैं, जमीन में दरारें पड़ सकती हैं और कई इमारतों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

रिपोर्ट के बाद विशेषज्ञों ने साफ कहा है कि अब लापरवाही की गुंजाइश नहीं है। नई इमारतें बनाते समय भूकंपरोधी डिजाइन का सख्ती से पालन किया जाए। पुराने भवनों की जांच कर उन्हें मजबूत बनाया जाए। स्कूल, अस्पताल और सरकारी दफ्तरों को प्राथमिकता पर सुरक्षित किया जाए, साथ ही आम लोगों को भी जागरूक होना होगा। भूकंप आने पर क्या करना है और क्या नहीं, इसकी जानकारी हर घर तक पहुंचनी चाहिए। प्रशासन को भी आपदा प्रबंधन की तैयारियां मजबूत करनी होंगी, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत राहत और बचाव का काम शुरू हो सके।

## सपा को ऑफिस में चक्कर काटने और चेहरा चमकाने में लगे रहने वालों की जरुरत नहीं!

**-अखिलेश ने मिशन 2027 को लेकर बनाई गुप्त रणनीति, तैयार कर रहे नेताओं का लेखा-जोखा**

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में मिशन 2027 को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सभी राजनीतिक दल चुनाव में जीत हासिल करने के लिए रणनीति बनाने में जुटे हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गोपनीय तैयारी शुरू कर दी है, जिसके तहत एक खास लिस्ट तैयार की जा रही है, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं की गतिविधियों को लेखा-जोखा तैयार किया जाएगा। अखिलेश ने एक ऐसी लिस्ट बनाने के निर्देश दिए हैं जिनमें उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल करने को कहा गया है जो अक्सर पार्टी दफ्तर में घूमते या टहलते नजर आते हैं और अपना ज्यादातर समय सपा ऑफिस में चक्कर काटने या फिर केवल चेहरा चमकाने में लगे रहते हैं बजाय इसके वो जमीनी स्तर पर सपा को मजबूत करने का काम करें।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सपा ने ऐसे नेताओं का लेखा-जोखा बनाया है, जिसमें इन नेताओं की फोटो और फोन नंबर के साथ ये जानकारी भी दर्ज की गई है कि कौन सा कार्यकर्ता कितनी बार पार्टी के ऑफिस में आया, उसने कितनी बार हाथ मिलाया और वो जमीन स्तर पर किस तरह काम कर रहा है ताकि आगामी चुनाव में ऐसे नेता को ही टिकट मिल सके जो जमीन पर लोगों के बीच रहकर पार्टी को मजबूत कर रहा है।

इस रणनीति को गणेश परिक्रमा रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश साफ तौर पर इस डेटा के आधार पर फील्ड और ऑफिस के अंतर को देखना चाहते है ताकि चुनाव में किसी ऐसे नेता को टिकट ना मिले जो सिर्फ पार्टी के मुखिया के सामने चेहरा चमकाने के लिए ऑफिस में ही घूम रहे हैं। इस सूची के जरिए ऐसे नेताओं की छंटनी कर दी जाएगी तो अपना समय बेवजह के कामों में बिता रहे हैं, जिससे साफ है कि अखिलेश इस बार उम्मीदवारों के चयन को लेकर कोई लापरवाही बरतने के मूड में नहीं हैं। चुनाव में ऐसे उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जो सबका साथ से ज्यादा सबके काम और कमिटमेंट के साथ काम कर रहे हैं।


# 6 राज्यों में पूरा हुआ एसआईआर का काम, गुजरात में सबसे अधिक 68 लाख नाम काटे गए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत निर्वाचन आयोग ने देश के छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। शनिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूचियों में अभूतपूर्व बदलाव दर्ज किए गए हैं, जिसके तहत लाखों की संख्या में अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। आयोग की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया की शुचिता सुनिश्चित करना और फर्जी या दोहरे मतदान की संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त करना है। इस विशेष अभियान के बाद जारी आंकड़े बताते हैं कि मतदाता सूचियों से अपात्र नामों को हटाने के बाद कई राज्यों की कुल मतदाता संख्या में बड़ी कमी आई है।

पुनरीक्षण के इन आंकड़ों में सबसे चौंकाने वाली गिरावट गुजरात में देखी गई है, जहां निर्वाचन आयोग ने कुल 68,12,711 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए हैं। इस प्रक्रिया से पहले गुजरात में कुल मतदाताओं की संख्या 5,08,43,436 थी, जो अब घटकर 4,40,30,725 रह गई है। यह राज्य की कुल मतदाता संख्या में 13.40 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाता है। गुजरात के बाद मध्य प्रदेश में भी मतदाता सूची में बड़ी शुद्धि की गई है, जहां 34,25,078 नाम हटाए गए। इसके परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 5,74,06,143 से कम होकर अब 5,39,81,065 (-5.97 प्रतिशत) पर आ गई है। इसी तरह राजस्थान में 31,36,286 नाम काटे गए, जिससे वहां मतदाताओं की संख्या 5.46 करोड़ से घटकर 5.15 करोड़ रह गई है।

अन्य राज्यों की बात करें तो छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची 2,12,30,737 से घटकर 1,87,30,914 रह गई है, यहाँ कुल 24,99,823 नामों की कटौती हुई है। दक्षिण भारतीय राज्य केरल में सूची से 8,97,211 नाम हटाए गए हैं, जिसके बाद अब वहां कुल मतदाताओं की संख्या 2,69,53,644 है। गोवा में भी मतदाताओं की संख्या में 1,27,468 की गिरावट दर्ज की गई है। केंद्र शासित प्रदेशों में भी इसी तरह की सक्रियता देखी गई। पुडुचेरी में 77,367, अंडमान और निकोबार में 52,364 जबकि लक्षद्वीप में सबसे कम केवल 206 नामों में बदलाव हुआ है। चुनाव अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ये आंकड़े नेट चेंज को दर्शाते हैं, जिसमें हटाए गए अपात्र नामों में से नए जुड़े पात्र मतदाताओं की संख्या को घटाया गया है। नाम हटाने के प्राथमिक कारणों में मतदाता की मृत्यु, स्थायी स्थानांतरण, एक से अधिक स्थानों पर पंजीकरण और अन्य पात्रता संबंधी मुद्दे शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह अभ्यास 12 राज्यों में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। पहले चरण के सफल समापन के बाद अब सबकी नजरें उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु पर टिकी हैं। इन तीन बड़े राज्यों के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण का डेटा इस महीने के अंत तक जारी होने की संभावना है। आयोग ने इन राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को प्रारंभिक तैयारियां तेज करने के निर्देश दिए हैं। एसआईआर प्रक्रिया का अगला चरण अप्रैल में शुरू होगा, जो मतदाता सत्यापन के देशव्यापी अभियान को आगे बढ़ाएगा। फिलहाल राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, गोवा और अंडमान-निकोबार के लिए अंतिम मतदाता सूचियां आधिकारिक तौर पर प्रकाशित कर दी गई हैं, जो भविष्य के चुनावों के लिए आधार बनेंगी।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902